आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 22°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

निवेशकों से 14 करोड़ की ठगी करने वाला 'पियर्स' कंपनी का निदेशक...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 24 जनवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 104 / www.janexpresslive.com/epaper




विधानसभा से मनरेगा जारी रखने का... 12



## माघ मेले में वसंत पंचमी पर टूटा महाकुंभ का रिकॉर्ड

### 24 घाटों पर 3.56 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

माघ मेले में वसंत पंचमी पर स्नानार्थियों की संख्या ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। पुण्य स्नान के लिए प्रदेश ही नहीं, देश के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंचे। इससे पहले वसंत पंचमी के मौके पर महाकुंभ-2025 के दौरान सर्वाधिक 2.57 करोड़ लोगों ने स्नान किया था। वहीं, मेला प्रशासन का दावा है कि माघ मेले में वसंत पंचमी पर शाम छह बजे तक 3.56 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके थे। दूसरी ओर मेले के दौरान स्नान करने वालों की अब तक की संख्या ने कुंभ-2013 के दौरान आए श्रद्धालुओं की कुल संख्या को भी पीछे छोड़ दिया है। कुंभ-2013 में जितने लोगों ने स्नान किया था, उससे काफी ज्यादा लोग माघ मेले के 20 दिनों के दौरान ही संगम में डुबकी लगा चुके हैं। यह आंकड़े मेला प्रशासन के लिए भी ऐतिहासिक माने जा रहे हैं। वहीं, वसंत पंचमी पर गुनगुनी धूप के बीच आस्था का सागर नजर आया। कहीं गाजे-बाजे के साथ संतों का कारवां चलता दिखा तो कहीं भक्ति रस की धारा बहती रही।

#### उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

गुरुवार देर रात से ही हर-हर महादेव, जय श्रीराम और जय गंगा मैया के गगनभेदी जयघोष के साथ वसंत पंचमी का स्नान प्रारंभ हो गया। संगम की ओर जाने वाले सभी मार्ग श्रद्धालुओं से पटे रहे। कोई दंड-कमंडल लेकर, कोई सिर पर गठरी और झोला उठाए संगम की ओर बढ़ता नजर आया। संगम जाने वालीं सड़कों पर आस्था, उत्साह और उल्लास दिखा।

### मोदी की तमिलनाडु में स्पीच, 3 बड़ी बातें...

- **डीएमके सरकार पर:** डीएमके ने वादे बहुत किए लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग सीएमसी सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ये सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है।
- **कांग्रेस पर:** बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपए तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपए दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे।
- **तमिल संस्कृति पर:** हम सिर्फ तमिल संस्कृति की बात नहीं करते बल्कि उसकी रक्षा के लिए काम भी करते है। भगवान मुरुगन के दीप को लेकर विवाद खड़ा किया गया तो हमारे नेताओं ने आवाज उठाई। डीएमके और उनके साथियों ने वोट बैंक को खुश करने के लिए कोर्ट को भी बदनाम किया। डीएमके तमिलनाडु की संस्कृति की सबसे बड़ी दुश्मन है। तमिलनाडु का युवा अपनी संस्कृति को सेलिब्रेट कर सके इसलिए एनडीए सरकार हर तरह उनके साथ है।

# पीएम ने तमिलनाडु में फूंका चुनावी बिगुल

### तमिलनाडु में डीएमके सरकार का काउंटडाउन शुरू, ये बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगे हैं, केरल में पीएम ने कहा, यहां भाजपा की नींव पड़ गई




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। हमें तमिलनाडु को करप्शन फ्री स्टेट बनाना है। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। आज तमिलनाडु की सरकार का डेमोक्रेसी या अकाउंटिबिलिटी से लेना देना नहीं है। डीएमके सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। इनकी पार्टी में जो ज्यादा करप्शन करता है वो आगे बढ़ता है। इससे पहले दिन में मोदी केरल पहुंचे थे। उन्होंने तिरुवनंतपुरम में कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है।' तमिलनाडु और केरल में इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### केरल में मोदी क्या बोले, 4 पॉइंट्स

- **लेफ्ट और कांग्रेस सरकार पर:** तिरुवनंतपुरम के साथ दशकों से लेफ्ट ने बहुत अन्याय किया। यहां की जनता को बेसिक सुविधाओं से वंचित रखा गया। एलडीएफ, यूडीएफ के लोगों ने केरल को करप्शन और कुशासन की राजनीति में झोंक दिया है। एलडीएफ, यूडीएफ के झंडे अलग हैं, सिंबल अलग है लेकिन पॉलिटक्स और एजेंडा एक है। झंडा अलग लेकिन एजेंडा एक है। इनकी मिलिभगत को तोड़ना होगा। परिवर्तन लाना होगा।
- **केरल में भ्रष्टाचार पर:** तिरुवनंपुरम के साथ दशकों से लेफ्ट ने बहुत अन्याय किया। लेफ्ट और कांग्रेस ने करप्शन के चलते यहां की जनता को बेसिक सुविधाओं से वंचित रखा। अब ऐसा नहीं होगा। हमारी टीम ने विकसित केरल पर काम करना शुरु कर दिया है। मैं यहां की जनता से कहता हूं कि आप विश्वास रखिए जो अब तक नहीं बदला, वो अब बदलेगा।
- **केरल के विकास पर:** केरल को विकसित बनाने में हमारी युवा शक्ति की भूमिका है। कांग्रेस लेफ्ट ने युवाओं के साथ धोखा किया है। आज पूरी दुनिया आत्मनिर्भर भारत अभियान में अपने लिए अवसर देख रही है। इसलिए गल्फ हो, यूरोप हो, भारत समझौते कर रहा है। इसका लाभ केरल को मिल सकता है इसके लिए यहां बीजेपी की डबल इंजन सरकार होना बहुत जरूरी है। तिरंवनंतपुरम पूरे देश के लिए मॉडल सिटी बनेगा।
- **धर्म, सबरीमाला मंदिर पर:** मोदी ने कहा- भगवान अयप्पा के मंदिर में पूरे देश के लोगों की आस्था है। लेकिन एलडीएफ सरकार ने सबरीमाला मंदिर को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां सोने की चोरी की खबरें आ रही हैं। भगवान के पास से सोने की चोरी, यहां बीजेपी की सरकार बनते ही आरोपों की पूरी जांच होगी दोषियों की जगह जेल में होगी। ये मोदी की गारंटी है।

### पीएम बोले- कांग्रेस गठबंधन सरकार में वेलफेयर के नाम पर बस घोटाले

बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपए तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपए दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे। तमिलनाडु वो धरती है जिसने भारत की सभ्यता को समृद्ध किया है। टेम्पल औरटेक्नोलॉजी में तमिलनाडु ने हमेशा भारत का गौरव बढ़ाया है। आज भारत विकसित होने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है तब तमिलनाडु की बड़ी भूमिका है। तमिलनाडु को डीएमकी की जंजीरों से आजाद कराना होगा। तमिलनाडु जितनी तेजी से विकसित होगा देश भी उतनी तेजी से विकसित होगा। आपने डीएमके को दो बार बहुमत दिया लेकिन इन्होंने तमिलनाडु की जनता का भरोसा तोड़ा। डीएमके ने वादे बहुत किए लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग सीएमसी सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है।

## बड़ी कार्रवाई: दो दिनों में डेढ़ करोड़ के इनामी समेत 21 नक्सली मार गिराए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चाईबासा

झारखंड को नक्सलमुक्त करने के लक्ष्य के तहत केंद्र सरकार और राज्य पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में है। इसी क्रम में केंद्रीय सुरक्षा बलों और झारखंड पुलिस द्वारा चलाई जा रही व्यापक कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान चाईबासा के दुर्गम सारंडा जंगल में लगातार बड़ी सफलताएं दर्ज की जा रही हैं।



### शुक्रवार की मुठभेड़ में छह नक्सलियों की मौत

शुक्रवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में अब तक छह नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। इनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सघन तलाशी अभियान जारी है।

### अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद

मारे गए नक्सलियों के पास से सुरक्षाबलों ने अत्याधुनिक हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि इससे नक्सलियों की परिचालन क्षमता को गंभीर नुकसान पहुंचा है। इससे पहले गुरुवार को इसी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने डेढ़ करोड़ और एक करोड़ के इनामी नक्सलियों सहित कुल 15 नक्सलियों को मार गिराया था।

#### पतिराम मांझी की मौत को निर्णायक माना जा रहा

गुरुवार को मारे गए प्रमुख नक्सलियों में अनल उर्फ पतिराम मांझी शामिल है, जिस पर झारखंड में एक करोड़, उड़ीसा में एक करोड़ बीस लाख और एनआईए द्वारा 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। उसके साथ अनमोल उर्फ सुशांत, अमित मुंडा, पिंटू लोहरा, लालजीत उर्फ लालु, राजेश मुंडा, बुलबुल अलदा, बबिता, पूर्णिमा और सुरजमुनी जोंगा जैसे कई सक्रिय नक्सली भी मारे गए हैं, जिन पर दर्जनों संगीन मामले दर्ज थे।

#### सारंडा में हिंसक घटनाओं में अहम भूमिका

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार वर्ष 2022 से अब तक कोल्हान क्षेत्र के सारंडा जंगल में माओवादियों द्वारा किए गए विस्फोट और हिंसक घटनाओं में अनल उर्फ पतिराम मांझी की प्रमुख भूमिका रही है। उसके मारे जाने को नक्सल नेटवर्क के लिए निर्णायक झटका माना जा रहा है। सुरक्षाबलों का कहना है कि इस अभियान से माओवादी संगठन की कमर टूट चुकी है और आने वाले दिनों में क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलमुक्त करने के लिए ऑपरेशन और तेज किया जाएगा।

### दिल्ली हाईकोर्ट का सख्त रुख...आरोपी उबेदुल्लाह की जमानत रद्द, पुनर्विचार के निर्देश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने तुर्कमान गेट के पास फैज-ए-इलाही मस्जिद के निकट तोड़फोड़ अभियान के दौरान पथराव करने वाली भीड़ में शामिल होने के आरोपी उबेदुल्लाह की जमानत रद्द कर दी है। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने निचली अदालत के 20 जनवरी के जमानत आदेश को संक्षिप्त और बिना पर्याप्त कारणों वाला बताते हुए खारिज कर दिया और मामले को पुनर्विचार के लिए सत्र न्यायालय को वापस भेज दिया है। न्यायमूर्ति जालान ने अपने आदेश में कहा कि अदालत किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने में अत्यंत सतर्क रहती है, लेकिन यह एक विशेष परिस्थिति का मामला है, जहां जमानत बिना ठोस आधार के दी गई। निचली अदालत के आदेश में अभियोजन पक्ष के तर्कों पर पर्याप्त विचार नहीं किया गया और जमानत के फैसले के लिए प्रासंगिक कारकों का प्रारंभिक विश्लेषण भी अनुपस्थित था। हाईकोर्ट ने निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह आरोपी उबेदुल्लाह की जमानत याचिका पर 23 जनवरी को पुनर्विचार करे।

## यूपी पंचायत चुनाव की उल्टी गिनती शुरू

- सभी जिलों में करीब 60 करोड़ मतपत्र भेजे जाने हैं इसलिए प्रक्रिया अभी से शुरू कर दी गई है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। अब जिलों में मतपत्र पहुंचाए जाने लगे हैं। सभी जिलों में करीब 60 करोड़ मतपत्र भेजे जाने हैं। इसलिए प्रक्रिया अभी से शुरू कर दी गई है। निर्वाचन आयोग मतदाता पुनरीक्षण की पहली सूची जारी कर चुका है। उस पर आए दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है। 28 मार्च को आयोग अंतिम सूची जारी करेगा। इस बीच आयोग मतपत्रों को भेजना शुरू कर चुका है। चूंकि मतपत्र भेजने में काफी वक्त लगता है, इसलिए इसकी प्रक्रिया सबसे पहले शुरू की है। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग के गठन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश राज्य सरकार को देने के आग्रह वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को 4 फरवरी को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की पीआईएल पर दिया है। याची का कहना है कि कानूनन पंचायत चुनाव से पहले ओबीसी आयोग का गठन आवश्यक है। इससे सीटों के आरक्षण का मुद्दा जुड़ा है।

#### चुनाव समय पर होने की उम्मीद कम

हालांकि, अब तक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन नहीं हुआ है। इससे चुनाव समय पर होने की उम्मीद कम है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि वे अपनी तैयारी पूरी कर रहे हैं जैसे ही आयोग का गठन होगा और फिर तारीखों का एलान किया जाएगा।

### 15 जिलों में ओलावृष्टि की संभावना

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम ने एक बार फिर से करवट लिया है। शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के तराई, एनसीआर और उत्तराखंड से सटे जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की झोंकेदार हवाओं के साथ शामली, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर आदि में हल्की बूंदाबांदी हुई। सहारनपुर, मुजफ्फर नगर और शामली में हवाओं की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे तक दर्ज की गई। कई जिलों में दिन के अधिकतम तापमान में भारी गिरावट आई। मौसम विभाग का कहना है कि विक्षोभ के असर से शनिवार को पूर्वी यूपी और मध्यांचल में भी छिटपुट बूंदाबांदी के आसार हैं।

## उत्तराखंड में स्टार्टअप की धीमी गति पकड़ेगी रफ्तार, दो साल बाद फिनाले

जन एक्सप्रेस। देहरादून

प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूती देने की दिशा में अब नई रफ्तार मिलने की उम्मीद जगी है। राज्य सरकार की ओर से स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ रुपये के कार्पस फंड की व्यवस्था की गई है, लेकिन पिछले दो वर्षों से इसका अपेक्षित लाभ युवाओं तक नहीं पहुंच पा रहा था। कालेज स्तर पर स्टार्टअप बूट कैंप और उससे जुड़े फिनाले आयोजित न होने के कारण कई नवाचार आधारित विचार और होनहार युवा उद्यमी अवसर से वंचित रह गए। उद्योग विभाग की ओर से संचालित स्टार्टअप बूट कैंप प्रतियोगिता का फिनाले बीते दो वर्षों से नहीं हो सका, जिससे राज्य को लगभग 20 संभावनाशील युवा उद्यमी नहीं मिल पाए। नियमानुसार, फिनाले में चयनित 10 विजेताओं को मुख्यमंत्री की ओर से एक-एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसके साथ ही उन्हें राज्य स्टार्टअप पोर्टल पर पंजीकृत कर अपनी कंपनी स्थापित और संचालित करने के लिए सरकार की ओर से 10 लाख रुपये तक का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जाता है। फिनाले के अभाव में यह पूरी प्रक्रिया ठप रही और कई इनोवेशन आधारित स्टार्टअप प्रारंभिक चरण में ही रुक गए। अब स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। उद्योग विभाग के उपनिदेशक (स्टार्टअप प्रभारी) राजेंद्र कुमार ने बताया कि हाल ही में उन्हें इस दायित्व का प्रभार मिला है और जल्द ही लंबित स्टार्टअप बूट कैंप के फिनाले आयोजित किए जाएंगे। इससे न केवल रुकी हुई चयन प्रक्रिया पूरी होगी, बल्कि युवाओं में दोबारा उत्साह और भरोसा भी पैदा होगा।



#### 200 करोड़ रुपये का फंड

उत्तराखंड में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ रुपये का फंड है, लेकिन पिछले दो वर्षों से बूट कैंप फिनाले न होने से युवा उद्यमी अवसरों से वंचित रहे। अब उद्योग विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र कुमार ने लंबित फिनाले जल्द आयोजित करने की घोषणा की है। इससे चयन प्रक्रिया पूरी होगी और युवाओं में उत्साह बढ़ेगा। राज्य में 115 स्टार्टअप हैं और इसे 'लीडर' दर्जा भी मिला है।

### आइआइटी, आइआइएम से होती स्पर्धा

स्टार्टअप बूट कैंप में राज्य के सभी महाविद्यालय, स्ववित्तपोषित संस्थान, सभी विवि, आइआइटी रुड़की, आइआइएम काशीपुर, पालीटेक्निक, आइटीआइ, गाफिक एरा, यूपीईएस, आइएमएस यूनियन,डीआइटी, क्वांटम विवि समेत कई संस्थानों के हजारों छात्रों के बीच कई दौर की प्रतियोगिता होगी। अंत में दस सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप को मुख्यमंत्री सम्मानित करते हैं।




# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

ज्ञान, विद्या और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की आराधना का पावन पर्व बसंत पंचमी शुक्रवार को पूरे जिले में श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में पीले वस्त्र धारण कर श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प, अक्षत, वंदन एवं पीले पुष्प अर्पित कर विद्या, विवेक और सद्बुद्धि की कामना की।

बसंत पंचमी के अवसर पर वातावरण पूरी तरह बसंती रंग में रंगा नजर आया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती पूजा पंडालों में भजन-कीर्तन, वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं, जहां छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, कविता पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर हवन-पूजन, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो आलोक चैबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्या दायिनी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। आचार्य राजेन्द्र तिवारी ने हवन-पूजन के दौरान बसंत पंचमी पूजा के महत्व को साझा किया। पूजा के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो साधना चैरसिया द्वारा किया गया। इसी प्रकार जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माता सरस्वती की प्रतिमा व नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गयज्ञ। इस दौरान संयोजक डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय ने नेताजी की जीवनी एवं स्वतंत्रता में उनके विशेष योगदान की जानकारी दी। कुलपति शिशिर कुमार पाण्डेय ने नेताजी के उद्घोष ''जय हिंद'' तथा ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा'' के विशेष संदर्भ को समझाया। बी.ए. की छात्रा प्रीत यादव ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाया। विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों ने गीत, स्वरचित कविता एवं भाषण की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर कुलाधिपति के निजी सचिव रमापति मिश्रा, डॉ प्रतिमा कुमारी शुक्ला, डॉ श्रुति मिश्रा, डॉ गोपाल मिश्र, डॉ रवि शुक्ला, बजरंगी सिंह, दीपक मिश्र, देवदत्त निषाद, पीयूष कुमार द्विवेदी, शिवम, मनीष, पंकज, अखिलेश मिश्र, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे। विद्वानों एवं धर्माचार्यों ने बताया कि बसंत पंचमी भारतीय संस्कृति में ज्ञान, सृजन और नवचेतना का प्रतीक पर्व है। इसी दिन से ऋतु परिवर्तन की शुरुआत होती है और प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है। खेतों में सरसों की पीली फसल, पेड़ों पर नई कोपलें और चारों ओर खिला-खिला वातावरण बसंत के आगमन का संदेश देता है।

# व्यापारी के बेटे की अपहरण के बाद हत्या, एक अपहरणकर्ता मुठभेड़ में ढेर

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिले के बरगढ़ कस्बे में कपड़ा व्यापारी के बेटे को अगवा करने के बाद शातिरों ने 40 लाख रुपये की फिरौती मांगी तथा रकम न मिलने पर बच्चे की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को बाथरूम में दफन कर दिया। शव बरामद होने के बाद आक्रोशित व्यापारियों ने झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाईवे में जाम लगा दिया। पुलिस की तलाश के दौरान हुई मुठभेड़ में एक आरोपी को मार गिराया, जबकि दूसरा पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगढ़ बाजार निवासी कपड़ा व्यापारी अशोक केशरवानी का 13 वर्षीय पुत्र आयुष केशरवानी बीते गुरुवार की शाम कोचिंग पढ़ने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रात 8:45 बजे परिजनों को फोन आया और आरोपियों ने 40 लाख रुपये की फिरौती मांगी है। बेटे के अगवा होने की जानकारी परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने आयुष की तलाश में सीसीटीवी



फुटेज और अन्य सबूत खंगालने शुरू किए। जांच में पाया गया कि आयुष को कल्लू उर्फ साहवे ईमान निवासी कटरा चैराहा, कर्मा, थाना घूरपुर, जनपद प्रयागराज के साथ बाइक में बैठा देखा गया था। जिसके बाद पुलिस ने कल्लू के ठिकाने पर छापा मारा, जहां बाथरूम में आयुष का शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद कस्बे में तनावपूर्ण हालात बन गए। तलाश के दौरान शुक्रवार की सुबह परानूबाबा के जंगल में पुलिस की आरोपियों से मुठभेड़ हुई, जिसमें गोली लगने से आरोपी कल्लू की मौत हो गई, वहीं दूसरे आरोपी इरफान अंसारी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वारदात में शामिल एक अन्य शातिर अभी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। कल्लू और इरफान बरगढ़ कस्बे में बक्शा बेचने की दुकान चलाते थे। शुरुआत में उन्होंने कपड़ा कारोबारी अशोक केशरवानी के मकान में किराए पर दुकान ली थी। 25 हजार रुपये किराया न देने पर व्यापारी और उनके बीच विवाद हुआ। इसके बाद अशोक केशरवानी ने दुकान खाली करा ली थी। इसी विवाद के चलते योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया गया। इस सम्बन्ध में एएसपी सत्यपाल सिंह ने बताया कि कल्लू बाइक पर बैठाकर आयुष को अपने साथ ले गया था। आयुष को बाइक चलाने का शौक था, जिसे सिखाने के बहाने वह उसे ले गया।

# बुंदेलखण्ड की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने व सुरक्षित करने का काम रही है भाजपा सरकार

जन एक्सप्रेस। बांदा

बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरोहरों को योगी सरकार सजाने संवारने का काम कर रही है।और शहर के किनारे केन नदी के तट पर स्थित भूरागढ़ के किले में लगभग 10 करोड रुपए की लागत से रिवर फ्रंट,वाहन पार्किंग,छोटा चिड़ियाघर समेत पर्यटकों की जरूरी सुविधाओं के लिए निर्माण का काम किया जा रहा है।जहां पिछली सरकारों ने ऐतिहासिक धरोहरों की उपेक्षा की तो वहीं वर्तमान योगी सरकार इन ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने का काम कर रही है।भूरागढ़ के किले में रिवर फ्रंट समेत अन्य जो निर्माण के कार्य किया जा रहे हैं वह लगभग 50त्न पूरे कर लिए गए हैं।यह किला चंदेल कालीन है जो अपने में कई इतिहास समेटे हुए हैं और इन सब चीजों के निर्माण हो जाने के बाद यह किला पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण के रूप में उभर कर सामने आ जाएगा और पर्यटकों के लिए बुंदेलखंड का प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा।केन नदी के तट पर ऊँचाई



पर स्थित भूरागढ़ का किला पुनर्निर्माण के बाद नए रूप में लोगों के सामने आएगा।और यहां पर तेजी से सौंदर्यीकरण और इसके पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है।जिससे आने वाले समय मे यह ऐतिहासिक किला न सिर्फ ऐतिहासिक धरोहर के रूप में बल्कि यहां पर आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आएगा।उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विभाग के द्वारा किले में 4 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से जहां रिवर फ्रंट बनाने का कार्य किया जा रहा है।तो वहीं पार्किंग,शौचालय,लाइटिंग,छोटा चिड़ियाघर समेत अन्य पर्यटक सुविधाओं का कार्य 4 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है।यानी की कुल मिलाकर यहां पर जो काम कराए जा रहे हैं वह 9 करोड़ 34 लाख रुपए की लागत से करवाए जा रहे हैं।जिसमें सरकार की तरफ से 4 करोड़ 60 लाख रुपए पहली किस्त के रूप में जारी कर दिए गए थे और यहां का लगभग 50त्न का कार्य पूरा हो गया है। और उम्मीद है कि अप्रैल के महीने तक यहां के कार्य पूरे कर लिए जाएंगे।सन 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसके लिए भी अंग्रेजों के खिलाफ हुए युद्ध में लगभग 3000 क्रांतिकारी शहीद हुए थे। यहां पर अंग्रेजों ने सैकड़ो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को फांसी दी थी और आज भी कई शहीदों के यहां पर शहीद स्थल बने हुए हैं।इसीलिए इस किले को एक महत्वपूर्ण शहीद स्मारक के रूप में जाना जाता है।इसके अलावा यह किला एक प्रेम कहानी कभी गवाह है जहां राजा भूरा की बेटी और एक नटबली के बीच की कहानी भी लोक प्रसिद्ध है।अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि भूरागढ़ के किले में सौंदर्यीकरण व पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है।जिसके क्रम में यहां पर रिवर फ्रंट बनाया जा रहा है।जहां पर आकर्षक घाट बनाए जा रहे हैं और लाइटिंग लगाई जाएगी।जो किले के दृश्य को खूबसूरत बनाएगी।वही वाहन पार्किंग,शौचालय,छोटा चिड़िया घर समेत अन्य पर्यटकों के लिए जरूरी सुविधाएं यहां पर बनाई जा रही हैं।जिनके बन जाने के बाद केले के ऐतिहासिक महत्व और खूबसूरती को चार चांद लग जाएंगे।

# जनपद को नगर निगम बनाने के लिए आगे आयें समाजसेवी

जन एक्सप्रेस। बांदा

शुक्रवार को महर्षि बामदेव नगर निगम विकास योजना समिति के तत्वावधान में नेता जी सुभाष चन्द्रबोस की जयंती के मौके पर युवा दिवस पर संकल्प समिति का गठन विस्तार बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, पूर्व पालिकाध्यक्ष विनोद जैन,वरिष्ठ सभासद वीरेन्द्र सक्सेना, रामप्रसाद सोनी आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया।इस दौरान विनोद जैन ने कहा कि शहर के जनसंख्या लगातार बढ़ रही है।शहर सीमा से जुड़ा ग्रामीण हिस्से को नगर में शामिल कर विस्तार किया जाये।वहीं विशिष्ट अतिथि पीएन वर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान सभी जनपद को नगर निगम बनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर अनुराग तिवारी,राममिलन वर्मा,अर्जित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# हृदय की पवित्रता ही मन को बना देती है मंदिर- अमृत दास

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

धर्मनगरी स्थित अखिल भारतीय पंच रामानंदीय खाकी अखाड़ा तरौहां में श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन के अवसर पर कथा व्यास महंत अमृत दास ने कहा कि हृदय की पवित्रता ही मन को मंदिर बना देती है। जहां पर दिव्यता है, वहीं देव है, जहां भाव है, वहां भगवान है तथा जहां प्रेम है, वहां परमेश्वर है।

कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य के जीवन में सुख व दुःख दोनों आवश्यक है। जिनका हृदय पवित्र होता है, उन्हें ईश्वर को दूसरी जगह खोजने की जरूरत नहीं है। ईश्वर स्वयं उनको खोज लेता है। मनुष्य को संसार के पदार्थों को, धन-संपत्ति को और विषय को क्षणभंगुर, नासवान



और दुःख मान कर मन को उससे हटाना चाहिए। सब कुछ भगवान का समझ कर श्रद्धाभक्तिपूर्वक मन, वाणी और शरीर से सब प्रकार भगवान के शरण में होकर उनके स्वरूप का चिंतन करते हुए चिंताओं का परित्याग कर देना चाहिए। इस कलियुग में केवल भगवान के नाम का संकीर्तन करने से ही मनुष्य संसारिक बंधन से मुक्त होता है और सारी आसक्तियां छूट जाती है।

## बाल विवाह के जिम्मेदार को दो साल की सख्त सजा के साथ ही एक लाख का होगा जुर्माना

**हमीरपुर।** बाल विवाह के लिये, जितना जिम्मेदार उसे करने वाला है, उतना ही कराने और उकसाने वाला भी होता है। जिसके लिये, बाल विवाह के जिम्मेदार को,दो साल की सख्त सजा के साथ ही, एक लाख तक का जुर्माना भी हो सकता है। जिला जज मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार अवतार मेहेर बाबा हाईस्कूल में बाल मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह से होने वाले नुकसान के साथ ही उनके रोके जाने के इंतिज़ाम के साथ ही पाक्सो एक्ट के बारे में खास जानकारी दी गई। उनहोंने बताया कि बाल विवाह करने वाले के साथ ही कराने वाले जबकि बाल विवाह करने को उकसाने वाले व्यक्ति को 2 साल तक की सजा के साथ ही एक लाख तक का जुर्माना अदा करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के लिये, जितना जिम्मेदार है,शादी करने वाला है,उतना ही जिम्मेदार बाल विवाह कराने वाला इंसान, संस्था, पण्डित, मौलवी, पादरी के साथ ही दूसरा कोई भी जिम्मेदार इंसान शामिल है। इस मौके पर बाल विवाह रोके जाने के लिये नालसा की तरफ से चलाये जा रहे प्रोग्राम ''आशा'' के तहत जारी एस0ओ0पी0 के बारे में भी खासतौर से बात की गयी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है,जिसे दूर करने के लिये समाज के हर इंसान को आगे आना होगा, तभी हम एक सेहत मंद भारत के साथ ही भारत को उचाईयों की बुलंदियों पर ले जाने में कामयाब हो सकेंगे। इस मौके पर खासतौर से स्कूल के मैनेजर, टीचरों के साथ ही जिला विधिक सेवा आफिस क्लर्क मोहम्मद असलम सहित विधिक स्वयं सेवक छाया प्रजापति, नीरज विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# अलोना गांव में सांडों का कहर! खेत जा रहे किसान को किया घायल

जन एक्सप्रेस। बांदा

पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत अलोना गांव में बीती शाम 05¬30 बजे खेत की रखवाली करने जा रहे 32 वर्षीय किसान अनूप सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह जैसे ही अलोना गांव के मरवा हार के रास्ते पर पहुंचा वही पीछे से आए सांड़ ने समय करीब शाम 06¬30 बजे हमला कर दिया और रास्ते में ही पटक दिया जिससे किसान के नाक,हाथ,पैर में चोट आने के साथ-साथ मुंह से खून



निकलने लगा वही पास के खेतों में रखवाली कर रहे किसान बाबू कुटार,अमित,शिव शरण सिंह,पिंटू सिंह आदि लाठी डंडा लेकर सांड को खदेड़ा और परिजनों को सूचना दी वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने निजी साधन से जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां पर घायल किसान का इलाज जारी है।ग्राम प्रधान अलोना सुमित सविता ने बताया कि इसके पूर्व भी भोला प्रजापति और सत्य गोपाल प्रजापति के ऊपर सामने से सांड़ ने जांन लेवा हमला कर दिया था और दोनों घायल अवस्था में अस्पताल भर्ती कराया गया था जिस पर अभी भी सत्य गोपाल प्रजापति का इलाज चल रहा है।वन विभाग घटना से बना अंजानरू अलोना गांव में लगातार सांड़ से हमले के बाद किसान घायल हो रहे हैं और इन दिनों किसान खेतों की रखवाली सांडो़ के हमले के चलते रात्रि में रखवाली करना बंद कर दिया है ऐसे में किसानों के खेत सांड़ चट कर रहे हैं, ग्राम प्रधान अलोना सुमित सविता ने बताया कि अगर इस तरह से किसान आए दिन घायल होते रहे तो वह किसानों के साथ समस्या को निजात दिलाए जाने के लिए मुख्यालय जाकर जिलाधिकारी जे रीभा को ज्ञापन सौंपेंगे।

# संगीत प्रस्तुतियों ने आनंदेश्वरम् अकादमी के बच्चों ने रौशन किया चित्रकूट का नाम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संस्कृति उत्सव 2026 के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में जिला मुख्यालय की आनंदेश्वरम् संगीत अकादमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तहसील, जिला, मंडल एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद को गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से जिले में हर्ष और गर्व का माहौल है।

संस्कृति उत्सव के दौरान संगीत, शास्त्रीय गायन, वादन एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं में आयोजित प्रतियोगिताओं में अकादमी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, साधना और अनुशासन का परिचय देते हुए निर्णायक मंडल को प्रभावित किया।



आनंदेश्वरम् संगीत अकादमी के संस्थापक एवं संगीताचार्य विनय पांडेय ने बताया कि अकादमी के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न आयु वर्गों और श्रेणियों में संगती प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने तहसील, जिला, मंडल एवं राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, कला प्रेमियों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्कृति उत्सव 2026 के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा लोक कला, संगीत और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया, जिसमें चित्रकूट के विद्यार्थियों ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रदेश स्तर पर जिले का मान बढ़ाया।

# मदनपुर ने पैलानी को 7 विकेट से हराकर, कप पर किया कब्जा




जन एक्सप्रेस। बांदा

पैलानी तहसील अंतर्गत पैलानी कस्बे में आयोजित पैलानी प्रीमियर क्रिकेट लीग के फाइनल मैच में पहुंचे जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद हुआ भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी जिला बलबीर सिंह ने फीता कटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं एक गेंद खेलकर तथा आयोजन समिति को ?11000 देकर उत्साह वर्धन किया। वही पैलानी मदनपुर के कप्तान आशीष चौरसिया व जैनुल ने आगे आकर व पैलानी टीम के कप्तान आशीष चौरसिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओपनर बल्लेबाज प्रिंस ने 21 रन ,शमीम 16 रन जैनुल ने 18 तथा पुछल्ले बल्लेबाजों की मदद से 15 ओवर में आठ विकेट खोकर एक सौ तेरह रन बनाए। जवाब में उतरी मदनपुर के टीम में आलिम इलाही ने 15 रन , सलाहुद्दीन 27 रन व बिलाल ने अंतिम गेम में छक्का जड़ते हुए 38 रन बनाकर सात विकेट से मैच में जीत दर्ज कर लिया वही मैंन आफ द मैच बिलाल को दिया गया तथा रनर टीम के कप्तान आशीष चौरसिया को इक्कीस हजार रुपए व ट्रॉफी आयोजकों ने दिया। वही मदनपुर के विजेता टीम के कप्तान जैनुल को जिला पंचायत सदस्य पद चिल्ला के प्रत्याशी राज सिंह उर्फ शंभू सिंह ने आयोजन टीम को 5100 रुपए देने के बाद विजेता टीम को 41000 का चेक व ट्राफी सौंपी। इस दौरान डाक्टर संजय चौरसिया,महबूब अली, मेराजुल हक व आशीष गुप्ता आदि रहे।

## डीएम की सुनवाई के दौरान आईं 90 शिकायतें, ज्यादातर का हुआ मौके पर निस्तारण

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर आम लोगों की शिकायतों को सुनकर जिम्मेदार अधिकारियों को बेहतर तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही जन सुनवाई के दौरान अपनी फरियाद लेकर आए जरूरतमंदों को सर्दी के मद्देनजर कम्बल वितरित किए। इस दौरान करीब 90 शिकायते आईं। जिनमें ज्यादातर का जिलाधिकारी ने बेहतर तरीके से मौके पर निस्तारण कर दिया। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारी सहित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के जरिये से बैठक कर उनका बिना देर किये निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने? कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ सहित अधिकारी नियमित तौर से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए।

# डीएम के स्थानांतरण के बाद ठंडे बस्ते में चली गई मटदर की सड़क

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पाठा क्षेत्र मडैयन में स्थित मटदर के भैरम बाबा में रास्ता न बना होने से श्रद्धालु हलाकान होते हैं। सीएम के निर्देश पर तत्कालीन डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने रास्ते का मौका मुआयना किया था, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से समस्या निराकरण की मांग की है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मटदर के भैरम बाबा दर्जनों गाँव के लाखों भक्तों के लिए आस्था का बड़ा केंद्र हैं। यहां पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मटदर वन ब्लाक में वृक्षारोपण की शुरुआत की थी और यहीं कोदंड वन भी स्थापित किया था, उसी समय सीएम के निर्देश पर तत्कालीन डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने भैरम बाबा मंदिर तक पहुंचे और रास्ते का अवलोकन किया, लेकिन फिर उनके स्थानांतरण के साथ ही सड़क का मामला ठंडे बस्ते में चला गया। वर्ष पर्यंत यहां श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है, लेकिन भादौ महीने में मेला का आयोजन होता है। सेहरिन से लेकर मटदर तक तकरीबन तीन किमी. वन क्षेत्र में पगडंडी के सहारे श्रद्धालु भैरम बाबा के स्थान पर पहुंचते हैं। साथ ही रास्ते में एक पहाड़ी नाले को भी पार करना पड़ता है। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से गांव से मटदर के भैरम बाबा तक सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# श्री रामलला मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर आयोजित हुआ भव्य दीपोत्सव

जन एक्सप्रेस। बांदा

विश्व हिन्दू महासंघ के मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीराम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के तत्वाधान में केन आरती स्थल पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर श्रद्धालुओं ने अपनी खुशी भी जाहिर की।समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है क्योंकि आज ही श्रीरामलला मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ है इसीलिए आज भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस दौरान सैकड़ों की तदाद में दीपक प्रज्वलित किए गए और केन घाट को दीपों से प्रज्वलित कर जलाया गया साथ ही श्रीराम नाम के रूप में सजाकर दीपकों को रखा गया। इस दौरान भगवान श्रीराम की महाआरती का भी आयोजन किया गया साथ ही आतिशबाजी करते हुए श्रद्धालुओं ने अपनी खुशी जाहिर की। आगे महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि भगवान श्री राम का मंदिर 500 वर्षों के बाद निर्माण हुआ पूरे विश्व पूरे भारत में नहीं पूरे विश्व में इसकी खुशी बनाई गई थी सभी सनातन



प्रेमियों के लिए एक बहुत बड़ा त्यौहार के रूप में मनाया जाता है इसी दिन भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा अब मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई इस दौरान कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ दीपक शुक्ला जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला उपाध्यक्ष कृष्ण चंद्र प्रजापति नगर अध्यक्ष ऋषभ कुमार विश्वकर्मा आशु,दिनेश कुमार,रजनीश प्रजापति सहित तमाम श्रद्धालु एवं पदाधिकारी लोग मौजूद रहे।



**पहाड़ों ने ओढ़ी सफेद चादर...**

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। उत्तराखंड मसूरी, धनोल्टी, चकराता, औली, गंगोत्री टिहरी और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी हुई। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला... पढ़ें पेज 12 पर...

# योगी राज में संत भी असुरक्षित ?

## प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से व्यवहार पर उठे गंभीर सवाल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ/ प्रयागराज

जिस उत्तर प्रदेश को 'योगी की सरकार' में धर्म, सनातन और संतों के सम्मान का प्रतीक बताया जाता है, उसी प्रदेश में प्रयागराज माघ मेला जैसे तीर्थराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुआ व्यवहार सरकार और प्रशासन की कथनी-करनी के फर्क को उजागर करता है। सनातन धर्म की सर्वोच्च पीठों में से एक ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य के साथ जिस तरह का प्रशासनिक रवैया सामने आया, उसने न सिर्फ संत समाज को बल्कि आम श्रद्धालुओं को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या अब 'धर्म की बात' सिर्फ चुनावी मंचों तक सीमित रह गई है?

### सम्मान या संदेह की नजर?

सूत्रों के अनुसार प्रयागराज आगमन के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को न तो अपेक्षित



सम्मान मिला और न ही वैसा व्यवहार, जो किसी धार्मिक पीठाधीश्वर के साथ किया जाना चाहिए। प्रशासन का रवैया ऐसा रहा मानो कोई अपराधी या अवांछित व्यक्ति शहर में प्रवेश कर रहा हो। यह सवाल उठना लाज़मी है कि क्या अब संतों की पहचान भी प्रशासन की 'अनुमति' पर निर्भर करेगी? क्या सनातन की बात करने वाले

### योगी मॉडल पर ही सवाल

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं एक संत हैं। उनकी छवि 'मठ-मंदिर और सनातन के रक्षक' की बनाई गई है।
- लेकिन प्रयागराज की यह घटना उसी छवि पर सीधा प्रश्नचिह्न लगाती है।
- यदि शंकराचार्य जैसे धर्मगुरु सुरक्षित और सम्मानित नहीं हैं, तो फिर आम संत, साधु और श्रद्धालु किस भरोसे पर हैं?

संत भी सत्ता को असहज लगने लगे हैं?

### जब सवाल पूछना अपराध बन जाए

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अपने स्पष्ट और निर्भीक विचारों के लिए जाने जाते हैं- चाहे वह गौहत्या का मुद्दा हो, धर्मांतरण हो या सरकार की नीतियों पर सवाल। ऐसे में यह आशंका और गहरी हो जाती है कि कहीं यह व्यवहार उनकी बेबाक आवाज़ का परिणाम तो नहीं? यदि कोई

### खामोशी भी एक जवाब

इस पूरे प्रकरण पर न तो शासन की ओर से कोई स्पष्ट बयान आया और न ही प्रशासन ने सार्वजनिक रूप से सफाई देने की ज़रूरत समझी। यह खामोशी खुद में बहुत कुछ कहती है।

### सनातन बनाम सत्ता?

- आज सवाल सिर्फ एक संत के अपमान का नहीं है, सवाल उस सोच का है जहाँ
- धर्म सत्ता के अनुकूल हो तो सम्मानित
- और सवाल पूछे तो असुविधाजनक
- यदि यही स्थिति रही, तो 'धर्म की राजनीति' और 'धर्म का सम्मान'- दोनों के बीच का फर्क जनता बहुत जल्द समझ जाएगी।

संत सरकार से सवाल करे, तो क्या उसका स्वागत सम्मान से नहीं बल्कि संदेह और शक्ति प्रदर्शन से किया जाएगा?

## तकनीक के सहारे भरोसे की पुलिसिंग
# गुमशुदा मोबाइल भी सुरक्षित

- सीइआईआर सिस्टम से आलमबाग पुलिस ने 22 हजार का स्मार्टफोन खोज निकाला

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मोबाइल गुम होने की चिंता अब बीते दिनों की बात होती जा रही है। लखनऊ पुलिस ने तकनीक के सशक्त इस्तेमाल से एक बार फिर आम नागरिक का भरोसा कायम किया है। थाना आलमबाग पुलिस ने सीइआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल की मदद से करीब 22 हजार रुपये कीमत का गुमशुदा स्मार्टफोन ट्रेस कर उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया। जोन मध्य के थाना आलमबाग क्षेत्र में दर्ज शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सहायक पुलिस आयुक्त कैंट अभय प्रताप मल्ल के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने डिजिटल ट्रैकिंग, आईएमइआई आधारित तकनीकी विश्लेषण के




माध्यम से मोबाइल की लोकेशन चिन्हित की और सफलतापूर्वक बरामदगी की। बरामद मोबाइल Infini& Note 40 Pro है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 22,000 बताई जा रही है। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस की तत्परता और आधुनिक कार्यशैली की सराहना की।

### साफ संदेश

तकनीक + सक्रिय पुलिस = जनता को राहत लखनऊ पुलिस ने एक बार फिर साबित किया है कि जागरूक नागरिक और सजग पुलिस मिलकर हर समस्या का समाधान निकाल सकते हैं।

### सीइआईआर तकनीक से मिली सफलता

- डिजिटल ट्रैकिंग से हुई सटीक बरामदगी
- आम नागरिक को राहत, पुलिस पर भरोसा मजबूत

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

- उपनिरीक्षक पंकज कुमार
- कंप्यूटर ऑपरेटर आदित्य रेजा
- कांस्टेबल सुदेश यादव

### लखनऊ पुलिस की अपील

- मोबाइल गुम होने पर घबराएं नहीं
- तुरंत यूपीकॉप पोर्टल पर लास्ट आर्टिकल दर्ज करें
- सिम कार्ड ब्लॉक कर नया सिम लें
- सीइआईआर पोर्टल पर ब्लाक लास्ट/ में शिकायत करें
- शिकायत आईडी सुरक्षित रखें

## निवेशकों से 14 करोड़ की ठगी करने वाला 'पियर्स' कंपनी का निदेशक पकड़ा गया, ईओडब्ल्यू ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

रकम दो से तीन गुना करने का झांसा देकर करीब 14 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले जालसाज को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने सैकड़ों ग्राहकों को झांसा देकर ठगी को अंजाम दे चुका है। पियर्स एलायड कॉरपोरेशन लिमि. को दिल्ली व हरियाणा में रजिस्टर कराई गई। कंपनी के सीएमडी दुर्गा प्रसाद दुबे, निदेशकों व कर्मचारियों ने कंपनी के बैंकिंग कार्य के लिए आरबीआइ के तहत एनबीएफसी के रूप में पंजीकरण नहीं कराया। इसके बावजूद कई जिलों में कंपनी के कार्यालय खोले और सैकड़ों ग्राहकों को जोड़ा। लोगों को झांसा दिया गया कि कंपनी निवेश की गई रकम का दो से तीन गुना वापस कर लौटाएगी। इसी तरह से करीब 14 करोड़ रुपये निवेश करवाकर कंपनी ने सभी दफ्तर बंद कर दिए थे। मामले में आलमबाग थाने में केस दर्ज कराया गया था। शासन के आदेश पर केस की विवेचना ईओडब्ल्यू ट्रांसफर हो गई थी। ईओडब्ल्यू की टीम ने कानपुर के रहने वाले शैलेश कुमार उपाध्याय को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी मूलरूप से गोरखपुर का निवासी है और वह कंपनी में निदेशक के पद पर काम करता था। तफ्तीश में सामने आया कि आरोपी लोगों को फर्जी रसीद आदि देते थे। उनका मकसद सिर्फ रकम का गबन करना था। ईओडब्ल्यू के मुताबिक मामले में आठ आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

## उर्वरक आपूर्ति में लापरवाही पर दर्ज होगी एफआईआर: शाही

- यूरिया, डीएपी और एनपीके का पर्याप्त स्टॉक मौजूद, किसानों को नहीं होगी असुविधा
- कृषि मंत्री ने की प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की समीक्षा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में विधान सभा स्थित समिति कक्ष संख्या-80 में प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता और सुचारू आपूर्ति के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न उर्वरक उत्पादक संस्थाओं जैसे इफको, कृभको, चम्बल और एनएफएल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि रबी सीजन 2025-26 के लिए किसानों को उनकी पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है और इसके लिए भारत सरकार के निरंतर संपर्क में है। कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन उर्वरक कंपनियों ने जनवरी 2026 के लिए निर्धारित प्रोराटा लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत आपूर्ति नहीं की है, उनके विरुद्ध तत्काल विधिक कार्यवाही करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। प्रदेश में वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 12 से 13 यूरिया रैक प्राप्त हो रही हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनी हुई है। आंकड़ों के अनुसार, 1 अक्टूबर 2025 से 1.02 करोड़ किसानों ने पीओएस मशीनों के माध्यम से पारदर्शिता के साथ 50.93 लाख मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त किया है।प्रदेश में वर्तमान उर्वरक स्थिति अत्यंत संतोषजनक है, जहाँ 7.23 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 4.35 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 3.69 लाख मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। सहकारिता के क्षेत्र में 2.07 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 1.79 लाख मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक है, जबकि निजी बिक्री केंद्रों पर 5.16 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 2.56 लाख मीट्रिक टन डीएपी किसानों के लिए उपलब्ध है। वर्तमान में प्रतिदिन किसान औसतन 33,800 मीट्रिक टन यूरिया और 2,528 मीट्रिक टन डीएपी का क्रय कर रहे हैं, जिसके सापेक्ष आपूर्ति की स्थिति निरंतर मजबूत बनी हुई है।मण्डलवार समीक्षा में यह पाया गया कि बरेली, मुरादाबाद, वाराणसी और गोरखपुर जैसे क्षेत्रों में यूरिया और डीएपी की भारी उपलब्धता है।

## 'जो गली संकरी करते, घर तक नही पहुंचती उन्ही की गाड़ी'

- सबसे खास बात, सड़क पर या सार्वजनिक नाली पर जो लोग अतिक्रमण करते हैं, उन्हें खुद समस्या होती है

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अतिक्रमण गम्भीर सामाजिक समस्या है, निदान नागरिकों को ही निकालना होगा। प्रशासन समस्या का समाधान निकाल सकता है लेकिन पुनरावृत्ति की आदत तो हमें ही बदलनी है। 'बदल डालो ये आदत बुरी है'।सड़क के किनारे हो या नगर की गलियों में,सार्वजनिक पार्क में हो या तालाब और पोखर में अतिक्रमण हो जनजीवन के लिए परेशानी का सबब बनता है। नागरिकों, राहगीरों खातिर मुसीबत बन जाता है। सबसे खास बात, सड़क पर या सार्वजनिक नाली पर जो लोग अतिक्रमण करते हैं,उन्हें खुद समस्या होती है। लोग जानते भी हैं लेकिन अनजान बनते हैं।न अपनों के लिये समस्या पैदा हो न दूसरे लोगों को परेशान होना पड़े। गली संकरी जो लोग करते हैं, बाद उनकी ही गाड़ी घर के दरवाजे तक नही पहुंच पाती है।लेकिन तब पछताये क्या होगा,जब चिड़िया चुग चुकी हों खेत। बाराबंकी जनपद की तहसील राम सनेही घाट की नवगठित नगर पंचायत राम सनेही घाट आसपास के गांवों को मिलाकर बनी है।जाहिर है विकास की जरूरत ज्यादा है। तहसील के एसडीएम अनुराग सिंह का मानना है कि लोग जब तक विकास के लिए खुद जागरूक नहीं होंगे, नतीजे उत्कृष्ट नही आ सकते हैं। अतिक्रमण करने के बजाय अतिक्रमण हटाने की ललक पैदा होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रामसनेहीघाट संतोष चौधरी के सुरविजन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, लोगों ने एप्रिशिएट किया।दिलोंना बाईपास से लेकर नारायणपुर मोड़ तक अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह से हटवा दिया गया। अवैध निर्माण हटवाने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अवैध अतिक्रमण को हटाने में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी व नगर पंचायत रामसनेहीघाट लिपिक मनीष श्रीवास्तव सहित कर्मचारियों ने टीम बनाकर अभियान चलाया।

# इटौंजा डीपीएस विद्यालय में बसंत पंचमी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के इटौंजा स्थित डी,पी,एस एकेडमी इटौंजा मेला मैदान लखनऊ बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यालय का 12वां स्थापना दिवस व भारत माता के सच्चे सपूत 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' महाघोष के प्रणेता,'नेताजी' सुभाष चंद्र बोस की जयंती बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई, खुशी के इस मौके पर विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह व विद्यालय की प्रिंसिपल 'मीता चक्रवती 'द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना के साथ प्रसाद वितरित किया गया। डीपीएस एकेडमी



विद्यालय की स्थापना बसंत पंचमी के पावन दिवस को 'सैल सिंह जी' के कर कमलों द्वारा की गई थी। पूरे क्षेत्र में शिक्षा की मूलभूत आवश्यकताओं कों अपने दम पर जन जन तक पहुंचाना विद्यालय के मैनेजमेंट का ब्रत और तपस्या थी। विद्यालय के चैयरमैन लाल महेंद्र प्रताप सिंह' के अथक परिश्रम से विद्यालय भवन का निर्माण कराया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल 'मीता चक्रवर्ती व विद्यालय के सभी अध्यापक9अध्यापिकाओं ने कई सामाजिक कुरीतियों को दूर कर बच्चों में शिक्षा,संस्कृत,संस्कार के साथ साथ बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं9कलाओं में उन्हें और अधिक ज्यादा निपुण और योग्य बनाया है। विद्यालय की स्थापना दिवस पर कई बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा कर अपने जीवन की प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश भी लिया। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों व उनके अभिभावकों को पुष्प गुच्छ भेंट कर बहुत बहुत बधाई एवं सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

# विद्यारम्भ संस्कार एवं तहरी भोज के साथ नवीन शैक्षिक सत्र 2026–27 का भव्य शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

रामा कॉन्वेंट इंटर कॉलेज, हनुमंतपुर, इटौंजा, बीकेटी, लखनऊ में नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर विद्यारम्भ संस्कार, हवन-पूजन एवं तहरी भोज का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माँ सरस्वती के पावन आशीर्वाद के साथ विद्यार्थियों के शैक्षिक जीवन की मंगलमय एवं संस्कारित शुरुआत के उद्देश्य से संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधक शिव चौहान द्वारा जानकारी दी गई कि नए शैक्षिक सत्र में 51 नए विद्यार्थियों का प्रवेश किया गया है। इस विशेष अवसर पर सभी 51 नवप्रवेशित विद्यार्थियों के अभिभावकों को



आमंत्रित कर तहरी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः विधिवत हवन-पूजन कराया गया, जिसमें विद्यालय के लगभग 860 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। सभी विद्यार्थियों ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की तथा प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय प्रबंधक श्री शिव चौहान ने इस अवसर पर कहा कि विद्यारम्भ संस्कार केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन में अनुशासन, संस्कार और सकारात्मक सोच की नींव रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त, जिम्मेदार और राष्ट्रनिर्माता नागरिक बनाना है। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। साथ ही, विद्यालय परिवार के साथ सामूहिक भोज एवं संवाद से उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति और अधिक विश्वास प्राप्त हुआ है। यह आयोजन न केवल नए सत्र की शुभ शुरुआत का प्रतीक बना, बल्कि विद्यालय, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावकों के बीच एक सशक्त शैक्षिक परिवार की भावना को भी सुदृढ़ करने में सफल रहा।

# सीएम युवा योजना में जौनपुर अव्वल, योगी करेंगे सम्मानित

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सीएम युवा योजना का लाभ शत-प्रतिशत देने में पिछले कई माह से पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर प्रथम स्थान पर है, जबकि 22 जनवरी तक दूसरे स्थान पर आजमगढ़ और तीसरे स्थान पर हरदोई रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी दिवस के अवसर पर सीएम युवा योजना का सबसे अधिक लाभ देने वाले जौनपुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में कदम उठा रही है। प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए योजनाएं संचालित हो रही है। योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सीएम युवा योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक प्रदेश भर में करीब साढ़े तीन लाख आवेदन आ चुके हैं, जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में डेढ़ लाख लोन वितरण का लक्ष्य रखा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक पूरे प्रदेश से 3,34,337 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं, 2,81,277 आवेदनों को बैंकों को फॉरवर्ड कर दिया गया है। 1,06,772 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है, जबकि 1,03,353 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री युवा योजना का शत प्रतिशत लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,500 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 8,240 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 7,033 आवेदनों को बैंकों को भेजा गया। इनमें से 3,315 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। ऐसे में लक्ष्य के सापेक्ष लोन वितरण का अनुपात 132 प्रतिशत से अधिक है। पूरे प्रदेश में जौनपुर ने लक्ष्य से अधिक युवाओं को योजना का लाभ देकर पहला स्थान प्राप्त किया है। सीएम योगी यूपी दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जौनपुर जिले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। आजमगढ़ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में योजना का लाभ देने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। योजना का लाभ देने में अप्रैल 2025 से पहले जिला 25वें स्थान पर था। अप्रैल के बाद योजना का लाभ हर जरूरतमंद युवा को देने के लिए लगातार ब्लॉक स्तर पर वर्कशाप आयोजित की जा रही हैं। आजमगढ़ योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में लगातार दूसरे स्थान पर बना हुआ है। हरदोई जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि विशेष अभियान चला कर मुख्यमंत्री युवा योजना का लाभ दिया जा रहा है। यही वजह है कि पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में हरदोई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अंबेडकरनगर ने चौथा और झांसी ने प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

## अनुकम्पा नियुक्ति: 12 आश्रितों को मिली सरकारी सेवा

- प्रभावित परिवारों की सामाजिक सुरक्षा की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध: बेबी रानी
- बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्या ने 12 मृतक सरकारी कर्मचारी के आश्रितों को अनुकम्पा आधार पर सरकारी सेवा में योजित करते हुए आज अपने सरकारी आवास पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये।यूपी सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1974 समय-समय पर यथासंशोधित 2025 के अनुसार इस तरह का अनुकम्पा नियुक्ति पत्र कैबिनेट मंत्री द्वारा प्रदान किया जाता रहा है। वर्ष 2025 में मंत्री द्वारा 40 मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है।आज जिन 12 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया उनमे दीपांशी श्रीवास्तव की माताजी जनपद बस्ती में मुख्य सेविका के पद पर कार्यरत थीं। दीपांशी को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। ज्योर्तिमय सक्सेना के पिताजी पीलीभीत में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत थे। श्री ज्योर्तिमय को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कुमार राहुल के पिताजी बरेली में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत थे। कुमार राहुल को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । सुजीत कुमार के पिताजी सिद्धार्थनगर में



वाहन चालक के पद पर कार्यरत थे। सुजीत को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। दीपक कुमार के पिताजी बलिया में वाहन चालक के पद पर कार्यर थे। दीपक को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। विशाल साहू के पिताजी लखनऊ में वाहन चालक के पद पर कार्यरत थे। विशाल को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कौशलेन्द्र गौतम के पिताजी बिजनौर में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत थे। कौशलेन्द्र को चतुर्थ श्रेणी के पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। अनुराग कुमार के पिताजी अम्बेडकरनगर में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत थे। अनुराग को चतुर्थ श्रेणी के पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। पंकज कुमार के पिताजी अम्बेडकरनगर में सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। पंकज को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। राहुल कुमार शर्मा के पिताजी जौनपुर में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत थे। राहुल की चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। आलोक कुमार खरवार के पिताजी चन्दौली में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत थे। आलोक को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मिथिलेश कुमार गौतम के पिताजी सिद्धार्थनगर में वाहन चालक के पद पर कार्यरत थे। मिथिलेश को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कनिष्ठ सहायक के पद पर 9 एवं चतुर्थ श्रेणी के पर 3 आश्रितों को कैबिनेट मंत्री के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान किये जाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा मुख्य सेविका पद पर चयनित 2425 महिलाओं को माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। आयोग द्वारा नयी और 78 मुख्य सेविका तथा विभाग के लिए 597 नये कनिष्ठ सहायकों का चयन किया गया है। इन चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री के द्वारा शीघ्र ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

## आवासीय सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की पहल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा स्वच्छ ऊर्जा ग्रीन एनर्जी और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। औरैया ने आवासीय सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण व दूरदर्शी कदम उठाते हुए प्रदेश के लिए मॉडल प्रस्तुत किया है। औरैया में रणनीतिक निर्णय के तहत अब नए बनने वाले आवासीय भवनों के नक्शे पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया गया है। नगर पालिकाएं, नगर निगम एवं नगर पंचायतें अपनी बोर्ड बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नीतिगत निर्णय लेकर शहरी एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों के स्तर पर आवासीय सौर ऊर्जा का प्रयोग बढ़ाने के प्रयास करना चाहिए।

## कृषि मंत्री की अध्यक्षता में हुई मूल्य परामर्शदात्री समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में विधानभवन स्थित कक्ष संख्या 80 में खरीफ 2026-27 की मुख्य फसलों के मूल्यों की संस्तुति हेतु महत्वपूर्ण मूल्य परामर्शदात्री बैठक की गई। बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर तथा खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा की विशिष्ट उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी खरीफ सीजन के लिए किसानों के हित में विभिन्न फसलों के उचित मूल्यों का निर्धारण कर केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करना था।बैठक के दौरान खरीफ सीजन की कुल 10 प्रमुख फसलों के मूल्यों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इसमें धान ग्रेड-ए, धान सामान्य, ज्वार, मक्का, उड़द, अरहर, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन और तिल शामिल हैं। कृषि मंत्री ने इन फसलों के लिए प्रस्तावित मूल्यों की संस्तुति भारत सरकार को भेजने के निर्देश दिए ताकि समय रहते किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके।इस अवसर पर प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, प्रमुख सचिव सहकारिता अजय कुमार शुक्ला और सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह शामिल थे। निदेशक कृषि पंकज त्रिपाठी, निदेशक सांख्यिकी सुमिता सिंह सहित अधिकारियों ने भी बैठक में प्रतिभाग किया।

# पढ़ेंगे और अब बढ़ेंगे अमेठी के बच्चे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



योगी सरकार की महत्वाकांक्षी शिक्षा पहल के अंतर्गत जनपद में मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है।गौरीगंज विकास खण्ड के धनीजलालपुर गांव में लगभग 1.33 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे,इस आधुनिक विद्यालय का निर्माण शिक्षा विभाग द्वारा कराया जा रहा है।अब तक विद्यालय का लगभग 60 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय में प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान की जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भर के परिषदीय विद्यालयों को उच्चीकृत कर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। उसी क्रम में जिले के धनीजलालपुर गांव को यह महत्वपूर्ण शैक्षिक सौगात मिल रही है।निर्माण कार्य कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज, जल निगम यूनिट-29 लखनऊ के माध्यम से कराया जा रहा है। विद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।इसमें 5 कक्षों से युक्त एकीकृत भवन,पुस्तकालय,विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब,स्मार्ट क्लासरूम,स्टाफ रूम, बालक-बालिका एवं दिव्यांग शौचालय,डाइनिंग शेड,मल्टीपल ड्रिंकिंग वाटर यूनिट हैंडवॉशिंग यूनिट,गार्ड रूम,ओपन जिम,बैडमिंटन कोर्ट, मिड डे मील से किचन गार्डन तथा खेलकूद का मैदान शामिल है।साथ ही कक्षाओं में बेहतर फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था एवं वेंटिलेशन की सुविधा भी सुनिश्चित की जा रही है।विद्यालय के निर्माण को लेकर बच्चों,अभिभावकों एवं शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है,उनका मानना है कि इस विद्यालय के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शहरों जैसी शिक्षा सुविधाएं मिलेंगी।एवं ड्रॉप आउट दर में भी कमी आएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि विद्यालय के पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों के लिए शिक्षा का नया केंद्र बनेगा। जिससे अमेठी के शिक्षा पर दृश्य में सकारात्मक और गतिशील बदलाव आएगा।वहीं कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप ने बताया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा।यह विद्यालय अमेठी के शिक्षा परिदृश्य में एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली द्वारा संचालित

दैनिक निशुल्क योग शिविर आज 23 जनवरी 2026, शुक्रवार को बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर संपन्न हुआ। प्रातः 6-30 से 7-30 बजे तक योग शिविर का आयोजन हुआ। योगाभ्यास अनुज शर्मा, सोनम गुप्ता एवं राज अग्रहरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष सामूहिक रूप से वंदना एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। शिविर में सबसे छोटे बालक प्रकाश का जन्मोत्सव भी सादगीपूर्वक मनाया गया। आज का विशेष एवं प्रेरणादायक प्रसंग योग शिविर में निरंतर सहयोग करने वाले आदरणीय राकेश यादव जी द्वारा बालक प्रकाश को आवागमन की सुविधा हेतु एक साइकिल भेंट की गई। यह सेवा कार्य मिशन की भावना को सशक्त करता है और प्रकाश के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। आदरणीय राकेश यादव जी का हार्दिक अभिनंदन एवं साधुवाद।

# ग्राम पंचायत सैम्बसी में साप्ताहिक ग्राम चौपाल आयोजित जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**




तहसील तिलोई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सैम्बसी-49 में शुक्रवार को साप्ताहिक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं।तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।आवास,पेंशन,राशन,स्वास्थ्य शिक्षा,स्वच्छता,सड़क,बिजली एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को ग्रामीणों ने प्रमुखता से उठाया।अधिकारियों ने समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन देते हुए संबंधित मामलों को मौके पर ही दर्ज किया।ग्रामचौपाल में यह भी बताया गया कि पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज समय से पूर्ण करें,ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।साथ ही ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और जागरूकता फैलाने की अपील की गई।ग्रामीणों ने चौपाल आयोजन को उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से गांव और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है,जिससे समस्याओं का समाधान तेजी से संभव हो पाता है।साप्ताहिक ग्राम चौपाल के सफल आयोजन से ग्रामीणों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

# अहोरवा भवानी से राजा फतेहपुर तक नहर पटरी को पक्की सड़क बनाने की मांग तेज

**जन एक्सप्रेस । सिंहपुर,अमेठी**



सिद्ध पीठ देवी अहोरवा भवानी चौराहे से राजा फतेहपुर तक नहर की सर्विस पटरी को पक्की सड़क में बदलने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग पिछले चार दशकों से जर्जर हालत में है,जिससे क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जब कच्चा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाता है।ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 1982 के आसपास तत्कालीन सांसद राजीव गांधी और राज्यसभा सांसद राजा बहादुर मोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान इस मार्ग का विशेष महत्व था।बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ ब्रांच से निकली नहर की सर्विस पटरी पर हैदरगढ़ से तिलोई तक लगभग 42 किलोमीटर का खंड एक साथ विकसित किया गया था।अहोरवा भवानी से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित नहर कोठी कभी गांधी परिवार का प्रमुख गेस्ट हाउस हुआ करती थी, जहां क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता था।हालांकि समय के साथ नहर कोठी और यह मार्ग दोनों ही उपेक्षा के शिकार हो गए। बीते चार दशकों में जिम्मेदार विभागों द्वारा हैदरगढ़ से तिलोई क्षेत्र की सीमा तक कई स्थानों पर टुकड़ों में पक्की सड़क का निर्माण कराया गया, लेकिन अहोरवा भवानी चौराहे से इस्लामगंज होते हुए राजा फतेहपुर तक का हिस्सा आज भी बदहाल है। इस मार्ग की जर्जर स्थिति के कारण किसानों,विद्यार्थियों और मरीजों को आवागमन में कठिनाई होती है।स्थानीय ग्रामीणों ने चार किलोमीटर लंबे इस अत्यंत खराब खंड पर शीघ्र पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी वर्षों पुरानी मांग पर संज्ञान लेकर जल्द ठोस कदम उठाएगा।

## नेता सुभाष चंद्र बोस के विचार सदैव प्रेरणादायी- इ.वीरेंद्र यादव

रायबरेली समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार महान देशभक्तदेश की स्वतंत्रता के नायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिला अध्यक्ष इ.वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में विचागोष्ठी आयोजित कर नेता जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किया गयागोष्ठी को सम्बोधित करते हुए ज़िलाध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस एक प्रमुख भारतीय स्वतंत्रता सेनानीसशस्त्र क्रांति के समर्थकक्रांतिकारी एवं महान देशभक्त थेउन्होंने ब्रिटिश शासन से भारत को आज़ाद कराने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन कर उसका नेतृत्व किया वह राष्ट्रवाद को मानव जाति के उच्चतम आदर्शों से प्रेरित मानते थे उनके विचारों व वीरता ने लाखों भारतीयों को प्रेरित कियावरिष्ठ नेता चौ.सुरेश निर्मल ने कहा कि उनके प्रसिद्ध नारे तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा दिल्ली चलो आज भी अन्याय के विरोध में देशवासियों को प्रेरित करते हैं।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर विद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार को आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई । विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में ''नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती' मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी, प्रधानाचार्य समरजीत सिंह नंदा एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय नें उनके चित्र पर माल्यापर्ण करके द्वीप प्रज्जवलित किया। प्रबन्ध निदेशक डॉ0 तिवारी ने बच्चों को बताया कि भारत में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और 'जय हिंद' का नारा देने वाले सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर साल 23 जनवरी को मनाई जाती है, सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक मे हुआ था। उनके जन्म को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के रूप में मनाकर उन्हें याद किया जाता है साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि भी दी जाती है। सुभाष चंद्र बोस राजनेता और बुद्धिजीवी नेता को भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में खास योगदान के लिए जाना जाता है, नेताजी के जन्मदिवस को 'पराक्रम दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक इंसान का नाम नहीं है बल्कि ये नाम है उस वीर का, जिनकी रंगो में केवल देशभक्ति का खून बहता था। बोस भारत मां के उन वीर सपूतों में से एक हैं, जिनका कर्ज आजाद भारतवासी कभी नहीं चुका सकते है। अपनी मातृभूमि को गुलामी की जंजीर से आजाद कराने के लिए खुशी-खुशी अपना लहू बहाने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस पूर्वी एशिया पहुंचकर उन्होंने रास बिहारी बोस से 'स्वतंत्रता आन्दोलन' का कमान लिया और 'आजाद हिंद फौज' का गठन किया और नारा दिया था कि ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा''। इसके बाद सुभाष जी को 'नेताजी' कहा जाने लगा । जयंती' अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृति कार्यक्रम के अन्तर्गत एक समूह नृत्य गीत-विजयी भवा नामक गीत पर आराध्या पाण्डेय, सिमर मिश्रा, नित्या मोदनवाल, रत्नप्रिया, अनुष्का दूबे, रिया पाण्डेय मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी अध्यापकगण में अशोक कुमार शुक्ला, ए0के0 तिवारी, टी0एन0 शुक्ला, पूनम चैहान, राजमणि, उर्वशी शुक्ला, किरन मिश्रा, उमा तिवारी, लता श्रीवास्तव, नीलम श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, विश्वनाथ तिवारी, कपिल निषाद, उमेश तिवारी, कृष्णा गुप्ता, राजीव श्रीवास्तव एवं मनोज शुक्ला आदि उपस्थित होकर ''नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती' को मनाया गया।

# एआरटीओ के नेतृत्व में वाहन चालकों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को तुलसीपुर में वाहन चालकों को सड़ाकर सुरक्षा नियम के प्रति जागरूक किया गया । जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 में जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार की उपस्थिति में तुलसीपुर के इटवा चौराहे पर ई-रिक्शा ऑटो रिक्शा तथा अन्य व्यवसायिक वाहन चालको को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया । वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के साथ चौराहों पर अथवा नो पार्किंग जोन में वाहन की पार्किंग न करने के संबंध में जानकारी दी गई । वाहन चालकों को यातायात नियमों के साथ-साथ सड़क पर बनने वाले संकेतकों के बारे में बताया गया । इसके अतिरिक्त बलरामपुर से चौधरीडीह तक दुर्घटना वाहुल्य क्षेत्र एवं संभावित दुर्घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया । आज की प्रवर्तन कार्रवाई में कुल 32 चालान किए गए तथा 58500 रुपए की शास्ति अधिरोपित की गई।

# बसंत पंचमी पर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ने की माँ सरस्वती की आराधना

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलोन में एनएसजीआई द्वारा आयोजित बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा एवं सह-प्रबंधिका डॉ रश्मि शर्मा ने संस्थान के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह सहित समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ विद्या, ज्ञान, कला एवं संगीत की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर हवन किया और सभी के लिए सुख, समृद्धि, ज्ञान एवं सुसंस्कृत जीवन की कामना की।

हवन-पूजन के उपरांत शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भक्ति गीतों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विवेक, अनुशासन और सृजनशीलता का प्रतीक है और इन मूल्यों को जीवंत रखने की जिम्मेदारी हम सभी पर है क्योंकि शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं देता बल्कि वह विद्यार्थियों के चरित्र, सोच एवं भविष्य का निर्माता होता है, उन्होंने विद्यालय के कर्मचारियों को संस्थान की रीढ़ बताते हुए कहा कि इनके परिश्रम और निष्ठा से ही विद्यालय की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से चलती है। हमारे संयुक्त प्रयासों से विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, संस्कृति और नैतिक मूल्यों की पहचान बना है।

अध्यक्ष सिंह ने बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय की प्रगति केवल भवन या संसाधनों से नहीं, बल्कि शिक्षकों की गुणवत्ता, कर्मचारियों की कार्यकुशलता और आपसी सहयोग से होती है, आप सभी विद्यालय की गरिमा और पहचान के संवाहक हैं।

इस अवसर पर शिवाकांत शर्मा सहित विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, राजीव सिंह , तारकेश्वर सिंह, कामाक्षा सिंह, इंद्र विक्रम सिंह, शिवांग अवस्थी, प्रभारी प्रधानाचार्य रुची मिश्रा, प्राचार्य प्रो. डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, रजनी श्रीवास्तव, शिवकरन पाल, संध्या अग्रवाल, नितिन सिंह, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, संयोजक संचित गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह, डॉ अरुण चौधरी, भूपेंद्र शुक्ला, और समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी निलंबित

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.शिव ओम गंगवार को वित्तीय अनियमितताओं एवं शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश शासन के पशुधन अनुभाग-3 द्वारा शासन को प्राप्त शिकायतों तथा प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि के बाद की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ.शिव ओम गंगवार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान शासन द्वारा आवंटित धनराशि के उपयोग में अनियमितता बरतने,विभागीय निर्देशों की अनदेखी करने और पद का दुरुपयोग करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे।प्रारंभिक जांच में इन आरोपों को प्रथम दृष्ट्या सही पाए जाने के बाद शासन ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की।निलंबन अवधि के दौरान डॉ.शिव ओम गंगवार को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली1999 के अंतर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।साथ ही उन्हें बिना सक्षमअधिकारी की अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।शासन के आदेश के अनुसार निलंबन की अवधि में डॉ. शिव ओम गंगवार को पशुपालन निदेशालय अयोध्या मंडल से संबद्ध किया गया है।इसके साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ करने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। विभागीय जांच के लिए शीघ्र ही जांच अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी,जो आरोपों की विस्तृत जांच कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगा।इस कार्रवाई के बाद पशु पालन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।शासन ने स्पष्ट किया है कि वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की।

### रायबरेली प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का चौथे दिन

# नदीम क्रिकेट अकादमी व नगर पालिका सुपरस्टार ने जीते अपने-अपने मैच

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज दो मैच खेले गए पहला मैच नदीम सिद्दीकी क्रिकेट अकैडमी व मुशीर दबंग के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मुशीर दबंग ने बल्लेबाजी का फैसला किया।निर्धारित ओवरों में पहले बल्लेबाजी करते हुए फहाद अहमद के 24 रनों की बदौलत 101 रन बना कर ऑल आउट हो गई।

गेंदबाजी में नदीम क्रिकेट अकादमी की ओर से उमर, मुफीद व शिवम् यादव ने 2-2 महत्वपूर्ण विकेट लिए जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी।

नदीम क्रिकेट अकादमी की टीम ने निर्धारित लक्ष्य महज 16 ओवरों में ही 3 विकेट खो कर प्राप्त कर लिया। नदीम क्रिकेट अकादमी की ओर से राज नाविक ने 45 रनों की पारी खेली जबकि मुशीर दबंग की ओर से गेंदबाजी में आदित्य सिंह ने 1 विकेट हासिल किया। राज नाविक को शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस प्रकार नदीम क्रिकेट अकैडमी ने यह मैच 7 विकेट से जीता।जबकि दिन का दूसरा मैच अर्नोराज क्रिकेट अकादमी व नगर पालिका सुपरस्टार के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर नगर पालिका सुपरस्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पंकज के 35 रनों व अनुज सिंह के 34 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खो कर 146 रन बनाए गेंदबाजी में अर्नोराज क्रिकेट अकादमी की ओर से गौरव पाठक ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अर्नोराज क्रिकेट अकादमी की टीम 19 ओवरों में 124 रन बना कर ऑल आउट हो गई, अर्नोराज क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी में नमन ने 36 रन व अभिषेक सिंह ने 22 रनों का योगदान किया जबकि नगर पालिका सुपरस्टार की ओर से गेंदबाजी में अंकुर शुक्ला ने 4 विकेट हासिल किए। इस तरह हुए रोमांचक मैच में नगर पालिका सुपरस्टार ने 22 रनों से जीत हासिल की। नगर पालिका सुपरस्टार की ओर से शानदार गेंदबाजी के लिए अंकुर शुक्ला को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के सचिव सिविल रावत ने बताया कि रायबरेली प्रीमियर लीग में पांचवें दिन पहला मैच ? ग्रुप बिल्डर्स व मुशीर दबंग के बीच सुबह 9 बजे से खेला जाएगा। दूसरा मैच 12 बजे से नगरपालिका एकादश व नदीम क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला जाएगा।

# आज मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस, आयोजित होगें विभिन्न कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

आज पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे शासन की योजनाओं, विभागीय उपलब्धियों तथा नवाचारों को आम जनमानस को बताया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियो की भी उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा योजना-आधारित स्टॉल, झांकी प्रस्तुति, तथा प्रशस्ति पत्र, सम्मान पत्र तथा प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। समस्त विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित दायित्वों का समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यक्रम की प्रमुख व्यवस्थाएं

कार्यक्रम स्थल पर संबंधित विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं, उपलब्धियों, लाभार्थी सेवाओं एवं प्रचार सामग्री सहित आकर्षक एवं सूचना-संपन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। उद्योग विभाग एवं खादी ग्रामोद्योग ,ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग ,कृषि विभाग, गन्ना विभाग एवं उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग ,प्रोबेशन विभाग, आईसीडीएस एवं समाज कल्याण विभाग उद्योग विभाग,ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग,बेसिक शिक्षा, विभाग,डीआईओएस,आईसीडीएस, समाज कल्याण विभाग सहित तमाम

विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे।

प्रत्येक स्टॉल पर प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती, बैनर, पम्पलेट तथा लाभार्थियों को मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

जनमानस तक योजनाओं एवं विभागीय उपलब्धियों का संदेश प्रभावी रूप से पहुँचाने हेतु विषय-आधारित आकर्षक झांकियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों तथा चयनित लाभार्थियों को संबंधित विभागों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# आजाद हिंद फौज के संस्थापक और जय हिंद का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



कमला फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य लोगों व नागरिकों ने नेता जी की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम शहर क्षेत्र के जहानाबाद पुलिस चौकी के अंतर्गत धुन्नी सिंह नगर में कमला फाउंडेशन के कार्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की आयोजक व अध्यक्षता करते हुए कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने नेताजी की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित किए और उन्हें याद किया । इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूनम सिंह ने कहा कि नेताजी की मौत कैसे हुई इसकी जांच होनी चाहिए। सत्ता में आने से पहले केंद्र की भाजपा सरकार ने उनकी मौत के खुलासे के वादा किया था। लेकिन यह वादा आज भी वादा है। पूनम सिंह ने कहा कि हमारे यहां आज सुभाष जयंती मनाई गई है। हम सभी लोगों ने सुभाष जी को नमन किया है। उनके बलिदान को याद किया है ।आज बसंत पंचमी भी है मैं सभी को उसकी भी सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं। सुभाष चंद्र बोस जी का जो योगदान हमारे देश की लिये रहा है उसका मेरे जीवन में बहुत प्रभाव है। उन्होंने कहा कि बड़ी ही विडम्बना है कि आज लोग सुभाष जी को केवल एक ही दिन के लिये याद करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने माँ, पिता व भाई की तरह नेता जी को भी याद करती हूं। इस मौके पर आए हुए गणमान्य लोगों ने नेताजी को याद करते हुए अपने-अपने वक्तव्य रखे। मंच संचालन पूर्व सभासद इसरार अहमद ने किया। इस मौके पर इस अवसर पर शालिनी सिंह, हर्षवर्धन सिंह, जेडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रियंका पांडे, सावित्री रावत, रज्जू देवी रावत, आरती पटेल, आरती पासवान, प्रकृति जायसवाल, वंदना जायसवाल, साधना त्रिपाठी, जायसवाल, डॉ हुमा परवीन, तृषा जायसवाल, सत्या दीक्षित, हर्षिका जायसवाल, दामिनी पासवान,सभासद एस पी सिंह, ऑल इंडिया व्यापार मंडल चौहान गुट के अध्यक्ष जे सी चौहान, मो. उमर, पूर्व सभासद इसरार अहमद, रजोले मिश्रा, आमीन पठान, प्रतिभा मिश्रा, अरशद खान,विक्की मिश्रा, मो इम्तियाज, मनोज तिवारी, कृष्ण वीर सिंह, सोनू सिंह, राम शंकर रैदास, अमर सिंह, हिमांशु सिंह, समीर शिगली, अखिलेश श्रीवास्तव, एडवोकेट संदीप मिश्रा, सुमित सिंह, कुलदीप शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# कियारा आडवाणी

## का 'रूड' बिहेवियर? लड़के ने सुनाया फ्लाइट का किस्सा

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने कुछ समय पहले बेटी को जन्म दिया है. इसके बाद एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. वो अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं. किराया सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. उनकी एक्टिंग और स्टाइलिश फैंस को बहुत पसंद है. इंस्टाग्राम पर भी 36 मिलियन से ज्यादा लोग उन्हें फॉलो करते हैं. फैंस उनकी एक झलक देखने का बेसब्री से इंतजार करते हैं. इस बार उनके के चर्चा में रहने की वजह फिल्म नहीं बल्कि कुछ और है.

दरअसल इंस्टाग्राम यूजर कार्तिकेय तिवारी ने एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें उन्होंने कियारा आडवाणी और कार्तिक आर्यन के साथ एक ही फ्लाइट में होने और उस सफर के बारे में अपना पुराना एक्सपीरियंस बताया है. वो जयपुर से मुंबई की फ्लाइट में कियारा और कार्तिक आर्यन के साथ ट्रैवल कर रहे थे. ये बात फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' के प्रमोशन के दौरान की थी.

**यूजर ने बताया फ्लाइट का किस्सा**

यूजर ने वीडियो में बताया कि उनकी मां सीट को लेकर थोड़ी कन्फ्यूजन में थी. वो पहली सीट पर बैठ गईं. जो उनकी नहीं थी. तभी सामने से कियारा आडवाणी आईं. अगर कोई आपकी सीट पर बैठा हो तो आप कह सकते हैं, ये मेरी सीट है. लेकिन वो एक सेलिब्रिटी हैं. हालांकि हम भी बिजनेस क्लास में ही थे. लेकिन कियारा ने ऐसा मुंह बनाया जैसे की उनकी सीट खराब हो गई हो.




आगे उन्होंने कहा- तभी एयर होस्टेस ने देखा. वो आईं और मेरी मां को बोली की मैडम, आपकी सीट ये नहीं है. आपकी सीट पीछे वाली है. तो मम्मी उठीं और जाकर अपनी सीट पर बैठ गईं. यूजर ने वीडियो में कहा, कियारा इतनी बड़ी एक्ट्रेस भी नहीं हैं, अगर दीपिका या आलिया ऐसा करतीं तो समझ आता, लेकिन उनका एक्सप्रेशन मेरे दिमाग में छप गया. यूजर ने कार्तिक आयर्न को लेकर कहा कि वो दो घंटे की फ्लाइट के दौरान लगातार अंग्रेजी में कियारा से बात कर रहे थे. जैसे कि अगर गलती से भी हिंदी का शब्द निकल जाए तो कई गुनाह हो जाता. इसके अलावा यूजर ने कहा कि कार्तिक और कियारा ने एयर होस्टेस को फोटो देने से भी मना कर दिया था.

**फैंस का रिएक्शन**

ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है और इसे लेकर कियारा आडवाणी को काफी ट्रोल किया जा रहा है. इस वीडियो के कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा हर सेलेब्रिटी तो नहीं, लेकिन कियारा सही में रूड हैं. दूसरे ने लिखा, शायद यह चौथी या पांचवी बार है जब मैं कियारा के बारे में इस तरह की बात सुन रहा हूं' पिछले साल एक महिला ने कियारा के रवैये के बारे में कहा था. हालांकि कियारा और कार्तिक दोनों ने ही इसे लेकर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है.

**कियारा आडवाणी**

कियारा आडवाणी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2014 में आई फिल्म 'फगली' से की थी, जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं रही थीं. इसके बाद उन्हें 2016 में 'एम.एस. धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी' से अलग पहचान मिली थी. इसके बाद उन्होंने शाहिद कपूर के साथ 'कबीर सिंह' में काम किया जो सुपरहिट रही. सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'शेरशाह' फिल्म भी सुपरहिट रही थी. अब कियारा यश की फिल्म 'टॉक्सि' में नजर आएंगी.

## 1800 करोड़ी फिल्म के विलेन संग जुड़ा नाम, फिर

# रकुल प्रीत सिंह

## ने रचाई प्रोड्यूसर से शादी



आज हम आपको हिंदी सिनेमा की एक ऐसी अभिनेत्री के बारे में बता रहे हैं, जिनका नाम कभी साउथ के एक मशहूर खलनायक के साथ जुड़ा था. लेकिन, उन्होंने शादी रचाई थी बॉलीवुड के एक जाने-माने प्रोड्यूसर से. उन्होंने अपने करियर में अजय देवगन जैसे सुपरस्टार के साथ भी स्क्रीन शेयर की है. ये एक्ट्रेस कोई और नहीं, बल्कि रकुल प्रीत सिंह हैं. रकुल प्रीत सिंह ने अपने करियर में हिंदी सिनेमा के साथ-साथ साउथ इंडियन सिनेमा की फिल्मों में भी काम किया है.35 साल की हो चुकीं रकुल प्रीत सिंह का जन्म 10 अक्टूबर 1990 को देश की राजधानी नई दिल्ली में हुआ था. उनका एक्टिंग करियर साउथ सिनेमा से शुरू हुआ था. एक्ट्रेस ने अपना डेब्यू कन्नड़ फिल्म 'गिल्ली' से किया था. ये पिक्चर साल 2009 में रिलीज हुई थी. जबकि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में वो एक दशक से ज्यादा वक्त से काम कर रही हैं. बॉलीवुड में उनका आगाज फिल्म 'यारियां' से हुआ था. 'यारियां' साल 2014 में रिलीज हुई थी.

**1800 करोड़ी विलेन संग जुड़ा था नाम**

रकुल प्रीत सिंह का नाम कभी अभिनेता राणा दग्गुबाती के साथ जुड़ा था. बता दें कि राणा ने 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' जैसी फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया था. वो इन ब्लॉकबस्टर फिल्मों में भल्लाल देवन बने थे. 'बाहुबली 2' ने बॉक्स ऑफिस पर 1800 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का कलेक्शन किया था.रकुल प्रीत सिंह और राणा दग्गुबाती के अफेयर की जब खबरें उड़ी थीं तब एक्ट्रेस ने इस मामले पर सफाई दी थी. उन्होंने एक बातचीत के दौरान राणा को अपना सबसे अच्छा और करीबी दोस्त बताया था. एक्ट्रेस ने कहा था, वो मेरे तब से दोस्त हैं जब से मैंने फिल्मी करियर की शुरुआत की है. उन्होंने ये भी बताया था कि जब वो राणा से मिली थीं तो उस वक्त वो पहले से ही किसी और के साथ रिश्ते में थीं.




**2024 में जैकी भगनानी से की थी शादी**

बताया जाता है कि प्रोड्यूसर जैकी भगनानी और रकुल की मुलाकात लॉकडाउन के दौरान हुई थी. फिर दोनों ने एक दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया था. कपल ने 2021 में अपना रिश्ता सोशल मीडिया पर कन्फर्म किया था. जबकि साल 2024 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए थे.

## प्रिया सचदेवा ने कोर्ट में दर्ज करवाया अपना बयान, संजय कपूर की बहन को नोटिस जारी



बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के एक्स-हस्बैंड और बिजनेसमैन संजय कपूर ने पिछले साल इस दुनिया को अलविदा कह दिया था. उनके निधन के बाद के बाद से उनकी संपत्ति और विरासत की लड़ चल रही है. मामला कोर्ट में है. आए दिन इस मामले में नया मोड़ सामने आ रहा है. हाल ही में संजय कपूर की पत्नी प्रिया सचेव ने अपनी ननद मंधिरा कपूर स्मिथ के खिलाफ पटियाला हाउस कोर्ट में आपराधिक मानहानि का मुकदमा किया था. अब प्रिया ने इस मामले में अपना दर्ज करवाया है.पटियाला हाउस कोर्ट के एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सिद्धांत सिहाग की कोर्ट में शिकायतकर्ता प्रिया सचदेवा कपूर का बयान दर्ज हुआ है. उन्होंने इन कैमरा प्रोसिडिंग ( बंद कमरे ) की मांग की थी, जिसके बाद बाद इसी तरह उनका बयान दर्ज किया गया है. कोर्ट ने इस मामले में मंधिरा कपूर को नोटिस भी जारी किया है और प्रिया द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देने के लिए कहा है. 12 मार्च तक उन्हें नोटिस का जवाब देना है.

**प्रिया सचदेव ने क्या आरोप लगाया है?**

प्रिया सचदेव ने आरोप लगाया है कि संजय कपूर की बहन और उनकी ननद मंधिरा कपूर पॉडकास्ट, सोशल मीडिया और मीडिया इंटरव्यू के जरिए उनके ऊपर झूठे आरोप लगा रही हैं. इतना नहीं उन्होंने ये भी कहा कि मंधिरा ये सब इसलिए कर रही है ताकि मेरी (प्रिया) प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचे. अब देखना होगा कि आगे इस मामले में क्या कुछ होता है.

12 जून 2025 को संजय कपूर का निधन हो गया था. उनके निधन के बाद उनके और एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के बच्चों ने प्रिया सचदेव पर वसीयत में हेराफेरी और प्रॉपर्टी को अपने नाम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था. उसके बाद से मामला कोर्ट में है. संजय और करिश्मा का साल 2016 में तलाक हो गया था. उनसे तलाक के बाद संजय ने प्रिया से शादी की थी.

**मंधिरा कपूर ने क्या कहा था?**

संपत्ति विवाद के बीच प्रिया ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की और करिश्मा कपूर से उनके और संजय कपूर के तलाक से जुड़े दस्तावेज दिखाने की मांग की. याचिका दायर करते हुए उन्होंने कहा था कि वो ये जानना चाहती हैं कि दोनों के बीच तलाक के समय क्या-क्या समझौते हुए थे. साथ ही उन्हें एलिमनी रकम मिली थी या नहीं. इन सबके बाद एक इंटरव्यू में मंधिरा ने कहा था कि प्रिया ये सब संपत्ति को लेकर चल रहे मामले को भटकाने के लिए कर रही हैं. उसी के बाद प्रिया ने पटियाला हाउस कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और मंधिरा के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया.

## राशा थडानी को टक्कर देंगी नितांशी गोयल? बीच में फंसा वो एक्टर, जिसके आगे वरुण धवन पड़ गए थे फीके




न सिर्फ साउथ, बल्कि बॉलीवुड वाले भी कई बड़ी फिल्मों पर काम कर रहे हैं. जिसमें से कुछ का ऐलान हो चुका है, तो कुछ पर बिना अनाउंसमेंट के काम शुरू किया जा चुका है. फिलहाल कई फिल्मों की रिलीज डेट पर कन्फ्यूजन बना हुआ है. आज ऐसी ही एक फिल्म की बात करेंगे, जिसमें दो यंग एक्ट्रेस नजर आने वाली हैं. जी हां, यह कोई और नहीं, बल्कि रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और 'लापता लेडीज' की नितांशी गोयल हैं. जिन्हें लगातार कई बड़ी फिल्मों के ऑफर मिल रहे हैं. साथ ही कुछ फिल्मों का ऐलान हो चुका है. अब दोनों को एक लव स्टोरी के लिए कास्ट किया गया है. जिस फिल्म को लेकर एक धांसू अपडेट भी सामने आ चुका है.

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि प्रोड्यूसर अतुल कासबेकर और तनुज गर्ग एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम कर रहे हैं. जिस फिल्म में लीड रोल के लिए नितांशी गोयल और राशा थडानी से बातचीत की जा रही है. दरअसल यह मेकर्स साल 2016 की ड्रामा फिल्म नीरजा के लिए जाने जाते हैं. अब नई फिल्म को लेकर तगड़ा बज बना हुआ है.

**आमने-सामने नितांशी और राशा**

नई रिपोर्ट से पता लगा कि जिस रोमांटिक फिल्म के लिए नितांशी गोयल और राशा थडानी से बात हो रही है. उसमें रोहित सराफ भी दिखेंगे. दरअसल इस प्रोजेक्ट को 'इंटेंस लव स्टोरी' बताया जा रहा है. फिलहाल तीनों ही स्टार्स से पिक्चर को लेकर बातचीत चल रही है. साथ ही फिल्म के लिए फिलहाल किसी डायरेक्टर को फाइनल नहीं किया गया है. दरअसल प्रोड्यूसर्स चाहते हैं कि स्क्रीन पर एक नया डायनामिक पेश किया जाए. अब क्योंकि रोहित अपने रोमांटिक चार्म से सबका दिल जीतते रहे हैं. जो बेशक अल्फा हीरो से बहुत अलग है. लेकिन हाल ही में रिलीज हुई सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में रोहित के आगे वरुण धवन भी फीके पड़ गए थे.

एक्टर को नेटफ्लिक्स की पॉपुलर रोमांटिक ड्रामा सीरीज 'मिस्मैच्ड' से पॉपुलैरिटी मिली है. जबकि, नितांशी गोयल और राशा थडानी ने अपने-अपने बॉलीवुड डेब्यू से दर्शकों का ध्यान खींचा है. राशा थडानी ने आज़ाद में डांस और एक्टिंग का बेहतरीन मिक्सचर दिखाया. तो वहीं, नितांशी गोयल ने लापता लेडीज़ से सबको हैरान कर दिया था. हालांकि, अब मेकर्स को ऐसे डायरेक्टर की तलाश भी है, जो कैरेक्टर-ड्रिवन रोमांस के लिए एक मजबूत विजन रखते हो. देखना होगा कि फिल्म का कबतक अनाउंसमेंट किया जाएगा.

 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# केरल, कर्नाटक और तेलंगाना

### ताबड़तोड़ ऐलान कर नितिन नवीन ने अपने इरादे बता दिए

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नवीन को क्यों अपना बॉस बताया था, यह कुछ घंटे बाद ही साफ हो गया क्योंकि जिन नेताओं को नितिन नवीन के आदेश से नई जिम्मेदारी दी गई है,उसमें कई नाम बहुत ही चौंकाने वाले हैं। नवीन ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के पहले ही दिन, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को केरल विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त करने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही तावड़े को चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया है। तावड़े बिहार के प्रभारी भी हैं।**

*देश की सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी को अब तक का अपना सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ( 45 वर्ष) के रूप में मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और जेपी नड्डा समेत कई अन्य दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में नितिन नवीन ने मंगलवार, 20 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया। बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सामने सबसे बड़ी या यूं कहें कि सबसे पहली चुनौती आगामी विधानसभा चुनाव है। क्योंकि पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही नवीन के पास होने या फेल होने की चर्चाएं शुरू हो जाएंगी। दक्षिण भारत के राज्यों में पार्टी का जनाधार बढ़ाना और कर्नाटक में पार्टी को फिर से सत्ता में लाना भी उनके सामने एक बड़ी चुनौती होगी। यह चुनौती उनके पहले दिन के फैसलों में भी साफ-साफ नजर आती है। पार्टी अध्यक्ष का कार्यभार संभालते ही उन्होंने पहले दिन ही ताबड़तोड़ अंदाज में केरल, तेलंगाना, बेंगलुरू और चंडीगढ़ के लिए चुनाव प्रभारी और चुनाव सह प्रभारियों की नियुक्तियों कर अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। पहले दिन ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नवीन को क्यों अपना बॉस बताया था, यह कुछ घंटे बाद ही साफ हो गया क्योंकि जिन नेताओं को नितिन नवीन के आदेश से नई जिम्मेदारी दी गई है,उसमें कई नाम बहुत ही चौंकाने वाले हैं। नवीन ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के पहले ही दिन, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को केरल विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त करने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही तावड़े को चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया है। तावड़े बिहार के प्रभारी भी हैं। तावड़े के साथ ही केरल में चुनाव के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। शोभा करंदलाजे कर्नाटक से सांसद हैं। अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर जेपी नड्डा तक, केरल हमेशा से ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है। नवीन पहले दिन से ही इस अभियान में जुट गए हैं। दक्षिण भारत में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने की चुनौती में कर्नाटक भी शामिल हैं। कर्नाटक दक्षिण भारत का वह राज्य है, जहां सबसे पहले कमल खिला था लेकिन आज वहां कांग्रेस की सरकार है। शायद यही एक बड़ी वजह है कि एक चौंकाने वाला फैसला करते हुए राम माधव जैसे दिग्गज नेता को ग्रेटर बेंगलुरु निगम चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी बनाया गया है।राम माधव अमित शाह के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। राम माधव के साथ ही राजस्थान बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया और महाराष्ट्र के विधायक संजय उपाध्याय को चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। तेलंगाना में होने वाले नगर निगम चुनावों को भी पूरी गंभीरता से लेते हुए नितिन नवीन ने पहले ही दिन तीन बड़े नेताओं को वहां की जिम्मेदारी थमा दी है। शेलार नितिन नवीन के साथ काम कर चुके हैं, महाराष्ट्र युवा मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के काफी करीबी माने जाते हैं। उनके साथ ही राजस्थान बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी एवं हरियाणा से राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा को चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से यह बात पूरी तरह से स्पष्ट हो गई है कि बतौर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम जैसे राज्यों में चुनावी जीत हासिल कर, अपनी क्षमता को साबित करना ही होगा।*

## एक्सप्रेस आलेख

**आप्रवासन, नस्ल, धर्म और राष्ट्रवाद के मुद्दों पर उनकी भाषा ने वैश्विक स्तर पर असहिष्णुता को बढ़ावा दिया। जब विश्व का सबसे शक्तिशाली देश इस तरह का संदेश देता है, तो उसका असर सीमाओं से परे जाता है। युद्ध केवल गोलियों और मिसाइलों से नहीं लड़ा जाता, वह विचारों और शब्दों से भी लड़ा जाता हैकृऔर ट्रंप के शब्द अक्सर आग में घी डालने का काम करते रहे हैं। आज दुनिया जिन संकटों से जूझ रही है–यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व तक, एशिया से अफ्रीका तक, उनमें कहीं–न–कहीं महाशक्तियों की स्वार्थपूर्ण नीतियों की छाया है। ट्रंप का दौर इस प्रवृत्ति को और उग्र बनाता दिखाई दिया, जहां वैश्विक सहयोग के बजाय 'मैं पहले' की मानसिकता हावी रही।**

# शांति का मुखौटा, सत्ता की रणनीति : ट्रंप का वैश्विक विरोधाभास



ललित गर्ग

**ट्रंप की कथित शांति योजना, शांति के नाम पर वर्चस्व की राजनीति ही है। ऐसा लगता है शब्द अहिंसा के और कर्म हिंसा के है। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र को अक्षम, पक्षपाती और नौकरशाही से ग्रस्त बताकर उसकी अवहेलना करते रहे हैं, जबकि सच यह है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं का ढांचा अनिवार्य है। शक्तिशाली देशों को जब यह ढांचा अपने अनुकूल नहीं लगता, तो वे उसे कमजोर करने लगते हैं।**

नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा में डूबे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्यक्तित्व और कार्यशैली वैश्विक राजनीति के लिए एक गहरी विडंबना एवं विरोधाभास बनकर उभरी है। शांति का मसीहा बनने का उनका दावा जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही विरोधाभासी उनके कदमों का यथार्थ है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में वे जहां शांति स्थापित करने का श्रेय लेना चाहते हैं, वहीं उनके निर्णय, वक्तव्य और नीतियां अक्सर युद्ध, अशांति, भय और अस्थिरता को जन्म देती दिखाई देती हैं। यह कैसी शांति है, जो बमों की गूंज, प्रतिबंधों की मार और नफरत की भाषा के साथ चलती है? यह कैसा शांति-दूत होने का नाटक है, जिसमें मानवता का रक्त बहता रहे और सत्ता अपने हित साधती रहे? गाजा में शांति स्थापना के लिए ट्रंप की प्रस्तावित योजना इसी विरोधाभास का नवीन उदाहरण है। इसे शांति से अधिक व्यापारिक सौदे की तरह प्रस्तुत किया गया, मानो दशकों से हिंसा, विस्थापन और अस्मिता के संकट से जूझ रहे लोगों का भविष्य किसी रियल एस्टेट या आर्थिक पैकेज से तय किया जा सकता हो। अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका, स्थानीय जनता की सहमति और जवाबदेही-इन सबको दरकिनार कर शांति थोपने की यह कोशिश बताती है कि ट्रंप की दृष्टि में शांति कोई नैतिक या मानवीय मूल्य नहीं, बल्कि शक्ति-प्रदर्शन और राजनीतिक लाभ का औजार है। इस तरह बमों के साये में शांति का दावा डकोसला ही है, जिसमें शांति का सौदा एवं सत्ता की भूख ही दिखती है। ट्रंप की कथित शांति योजना, शांति के नाम पर वर्चस्व की राजनीति ही है। ऐसा लगता है शब्द अहिंसा के और कर्म हिंसा के है। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र को अक्षम, पक्षपाती और नौकरशाही से ग्रस्त बताकर उसकी अवहेलना करते रहे हैं, जबकि सच यह है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं का ढांचा अनिवार्य है। शक्तिशाली देशों को जब यह ढांचा अपने अनुकूल नहीं लगता, तो वे उसे कमजोर करने लगते हैं-ट्रंप इसी प्रवृत्ति का मुखर चेहरा हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नए वैश्विक शांति संस्थान का विचार अपने आप में जितना आकर्षक शब्दों से सुसज्जित है, उतना ही अपने अंतर्विरोधों में उलझा हुआ भी है। शांति स्थापना के नाम पर एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था खड़ी करने की कोशिश, जो संयुक्त राष्ट्र जैसे स्वीकृत बहुपक्षीय ढांचे को दरकिनार करती हो, वस्तुतः शांति से अधिक सत्ता-केंद्रित वर्चस्व की आकांक्षा को उजागर करती है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिस नेतृत्व की नीतियों का आधार हथियारों के निर्माण और बिक्री, सैन्य गठबंधनों के विस्तार, युद्ध की धमकियों और आर्थिक दंड के जरिये दुनिया पर दबाव बनाना रहा हो, वह अचानक शांति का नया ठेकेदार कैसे बन सकता है? ट्रंप की राजनीतिक सोच में शांति किसी मानवीय प्रतिबद्धता का नहीं, बल्कि सौदेबाजी, नियंत्रण और लाभ का साधन प्रतीत होती है। इसलिए उनके प्रस्तावित शांति संस्थान की उपयोगिता पर गंभीर संदेह खड़ा होता है। बिना वैधता, जवाबदेही और वैश्विक सहमति के खड़ी की गई कोई भी संस्था शांति का वाहक नहीं बन सकती; वह केवल शक्तिशाली देशों की इच्छाओं को थोपने का उपकरण या जरिया ही बनती है। इस संदर्भ में ट्रंप का यह प्रयास शांति की दिशा में एक ठोस पहल नहीं, बल्कि हिंसा-प्रधान नीतियों पर पर्दा डालने और वैश्विक शासन व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत करने का एक और षडयंत्र एवं कुचेष्टा ही दिखाई देता है। ट्रंप की सोच में शांति का अर्थ संघर्षों का समाधान नहीं, बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मोड़ना है। कभी वे संयुक्त राष्ट्र के समानांतर इस तरह की एक कथित शांति-व्यवस्था खड़ी करने की बात करते हैं, तो कभी ईरान पर युद्ध की धमकी देते हैं। एक ओर वे यूरोपीय देशों की तारीफ कर अपना प्रभाव जमाने का प्रयास करते हैं, दूसरी ओर उन्हीं देशों पर व्यापारिक प्रतिबंधों और सैन्य खर्च का दबाव डालते हैं। यह दोहरा आचरण और कथनी और करनी का भेद वैश्विक अस्थिरता को बढ़ाता है। शांति की भाषा बोलते हुए हथियारों की बिक्री, सैन्य गठबंधनों का विस्तार और आर्थिक दंड-ये सब उनकी नीतियों के अभिन्न अंग रहे हैं। परिणामस्वरूप दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की आहटें तेज हैं और मानवता अस्तित्व के मुहाने पर पहुंचती प्रतीत होती है। गाजा संकट के संदर्भ में यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि बिना वैधता, सहमति और जवाबदेही के थोपी गई शांति कभी स्थायी नहीं होती। यदि नागरिकों की सुरक्षा, जीवन की गरिमा और राजनीतिक अधिकारों को नजरअंदाज किया जाए, तो कोई भी समझौता खोखला साबित होगा। ट्रंप का दृष्टिकोण इन मूलभूत सच्चाइयों को अक्सर अनदेखा करता है। आर्थिक वादों को राजनीतिक अधिकारों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना एक खतरनाक भ्रम है, जो जमीनी वास्तविकताओं के बोझ से ढह जाता है। शांति तभी टिकाऊ हो सकती है जब उसमें स्थानीय लोगों की वास्तविक आवाज शामिल हो, उनके दुख-दर्द को समझा जाए और न्यायपूर्ण समाधान की दिशा में ईमानदार पहल हो। भारत को गाजा में शांति प्रयासों में शामिल करने का प्रस्ताव भी इसी जटिलता को उजागर करता है। भारत का कूटनीतिक इतिहास बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका और द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थन से जुड़ा रहा है। भारत के इस्राइल से अच्छे संबंध हैं, तो अरब देशों में भी उसकी विश्वसनीयता बनी हुई है। लेकिन यदि शांति प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र को दरकिनार करती है, तो यह भारत की स्थापित कूटनीतिक परंपरा के अनुकूल नहीं होगा। भारत ने हमेशा प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के बजाय स्थिरता और संवाद को प्राथमिकता दी है। ऐसे में ट्रंप-प्रेरित पहल में शामिल होना भारत के लिए भी एक नैतिक और रणनीतिक चुनौती बन सकता है। वास्तव में ट्रंप की नीतियां एक ऐसे विश्व-दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं, जहां शक्ति ही सत्य है और नैतिकता केवल भाषणों तक सीमित है। उनकी बयानबाजी में नफरत और विभाजन की छाया साफ दिखती है। आप्रवासन, नस्ल, धर्म और राष्ट्रवाद के मुद्दों पर उनकी भाषा ने वैश्विक स्तर पर असहिष्णुता को बढ़ावा दिया। जब विश्व का सबसे शक्तिशाली देश इस तरह का संदेश देता है, तो उसका असर सीमाओं से परे जाता है। युद्ध केवल गोलियों और मिसाइलों से नहीं लड़ा जाता, वह विचारों और शब्दों से भी लड़ा जाता हैकृऔर ट्रंप के शब्द अक्सर आग में घी डालने का काम करते रहे हैं। आज दुनिया जिन संकटों से जूझ रही है-यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व तक, एशिया से अफ्रीका तक, उनमें कहीं-न-कहीं महाशक्तियों की स्वार्थपूर्ण नीतियों की छाया है। ट्रंप का दौर इस प्रवृत्ति को और उग्र बनाता दिखाई दिया, जहां वैश्विक सहयोग के बजाय 'मैं पहले' की मानसिकता हावी रही। शांति के नाम पर दबाव, सौदेबाजी और धमकी-यह त्रयी मानवता के लिए घातक है। जो नेता स्वयं को शांति का प्रतीक बताता है, उससे अपेक्षा होती है कि वह पुल बनाए, दीवारें नहीं; संवाद बढ़ाए, युद्ध नहीं; भरोसा पैदा करे, भय नहीं। इस तरह प्रश्न यही है कि क्या शांति पुरस्कार की आकांक्षा मात्र से कोई शांति-दूत बन सकता है? यदि जवाबदेही, सहमति और मानवीय मूल्यों के बिना शांति थोपने की कोशिश की जाए, तो वह शांति नहीं, एक नया संघर्ष जन्म देती है। ट्रंप की कार्यशैली इसी सच्चाई की गवाही देती है। आज जब मानवता युद्धों में अपने जीवन को खो रही है, तब शांति का ढोंग और भी क्रूर प्रतीत होता है।



**भारत को गाजा में शांति प्रयासों में शामिल करने का प्रस्ताव भी इसी जटिलता को उजागर करता है। भारत का कूटनीतिक इतिहास बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका और द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थन से जुड़ा रहा है। भारत के इस्राइल से अच्छे संबंध हैं, तो अरब देशों में भी उसकी विश्वसनीयता बनी हुई है।**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्टी 24:40 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराभाद्रपद 14:15 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शिव, 14:01 |
| सूर्योदयः | 07:13 |
| सूर्यास्तः | 17:53 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 09:53-11:13 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:12-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### पूर्ण है तैयारी !

*दें किसको कमान ।*<br>
*है मंथन ये जारी ।।*<br>
*सूत्र ये बता रहे ।*<br>
*पूर्ण है तैयारी ।।*<br>
*ना कोई है दिक्कत ।*<br>
*और न कोई रार ।।*<br>
*चुटकी लेने खातिर ।*<br>
*है खबर को धार ।।*<br>
*ना गड़बड़ है तालमेल ।*<br>
*कम हुआ ना प्रेम ।।*<br>
*कुर्सी तो करवाती है ।*<br>
*तरह तरह के गेम ।।*<br>
*आ रहा वो पल ।*<br>
*साफ जब तस्वीर ।।*<br>
*पड़ जाएंगे लगता अब ।*<br>
*कुंद सारे तीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सेब या अनार : खून तेजी से बढ़ाने में कौन ज्यादा असरदार?

**आज** के तेज और बिजी जीवन में कई लोग थकान, कमजोरी और एनर्जी की कमी की समस्या से जूझते हैं। अक्सर इसके पीछे हीमोग्लोबिन की कमी होती है, हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं यानी रेड ब्लड सेल्स में पाया जाने वाला प्रोटीन है, जो शरीर के हर अंग तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। अगर यह लेवल कम हो जाए तो थकान, चक्कर, चेहरे का रंग फीका पड़ना और काम करने की क्षमता कम होना जैसी परेशानियां सामने आती हैं। ऐसे में लोग नेचुरल उपायों की ओर बढ़ते हैं और फलों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। आज भी कई परिवारों में ये बहस सुनने को मिलती है कि हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए सेब बेहतर है या अनार । सेब में नेचुरल फाइबर और विटामिन सी होता है, जो पाचन और शरीर में पोषण के अवशोषण में मदद करता है। वहीं अनार आयरन और मिनरल्स का पावरहाउस माना जाता है, जो सीधे हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करता है। हीमोग्लोबिन लेवल को संतुलित रखने के लिए सिर्फ दवाइयां पर्याप्त नहीं होतीं। डाइटिशियन अर्चना जैन के अनुसार, ''विटामिन, मिनरल्स और आयरन से भरपूर नेचुरल भोजन ही शरीर की हीमोग्लोबिन बनाने की



क्षमता को बढ़ाता है।'' इसमें फल, सब्जियां, हरी पत्तेदार सब्जियां और नट्स शामिल होते हैं। सेब और अनार दोनों ही स्वादिष्ट और पौष्टिक फलों में आते हैं, लेकिन इनके गुण अलग-अलग हैं।

**हीमोग्लोबिन के लिए सेबः** सेब में विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह शरीर में आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है, जिससे हीमोग्लोबिन लेवल धीरे-धीरे बढ़ता है। डाइटिशियन अर्चना जैन बताती हैं कि रोजाना एक सेब खाने से शरीर में ऑक्सीजन सप्लाई बेहतर होती है। यह पाचन को सुधारता है और शरीर में पोषण तत्वों के अवशोषण को आसान बनाता है। हल्के फाइबर की वजह से वजन कंट्रोल में भी मदद करता है। सेब का सेवन सुबह या खाने के बाद हल्का-सा स्नैक के रूप में करना बेहतर माना जाता है।

**हीमोग्लोबिन के लिए अनारः** अनार आयरन, फोलेट, पोटैशियम और विटामिन ष्ट का पावरहाउस है, इसमें मौजूद आयरन सीधे हीमोग्लोबिन लेवल को बढ़ाने में मदद करता है। डाइटिशियन अर्चना जैन के अनुसार, ''अनार में आयरन की मात्रा अधिक होने के कारण यह एनीमिया के मरीजों के लिए सबसे बेहतरीन फल माना जाता है।'' अनार खून की कमी दूर करता है और थकान कम करता है, हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाता है। सर्दियों में इम्यूनिटी को भी सपोर्ट करता है। अनार का रस या दाने दोनों ही फायदेमंद हैं लेकिन ध्यान रखें कि रस में चीनी न मिलाई जाए।

**निष्कर्षः** हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए सेब और अनार दोनों ही फायदेमंद हैं, लेकिन सही विकल्प आपकी जरूरत और स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। डाइटिशियन अर्चना जैन के अनुसार, अगर खून की कमी है तो अनार सबसे बेहतर है, वहीं रोजमर्रा की हेल्दी डाइट और वजन कंट्रोल के लिए सेब ज्यादा उपयुक्त है। सही मात्रा और समय पर सेवन करने से ही ये फल आपकी सेहत और हीमोग्लोबिन लेवल को प्राकृतिक रूप से मजबूत बना सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारत की जीवनरेखा पर खेला जा रहा वैश्विक दांव



प्रो. आरके जैन

**सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को अभेद्य बनाना, सीमाओं पर निगरानी और आधारभूत ढांचे को सशक्त करना, तथा पूर्वोत्तर को हर मौसम में निर्बाध रूप से जोड़ने वाली वैकल्पिक व्यवस्थाएँ विकसित करना अनिवार्य है।**

**चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की पृष्ठभूमि में तीस्ता परियोजना को देखें तो पूरी तस्वीर और भी साफ हो जाती है। दक्षिण एशिया में भारत को घेरने की रणनीति के तहत पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका और अब बांग्लादेश में चीनी मौजूदगी लगातार बढ़ाई जा रही है। आर्थिक सहायता, अस्पताल, सड़कें और बांध—ये सभी केवल साधन हैं, असली लक्ष्य है प्रभाव और नियंत्रण।**

**इतिहास** बताता है कि युद्ध हमेशा बंदूकों से नहीं लड़े जाते; कई बार नदियाँ, सड़कें और परियोजनाएँ ही हथियार बन जाती हैं। आज भारत के उत्तर-पूर्वी प्रवेशद्वार पर ऐसा ही एक खतरनाक खेल रचा जा रहा है। उत्तर बांग्लादेश की शांत दिखने वाली सीमाओं के पीछे एक गहरी रणनीतिक चाल आकार ले रही है, जिसका केंद्र तीस्ता नदी है और निशाना भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर–देश की तथाकथित 'चिकन नेक '। जनवरी 2026 में चीनी राजदूत याओ वेन का बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ तीस्ता परियोजना स्थल का दौरा महज औपचारिक निरीक्षण नहीं था, बल्कि भारत की सामरिक नब्ज को टटोलने का साहसिक प्रयास था। भारत की जीवनरेखा से कुछ ही किलोमीटर दूर हुआ यह दौरा इसे सामान्य नहीं, बल्कि असाधारण रूप से चिंताजनक बनाता है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर केवल 22 किलोमीटर चौड़ा वह संकरा गलियारा है जो भारत की मुख्य भूमि को उसके आठ पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। नेपाल, भूटान और बांग्लादेश से घिरे इस क्षेत्र में यदि कभी अवरोध पैदा हुआ, तो पूरा पूर्वोत्तर देश से कट सकता है। चीन इस भौगोलिक कमजोरी को वर्षों से समझता रहा है और अब उसे भुनाने की दिशा में ठोस कदम उठाता दिख रहा है। तीस्ता मास्टर प्लान के नाम पर ड्रेजिंग, तटबंध, जलाशय और भूमि पुनर्प्राप्ति जैसे कार्य प्रस्तावित हैं, जिनमें चीनी कंपनियों की प्रमुख भूमिका बताई जा रही है। बांग्लादेश इसे विकास का अवसर बता रहा है, लेकिन सामरिक विशेषज्ञों के लिए यह वह कसती रस्सी है जो धीरे-धीरे भारत की गर्दन के चारों ओर डाली जा रही है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार का रुख इस आशंका को और गहरा करता है। जल संसाधन सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन का चीनी राजदूत के साथ मौके पर जाना और चीन की 'तत्काल रुचि' को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना संकेत देता है कि ढाका अब दिल्ली की संवेदनाओं से अधिक बीजिंग की ओर झुक रहा है। लालमोनिरहाट एयरबेस को पुनः सक्रिय करने की चर्चाएँ और वहां संभावित चीनी मौजूदगी की आशंका पूरे घटनाक्रम को और भी संदिग्ध बना देती है। ये सभी कड़ियाँ मिलकर ऐसा परिदृश्य रचती हैं, जिसमें विकास की आड़ में सैन्य और खुफिया संभावनाओं के बीज बोए जा रहे हैं। भारत-बांग्लादेश संबंधों की पृष्ठभूमि पहले से ही तनाव से भरी रही है। तीस्ता जल बंटवारे पर 2011 का अंतरिम समझौता आज तक अधर में अटका है। पश्चिम बंगाल की आपत्तियाँ और केंद्र-राज्य समन्वय की कमी ने इस मसले को सुलझने नहीं दिया। अब इसी भ्रम और खालीपन का लाभ चीन उठाता दिख रहा है। दिसंबर 2025 में ढाका में हुए भारत-विरोधी प्रदर्शन और भारतीय दूतावास पर हमले की कोशिशों ने स्पष्ट कर दिया था कि बांग्लादेशी राजनीति में भारत के प्रति माहौल बदल चुका है। यूनुस का पूर्वोत्तर को 'लैंडलॉक्ड' बताकर तंज कसना और चीन की आर्थिक ताकत का उल्लेख करना, इस बदले रुख की खुली अभिव्यक्ति थी। तीस्ता परियोजना के लिए चीन से मांगा गया 853 मिलियन डॉलर का ऋण केवल एक आर्थिक लेन-देन नहीं, बल्कि रणनीतिक निर्भरता की शुरुआत है। इतिहास गवाह है कि जहां-जहां चीन ने कर्ज के जरिये प्रवेश किया, वहां उसने धीरे-धीरे राजनीतिक और सैन्य प्रभाव भी कायम किया। श्रीलंका का हम्बनटोटा बंदरगाह इसका सशक्त उदाहरण है। यदि तीस्ता पर चीन की पकड़ मजबूत होती है, तो जल नियंत्रण भविष्य में दबाव का औजार बन सकता है। सूखे में पानी रोकना या मानसून में बाढ़ की स्थिति बनाना, पूर्वोत्तर राज्यों में अस्थिरता फैलाने के लिए काफी होगा। भारतीय खुफिया एजेंसियां इस खतरे को हल्के में नहीं ले रही हैं। रॉ और अन्य सुरक्षा संस्थान तीस्ता क्षेत्र में चीनी गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। आशंका यह भी है कि इंजीनियरिंग और तकनीकी टीमों के साथ-साथ खुफिया नेटवर्क भी जमीन पर सक्रिय किए जा सकते हैं। यदि सिलीगुड़ी कॉरिडोर के आसपास किसी भी तरह की सैन्य या निगरानी संरचना खड़ी होती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# बसंत पंचमी पर नगर पालिका की बड़ी शैक्षिक पहल, 244 बेंच-फर्नीचर सेट वितरित

## अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों को मिला सुदृढ़ आधार





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बसंत पंचमी के पावन अवसर को शिक्षा और संस्कारों से जोड़ते हुए नगर पालिका परिषद पीलीभीत ने एक उल्लेखनीय प्रशासनिक कदम उठाया है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में शहर के प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बच्चों के लिए बुनियादी शैक्षिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बेंच-फर्नीचर सेटों का वितरण शुरू किया गया। इस योजना के तहत कुल 244 बेंच-फर्नीचर सेट विद्यालयों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने कहा कि बसंत पंचमी विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित पर्व है और इस अवसर पर शिक्षा से जुड़ा कार्य करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इसी समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद ने यह निर्णय लिया है, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित वातावरण में अध्ययन का अवसर मिल सके।

इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय ताखान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह की उपस्थिति में विद्यालय को बेंच-फर्नीचर सेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय परिसर में मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया गया। बसंत पंचमी की परंपरा के अनुसार बच्चों को पीली तहरी का प्रसाद भी वितरित किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। डॉ. आस्था अग्रवाल ने जानकारी दी कि यह वितरण कार्य किसी एक विद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के सभी प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से बेंच-फर्नीचर पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पालिका का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी विद्यालय में बच्चों को फर्श पर बैठकर पढ़ने की मजबूरी न रहे। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, निजाकत अली कादरी, निर्मल सिंह टीटू, विपिन कुमार उर्फ राजू फौजी, राशिद हुसैन, अनस अंसारी, रोहित राय, अंशु सोनी, मोहम्मद शरीफ, इकबाल हजरत, अवतार सिंह उर्फ मोनू, सुनीता सिंह, जाहिदा बी, सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने नगर पालिका परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी और विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का स्तर भी मजबूत होगा। उन्होंने इसे शिक्षा के क्षेत्र में नगर पालिका का दूरदर्शी और सकारात्मक कदम बताया।

# बरेली में एसओजी टीम पर हमला

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

गुरुवार रात बिथरी इलाके में चोरी की बैटरी बरामद करने के दौरान अपराधियों ने दबंगों के साथ मिलकर एसओजी टीम पर हमला कर दिया। बिथरी पुलिस ने 12 आरोपियों को नामजद करने के साथ ही फरीदपुर इनायत खां गांव के पूर्व प्रधान कमलेश पटेल समेत कुल 28 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। करीब दस लोग हिरासत में हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। असली बवालियों की तलाश की जा रही है। एसओजी के हेड कांस्टेबल शशि कुमार सिंह की ओर से यह मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने लिखवाया है कि मुखबिर की सूचना पर उनकी टीम रात साढ़े सात बजे करीब फरीदपुर इनायत गांव से बिथरी रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चोरी की बैटरी भरकर ले जा रही एक पिकअप गाड़ी को रोका तो उसमें से उतरे तीन लोग अभद्रता करने लगे। फिर पीछे से आई स्विफ्ट कार में बैठे चार पांच लोगों ने एसओजी टीम से ही पूछताछ शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि पुलिस फिजूल में चेकिंग के नाम पर जनता को परेशान करती है। आज इन्हें सबक सिखा दो। इन लोगों ने गांव में आवाज देकर और भीड़ बुला ली। इन लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे कांस्टेबल मधुर, हेड कांस्टेबल कमल व अनुज गंभीर घायल हो गए।

# नेताजी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : नफीस अहमद अंसारी (जिला महासचिव)

## सपा कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




समाजवादी पार्टी कार्यालय पीलीभीत में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर ने की। इस अवसर पर नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों और योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेंद्र मिश्रा कट्टर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे साहसी, प्रेरणादायी और क्रांतिकारी नेताओं में से एक थे। उन्होंने आईसीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवा में चयन के बावजूद देशसेवा के लिए त्यागपत्र दिया और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा का नारा देकर देशवासियों में जोश और आत्मबल भर दिया।

इस अवसर पर सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि नेताजी ने आज़ादी के लिए सशस्त्र संघर्ष का मार्ग अपनाया। आज़ाद हिंद फौज का गठन कर उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य को सीधी चुनौती दी। आज़ाद हिंद सरकार की स्थापना कर देश को जय हिंद का नारा दिया। उनका विश्वास था कि आज़ादी केवल याचना से नहीं, बल्कि संगठित और निर्णायक संघर्ष से प्राप्त होती है। नेताजी का जीवन त्याग, अनुशासन और अदम्य साहस की मिसाल है, जो आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन राष्ट्रभक्ति और आत्मबल का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं को जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर देश की आज़ादी और एकता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। आज के समय में उनके विचार सामाजिक न्याय, समानता और देशहित के लिए और भी अधिक प्रासंगिक हैं, जिन्हें आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी ने किया।

इस दौरान सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट, सदाकत अली, राजीव वर्मा, सतीश कुमार, अर्जुन भारती, सुरेश चंद्र, भुवनेश कुमार, महेश गंगवार, तोताराम वर्मा, शांतिस्वरूप सहित बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवा, समर्पण और संवेदना की मिसाल बने अमृतलाल, निशक्त जन सेवा संस्थान को मिला सम्मान

- हर महीने की 12 तारीख बनी उम्मीद की तारीख, समाजसेवी अमृतलाल की सेवाओं को सराहना
- घर–घर पहचाने जाने लगे समाजसेवी अमृतलाल, सेवा कार्यों को मिला सार्वजनिक सम्मान



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

आज के समय में जब समाज सेवा कई बार केवल औपचारिकता या प्रचार का माध्यम बनती दिखती है, ऐसे दौर में समाजसेवी अमृतलाल का व्यक्तित्व यह साबित करता है कि सेवा निस्वार्थ भाव से की जा सकती है। इसी सम्मान का प्रतीक रहा निशक्त जन सेवा संस्थान, पीलीभीत, जिसे हाल ही में एक प्रमुख समाचार पत्र द्वारा आयोजित किसान मेले में सम्मानित किया गया।

समाज में यह सम्मान केवल संस्था का अभिनंदन नहीं, बल्कि उस सेवा परंपरा की मान्यता है, जो वर्षों से बिना शोर-शराबे के जरूरतमंदों तक राहत पहुंचा रही है।

### सेवा, समर्पण और संवेदना की मिसाल- अमृतलाल

निशक्त जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमृतलाल आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पीलीभीत ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों में भी वे एक ऐसे समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं, जिनके लिए पीड़ित, गरीब, किसान और दिव्यांग ही परिवार हैं। उनका व्यवहार, दृष्टिकोण और संवेदनशीलता दर्शाते हैं कि सेवा उनके लिए दायित्व नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर व बरखेड़ा विधायक स्वामी विवेकानंद ने अमृतलाल और उनकी टीम को सम्मानित किया। यह क्षण समाज के लिए संदेश भी था कि निस्वार्थ सेवा कभी अनदेखी नहीं रहती।

### हर महीने की 12 तारीख बनी उम्मीद की तारीख

पीलीभीत क्षेत्र में हर महीने की 12 तारीख निशक्त जन सेवा संस्थान के लिए विशेष महत्व रखती है। इसी दिन संस्थान निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करता है, जिसमें सैकड़ों लोग नेत्र रोग, हृदय रोग, कमर और घुटनों के दर्द जैसी बीमारियों के उपचार और जड़ी-बूटियों से इलाज का लाभ प्राप्त करते हैं। अमृतलाल स्वयं मरीजों से मिलते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं और समाधान तक साथ खड़े रहते हैं। यही कारण है कि आज लोग उन्हें घर-घर पहचाने जाने वाला समाजसेवी मानते हैं।

### निशुल्क स्वास्थ्य सेवा से समाज में बनाई अलग पहचान

संस्थान का कार्य केवल चिकित्सा सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दुर्घटनाओं में हाथ गंवा चुके किसानों को कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराना, बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड बनवाकर पांच लाख रुपये तक इलाज की सुविधा देना, ऐसे कार्य केवल संवेदनशील सोच से ही संभव हैं। समाज में अमृतलाल की छवि एक ऐसे सेवक की बन चुकी है, जो न जाति देखता है, न वर्ग और न ही लाभ-हानि। सम्मान ग्रहण करते हुए अमृतलाल ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदार बनाता है। उन्होंने मीडिया और समाज से अपील की कि सकारात्मक कार्यों को मंच मिलना चाहिए, ताकि सेवा की नई ऊर्जा पैदा हो।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने नागरिक सुरक्षा पर भी ध्यान दिलाया और 23 जनवरी को आयोजित ब्लैक आउट मॉक ड्रिल में जनसहभागिता का आह्वान किया। निशक्त जन सेवा संस्थान और अमृतलाल का यह सम्मान उस विचारधारा का प्रतीक है जिसमें सेवा को साधना माना जाता है। ऐसे लोग और संस्थाएं समाज के लिए केवल सहारा नहीं, बल्कि दिशा भी बनती हैं।

# दंपति को नशा सुंघाकर लाखों की चोरी का मामला, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां में नशा सुंघाकर दंपति को बेहोश कर लाखों रुपये के आभूषण और नकदी चोरी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव शेरपुर कलां निवासी गुड्डू पुत्र कल्बे अहमद सब्जियों की पौध बिक्री का काम करते हैं। बुधवार रात वह पत्नी शबाना और तीन बच्चों के साथ खाना खाकर सो गए थे। देर रात अज्ञात चोर घर में घुस आए और दंपति को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया।

इसके बाद चोरों ने कमरे में रखे संदूक से सोने की मांग पट्टी, हार, झुमके, चांदी की पायल सहित लगभग चार लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। नशे के असर से दंपति को सुबह तक होश नहीं आया। गुरुवार सुबह उनकी दस वर्षीय बेटी मेहरवी जगी और माता-पिता को न उठता देख रोने-चिल्लाने लगी। बच्ची की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ डॉ. प्रतीक दहिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बेहोश महिला शबाना को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

पीड़ित गुड्डू ने बताया कि बीज खरीदने के लिए घर में चार लाख रुपये रखे थे, जिनमें से एक लाख साठ हजार रुपये दो व्यापारियों को देने थे, वह रकम भी चोरी हो गई। पुलिस को घर से एक इंजेक्शन, सिरिंज और रुमाल बरामद हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि नशीले रुमाल से दंपति को बेहोश किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से जानकारी ली। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द खुलासे का दावा किया है।

# बसंत पंचमी पर रोटरी क्लब पीलीभीत ने किया मां सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत स्थापना पूजन





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर रोटरी क्लब पीलीभीत की ओर से शिक्षा और संस्कृति के संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। स्थानीय ग्राम बरहा स्थित कंपोजिट राजकीय विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा की विधिवत स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रोटरी गवर्नर रोटेरियन राजन विद्यार्थी मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब पीलीभीत के अध्यक्ष डॉ.अनिल सक्सेना, सचिव कपिल अग्रवाल सहित क्लब के अनेक सदस्य मौजूद रहे। पूजन-अर्चन एवं आरती के उपरांत विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के अध्यापकों ने पटका एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर रोटरी गवर्नर, क्लब अध्यक्ष एवं सचिव का अभिनंदन किया।कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका गीता द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, उपलब्धियों एवं नवाचारों की संक्षिप्त जानकारी उपस्थित अतिथियों के समक्ष रखी। इस दौरान विशेष शैक्षिक उपलब्धि प्राप्त छात्र रितिक को रोटरी क्लब की प्रथम महिला चिकित्सक डॉ.अनुरिता सक्सेना द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। क्लब अध्यक्ष डॉ.अनिल सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी क्लब पीलीभीत शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यालयों में शैक्षिक संसाधनों, संस्कारों और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने हेतु क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विस्तार से उल्लेख किया। मुख्य यजमान रोटरी गवर्नर राजन विद्यार्थी ने विद्यालय के वातावरण और कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व पर इस प्रकार का आयोजन पूरे रोटरी मंडल 3110 में एक उदाहरण है। उन्होंने इसे रोटरी क्लब पीलीभीत का अभिनव और प्रेरणादायी प्रयास बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और आने वाली पीढ़ी संस्कारवान बनती है। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब के सचिव कपिल अग्रवाल ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रसाद व भोजन वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बसंत पंचमी : इतिहास से आधुनिक उल्लास तक

## पतंगों से सजा आसमान, खुशियों से भरा हर घर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर विगत शुक्रवार को पूरे क्षेत्र में बसंत पंचमी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हालांकि की हवाओं का रुख बदलता भी रहा उसके बाद थोड़ी बूंदाबांदी भी हुई साथ ही शाम लगभग 6–30 बजे के बाद बरसात भी हुई जिससे लोगों में पतंग उड़ाने का उत्साह शाम के समय कम दिखाई दिया।

बताते चलेकी यह पर्व भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत प्राचीन और पावन त्योहार है, जो ज्ञान, विद्या, संगीत और कला की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माँ सरस्वती का प्राकट्य हुआ था, इसलिए यह दिन विद्यारंभ, पुस्तक पूजन और सरस्वती वंदना के लिए विशेष महत्व रखता है। इतिहास में बसंत पंचमी का उल्लेख वैदिक काल से मिलता है। उस समय लोग ऋतुओं के परिवर्तन को जीवन से जोड़कर देखते थे। कहा जाता है कि बसंत पंचमी के दिन ऋतुराज बसंत का आगमन होता है, जिससे प्रकृति में नई चेतना, ऊर्जा और सौंदर्य का संचार होता है। खेतों में सरसों के पीले फूल खिलते हैं, पेड़ों पर नई कोपलें फूटती हैं और चारों ओर सौंदर्य और सुखद वातावरण का अनुभव होता है। सांस्कृतिक दृष्टि से देखें तो प्राचीन काल में राजाओं और विद्वानों द्वारा इस दिन कवि सम्मेलन, संगीत और नाट्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। मध्यकाल में यह पर्व उतना ही उल्लास और आनंद लेकर आया। मुगल काल में पतंगबाजी को बसंत पंचमी से जोड़ा गया और यह परंपरा धीरे-धीरे जनमानस में रच-बस गई। समय के साथ यह पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं रहकर सांस्कृतिक और सामाजिक उत्सव का रूप लेने लगा। इस बार के उत्सव में सुबह की शुरुआत मंदिरों, विद्यालयों और घरों में माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर सरस्वती वंदना की और शिक्षा, बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिन के बढ़ते तापमान के साथ-साथ पतंगबाजी का दौर शुरू हुआ और रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान सजा। बच्चों के साथ माता-पिता, दादा-दादी और बुजुर्ग भी पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए।?पतंगबाजी के दौरान बच्चों और बड़ों की आपसी बातचीत, हंसी-मजाक और दोस्ताना प्रतिस्पर्धा ने माहौल को और जीवंत बना दिया। घरों में पीले रंग के पारंपरिक व्यंजन, मिठाइयां और विशेष पकवान बनाकर परिवार के सदस्य एक साथ आनंद लेते नजर आए। महिलाएं पारंपरिक गीत गा रही थीं, जबकि पुरुष वर्ग उत्साह और हंसी-मजाक में डूबा रहा। बसंत पंचमी का यह उत्सव केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने ज्ञान, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया। माँ सरस्वती की आराधना ने बच्चों और युवाओं को शिक्षा और संस्कारों के महत्व का बोध कराया, वहीं परिवारों की संयुक्त सहभागिता ने यह दर्शाया कि भारतीय त्योहार पीढ़ियों को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

कुल मिलाकर, शुक्रवार को मनाई गई बसंत पंचमी इतिहास, परंपरा और आधुनिक उल्लास का सुंदर संगम बनकर सामने आई। पतंगों से सजा आसमान, खिलखिलाती मुस्कानें और पारिवारिक उत्साह ने हर मन में बसंत की सच्ची अनुभूति भर दी।

# राजकीय ड्रमंड इंटर कालेज में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

उत्तर प्रदेश दिवस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर आज ड्रमंड इंटर कालेज, पीलीभीत में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने और राहत-बचाव कार्यों में सहयोग करने के लिए जागरूक करना था। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी पर सायरन बजाई गई और तुरन्त विद्युत व्यवस्था बाधित कर ब्लैक आउट की स्थिति उत्पन्न की गई। नागरिकों ने सुरक्षित स्थान और शेल्टरों में शरण ली। हवाई हमले की काल्पनिक स्थिति में घायलों को सुरक्षा बलों, आपदा मित्रों और चिकित्सीय टीम द्वारा तुरंत उपचार प्रदान किया गया तथा उन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया।

### इस दौरान छोटी आग बुझाने के लिए फायर

एक्सटिंग्विशर और बड़ी आग बुझाने के लिए फायर सर्विस की टेंडर वाहन का प्रयोग किया गया। खतरे के समाप्त होने पर दो मिनट तक ऑल किल्यर सायरन ध्वनि द्वारा सुरक्षा की पुष्टि की गई। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह है कि किसी भी प्रकार की आपदा चाहे युद्ध जैसी हो या अन्य में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों और संबंधित विभागों को आपदा प्रबंधन के लिए सतत जागरूक रहना आवश्यक है। मॉक ड्रिल में जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी,मुख्य चिकित्साधिकारी, अग्निशमन अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नागरिक सुरक्षा कोर के स्वयंसेवक, स्काउट- गाइड और अन्य अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिकारियों ने आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में संयम बनाए रखने, प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने, अफवाहों से बचने और सुरक्षा मानकों का पालन करने के महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस अभ्यास से नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में पीलीभीत में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद जताई गई।

# जमीन बिक्री के नाम पर साढ़े सात लाख की ठगी

## चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**




जमीन बिक्री के नाम पर साढ़े सात लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि सौदा तय होने और रकम लेने के बाद आरोपियों ने न सिर्फ बैनामा करने से इनकार कर दिया, बल्कि विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया केसरपुर निवासी उपासना देवी पत्नी सुवेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी जान-पहचान नरेश शर्मा और खरगारी वर्मा ने गुरमीत कौर पत्नी शमशेर सिंह और उनकी पुत्री रमनदीप कौर से कराई थी। बातचीत के दौरान बताया गया कि गुरमीत कौर की बेटी विदेश जाना चाहती है, जिसके लिए उन्हें रुपयों की जरूरत है और वह अपनी कृषि योग्य भूमि बेचना चाहती हैं। पीड़िता के अनुसार जमीन का सौदा 14 लाख 50 हजार रुपये में तय हुआ। 19 नवंबर को सौ रुपये के स्टांप पर जमीन बिक्री का इकरारनामा हुआ, जिसमें उन्होंने दो लाख रुपये नकद दिए। इसके बाद 20 नवंबर को पांच लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से आरोपियों के खाते में ट्रांसफर किए गए। पीड़िता ने बताया कि 22 नवंबर को तय तिथि पर वह शेष रकम लेकर तहसील पहुंच गईं, लेकिन गुरमीत कौर और उनकी बेटी वहां नहीं पहुंचीं। बाद में जब वह पति के साथ आरोपियों के घर गईं तो दोनों मां-बेटी ने बैनामा करने से साफ इनकार कर दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने साजिश के तहत धोखाधड़ी कर पीड़िता से साढ़े सात लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने गुरमीत कौर, रमनदीप कौर, नरेश शर्मा और खरगारी वर्मा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# औषधि निरीक्षक के आने की सूचना से मेडिकल स्टोरों में हड़कंप, शटर गिरे

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नकली कफ सिरप के मामले में औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) के तहसील क्षेत्र में आने की सूचना से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई की आशंका से कई मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए, जिससे क्षेत्र में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। गौरतलब है कि हाल ही में पुलिस ने नकली कफ सिरप बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर आरोपी को जेल भेजा था। आरोपी के पास से भारी मात्रा में नकली कफ सिरप बरामद की गई थी। चर्चा है कि उक्त सिरप की सप्लाई क्षेत्र के कई मेडिकल स्टोरों तक की जा रही थी। नकली कफ सिरप प्रकरण सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग और औषधि विभाग में खलबली मच गई। जैसे ही तहसील क्षेत्र में औषधि निरीक्षक के आने की सूचना फैली, मेडिकल स्टोर संचालकों में अफरा-तफरी मच गई। कार्रवाई से बचने के लिए कई संचालकों ने शटर गिरा दिए और इधर-उधर हो गए। कई स्थानों पर सुबह से ही मेडिकल स्टोरों पर ताले लटके नजर आए। दिनभर बाजार में मेडिकल स्टोरों पर सन्नाटा छाया रहा। मेडिकल संचालक लगातार एक-दूसरे से फोन पर विभागीय अधिकारियों के आने-जाने की जानकारी लेते रहे।

# सरकारी प्रयास से ग्रामीण अंचलों में बेहतर परिवहन सुविधा और क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति : विधायक स्वामी प्रवक्तानंद

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बीसलपुर से बरखेड़ा होते हुए उत्तराखंड के हल्द्वानी तक अब रोडवेज बस सेवा के माध्यम से सीधा सफर संभव हो गया है। यह सेवा शुक्रवार को बरखेड़ा नगर में आयोजित समारोह के माध्यम से औपचारिक रूप से शुरू की गई। महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने हरी झंडी दिखाकर एवं नारियल फोड़कर बस को रवाना किया। नई बस सेवा से बीसलपुर, बरखेड़ा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों को काफी राहत मिलेगी। अब यात्रियों को हल्द्वानी जाने के लिए बार-बार वाहन बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी यात्राओं में सुविधा बढ़ेगी। कार्यक्रम में स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार आमजन की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। नई रोडवेज सेवाओं से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिली है। इस अवसर पर बरखेड़ा नगर के चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता 'पप्पन', भाजपा कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने मिठाई बाँटकर खुशी जाहिर की। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को इस जनहितैषी कदम के लिए धन्यवाद दिया और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

इस नई बस सेवा से न केवल दैनिक यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच में भी सुधार आएगा। लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा करना स्थानीय प्रशासन और सरकार की जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक है। उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले समय में और अधिक ऐसी सुविधाएं दूरदराज़ क्षेत्रों तक लोगों को जोड़ेंगी और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार लाएँगी।

# हम अपनी वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत से सदैव सीखने का कार्य करें : मनोज

जन एक्सप्रेस | उरई




शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान मे सकल हिन्दू समाज के सहयोग से गिद्धासा मंडल के नदीगाँव मे विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रचारक मनोज कर्णखेरा मंदिर के महंत पूज्य शंकर दास महाराज जिला सेवा प्रमुख विपिन एवं व्यवस्था प्रमुख मोहित द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने उद्बोधन मे विभाग प्रचारक मनोज ने कहा हमारा देश भारत ऐसा देश है। जिसे सोने की चिड़िया के नाम से पुकारे जाने का गौरव प्राप्त है क्योंकि यह भारत ही ऐसा देश है। जहाँ के प्राकृतिक संसाधनों, सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक और आर्थिक दृष्टि से सम्पूर्ण विश्व मे समृद्ध राष्ट्र रहा है हमारे देश का स्वर्णिम इतिहास वैभवशाली संस्कृति, औपनिवेशिकि भारत की समृद्धि को बयां करती है भारत मे भोजन कपास रत्न विश्व की जो भी आवश्यकता थी भारत मे उपलब्ध थी। भारत मे गुरुकुलों के ज्ञान समृद्धशाली शिक्षण व्यवस्था का सम्पूर्ण विश्व लोहा मानता जब विश्व ज्ञान की चाह रखता था तब हमारे देश ने विश्व को उच्च स्तरीय शिक्षा पद्धति से परिचित करा दिया था मैकाले भारत आया वह यहाँ की शिक्षण व्यवस्था को देख हद प्रदेश हुआ और यहाँ से ज्ञानार्जन कर पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था लागू करने का सफल प्रयास कर शिक्षा व्यवस्था मे बदलाव कर सांस्कृतिक विरासत को छिन्नभिन्न करने का कार्य किया। उन्होंने कहा हिंदुओं को एकजुट होना होगा, तभी हमारी संस्कृति और धर्म बचेगा और भारत पुनः अपने उसी वैभव पर पहुचेगा उन्होंने कहा कि देश में कास्टवाद नहीं राष्ट्रवाद की जरूरत है। कहा कि जात-पांत की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई भाई एवं संस्कारों और संस्कृति का महत्व बताते हुए कहा कि आज के समय मे बच्चों को संपत्ति नहीं संस्कृति और संस्कार देने की आवश्यकता है। व्यवस्था प्रमुख मोहित ने कहा हमे अपनी भाषा वेशभूषा खानपान घूमने के स्थान भारतीय संस्कृति के अनुकूल रखना चाहिये। हमे अपने पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है। देश के संसाधनों का उचित प्रयोग करना है विश्व के अंदर सर्वाधिक कृषि योग्य भूमि कहीं है तो वह हमारे देश के पास है। इसीलिये भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है हमें अपने खेतों मे अत्यधिक पेस्टीसाइट के उपयोग से बचना है। अंत मे सभी को शरण दास महाराज का आशीर्वचन प्राप्त हुआ और सभी ने भारत माता की आरती की कार्यक्रम मे खण्ड कार्यवाह मानसिंह मोहित आशुतोष, गोविन्द दौलत परिहार सहित मंडल के बंधु उपस्थित रहे।

## आज दिलायी जायेगी मतदाता जागरूकता दिवस की शपथ

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** हरदोई।जिला क्रीड़ाधिकारी मंजू शर्मा ने बताया है कि प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाते आ रहे है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। इसी उद्देश्य से 25 जनवरी को मतदाता जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाना था परन्तु उक्त तिथि को अवकाश होने की दशा में जिला खेल कार्यालय में 24 जनवरी को समय पूर्वान्ह 11.00 बजे मतदाता शपथ मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है। अतः उक्त के क्रम में सभी को सूचित किया जाता हैं कि 24 जनवरी को जिला खेल कार्यालय परिसर हरदोई में पूर्वान्ह 11.00 बजे सभी खिलाड़ियों व अन्य सभी कार्मिको को मतदाता जागरूकता दिवस की शपथ दिलाई जायेगी जिसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, मौके पर शिकायतों का निस्तारण

जन एक्सप्रेस | उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज प्रातः 10 बजे से अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। जनसुनवाई में सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, खण्ड विकास अधिकारियों, समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर अधिकारियों से संवाद कर निस्तारण कराया गया, जबकि शेष लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान रामपुर विकास क्षेत्र से एक अन्य प्रकरण सामने आया, जिसमें एक दादी अपने पोतों पोती को लेकर उपस्थित हुईं। उन्होंने बताया कि बच्चों के (माता-पिता )बहू और पुत्र एवं पति का देहांत हो चुका है। वह अकेली है और बहू के तीन बच्चे हैं पढ़ाई आदि का खर्च नहीं हो पा रहा है । इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी को बुलाकर मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत बच्चों को लाभान्वित करने के की औपचारिक कार्यवाही करायी गई और बीएसए को पठन पाठन हेतु सम्यक् निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में विद्युत, पेंशन, राजस्व, आवास, पारिवारिक विवाद शादी अनुदान सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी प्रातः 10 बजे जनसुनवाई हेतु उपस्थित हो और इस दौरान कोई मीटिंग आदि ना रखी जाए ।अपने अधीनस्थ कर्मियों की भी ससमय उपस्थिति सुनिश्चित कराए।

## श्री खाटू श्याम की भव्य निशान शोभा यात्रा में गोरिल्ला डांस और पंजाबी भांगड़ा रहे विशेष आकर्षण

जन एक्सप्रेस | शाहाबाद



श्री खाटू श्याम,करोली बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को खाटू श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई। निशान शोभायात्रा का गायत्री मंदिर से शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात घास मंडी तिराहा,घंटाघर,चौक से नगर भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में पहुंची यहां पर खाटू जी के पूजन के पश्चात संकीर्तन स्थल राम वाटिका पहुंचकर इस यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा में शामिल श्याम प्रेमियों के जयकारे से पूरा नगर ही भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुगण श्याम धुन पर जमकर झूमें। यात्रा में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा में सम्मिलित विशालकाय गोरिल्ला की जोड़ी आकर्षण का केंद्र बनी रही। गोरिल्ला डांस ने सभी का मनोरंजन किया, वही पंजाबी भांगड़ा की टोली ने भक्तों को जमकर नृत्य करवाया। शोभा यात्रा की अगुवाई कर रहे विभिन्न रंगों से सुसज्जित निशान धारण किए श्याम प्रेमी भक्ति की छठा बिखेर रहे थे। शोभा यात्रा में सैकड़ों महिलाएं शामिल रही। शुक्रवार की रात्रि को ही राम वाटिका में श्री खाटू श्याम का भव्य संकीर्तन होगा। इस शोभा यात्रा में विजय राठौर,सर्वेश गुप्ता,वंदना गुप्ता,कैलाश गुप्ता,राकेश कुमार गुप्ता,जगदीश नारायण अरोडा,दिलीप गुप्ता,राकेश गुप्ता उर्फ मंगू,विमलेश गुप्ता,राजन सैनी,रितेश,अशोक कुमार,रोहित गुप्ता,रवि गुप्ता,अंकित,संचित सहित सैकड़ों भक्त गण मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में नागरिक सुरक्षा ब्लैकआउट मॉकड्रिल का सफल आयोजन

## हवाई हमले की आपात स्थिति से निपटने का किया गया व्यावहारिक अभ्यास, सभी विभागों का सराहनीय समन्वय

जन एक्सप्रेस | उरई



प्रमुख सचिव, नागरिक सुरक्षा अनुभाग शासन के निर्देशानुसार आज पुलिस लाइन परिसर में नागरिक सुरक्षा की ब्लैकआउट मॉकड्रिल का व्यापक एवं प्रभावी आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित हवाई हमले की स्थिति में आमजन की सुरक्षा, त्वरित राहत एवं प्रभावी बचाव कार्यों का परीक्षण करना था। मॉकड्रिल के दौरान चरणबद्ध रूप से हवाई हमले की आपात स्थिति का सजीव प्रदर्शन किया गया। सर्वप्रथम 2 मिनट तक ऊँची-नीची तेज आवाज में सायरन बजाकर हवाई हमले की चेतावनी दी गई, जिसके उपरांत नागरिकों को सुरक्षित शेल्टर में पहुँचाने की प्रक्रिया अपनाई गई। तत्पश्चात् ऑल क्लियर संकेत हेतु 2 मिनट तक सामान्य ध्वनि में सायरन बजाकर स्थिति सामान्य होने का संदेश दिया गया। अभ्यास के दौरान हवाई हमले से उत्पन्न आग की स्थिति को दर्शाते हुए अग्निशमन विभाग द्वारा फायर टेंडर एवं अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का सटीक एवं त्वरित प्रदर्शन किया गया। वहीं, क्षतिग्रस्त भवनों से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुँचाने का सफल अभ्यास किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश ने मॉकड्रिल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपदा प्रबंधन के प्रति सतर्कता, तत्परता एवं समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी मॉकड्रिल आपात परिस्थितियों में मानव जीवन की रक्षा हेतु अत्यंत आवश्यक हैं तथा इससे प्रशासनिक एवं आपात सेवा इकाइयों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। मॉकड्रिल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एमएलसी प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, जिला आपदा विशेषज्ञ, नागरिक सुरक्षा के अधिकारी-कर्मचारी, कलेक्ट्रेट स्टाफ सहित जनपद के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभ्यासों से आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकती है, जिससे जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

# शाहाबाद क्षेत्र में कांग्रेस का मनरेगा बचाओ चौपाल कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस | शाहाबाद




तहसील शाहाबाद के ग्राम वासित नगर में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और हरदोई शहर अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शाहाबाद के बासितनगर गांव में आयोजित जनचौपाल का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनरेगा का नाम बदलने एवं योजना को धीरे-धीरे समाप्त करने की नीति के विरोध को लेकर रहा। चौपाल में ग्रामीणों को मनरेगा की जनहितकारी भूमिका से अवगत कराते हुए इसे बचाने का संकल्प लिया गया। चौपाल का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत तिवारी के नेतृत्व में किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडेय एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित प्रमुख रूप से मौजूद रहे। चौपाल में जिला उपाध्यक्ष कमलेश चंद रस्तोगी, जिला महासचिव लक्ष्मी प्रकाश मिश्रा, जिला महासचिव एवं कार्यालय कंट्रोल रूम इंचार्ज राजेंद्र वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष भरखनी विदुर त्रिवेदी, नगर कांग्रेस कमेटी शाहाबाद के अध्यक्ष धीरज रस्तोगी, सुनील प्रजापति, बाबूराम कुशवाहा, महताब अहमद एवं अभय कुशवाहा उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को किया गया सम्मानित



**जनएक्सप्रेस/सांडी।** सांडी,हरदोई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत केरल राज्य में 01 लाख ऋण वितरण कार्यक्रम एवं 30,000 रुपये के क्रेडिट कार्ड के शुभारंभ के अवसर पर डीएम अनुनय झा के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद साण्डी द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही नगर की सभी बैंकों द्वारा लाभार्थियों को ऋण का वितरण किया गया एवं संबंधित प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।इस अवसर पर नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक शकील अहमद, पालिका के सम्मानित सभासद मो. आफताब, वली हसन, मो. तैयब सहित नगर की चारों बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पात्र स्ट्रीट वेंडरों को योजना से जोड़ने की अपील की गई।

# डीएम की अध्यक्षता मे विकास एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | हरदोई



विवेकानन्द सभागार मे डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद में एक करोड़ से ऊपर के विकास एवं निर्माण कार्यों/परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्यो मे शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा,डीडीओ, परियोजना निदेशक डीआरडीए, अर्थ एवं संख्या अधिकारी,प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के साथ जिला कारागार मे श्रद्धेय आचार्य गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक का उद्घाटन किया। इसके उपरान्त उन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया, तथा उनके जीवन एवं कार्यो पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व सभी सम्बन्धित अधिकारी, उपस्थित रहें।

### जीनियस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया बसन्तोत्सव



**जनएक्सप्रेस/हरपालपुर।** जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरपालपुर में वसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला मे प्रथम दिवस मेले जैसा उत्सव रहा।माता सरस्वती के पूजन हवन यज्ञ के साथ शुरू हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ कबड्डी, वालीबाल, खो-खो आर्ट क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग, आर्म रैसलिंग में बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया द्यइस अवसर पर प्रबंधक भूपेंद्र सिंह चौहान, प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह सहित अजय अवस्थी, शोभित त्रिवेदी, हिमांशु सिंह, अनुज तिवारी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।आयोजित मैच में खो खो में अरावली हाउस, वॉलीबॉल में उदयगिरि, कबड्डी अरावली हाउस विजेता रही।इसी क्रम में दूसरे दिवस ताइक्कांडो, जूडो, 400मी, 100 एम रेस, लॉन्ग जंप, शूटिंग, कुकिंग, मेहंदी पोस्टर विद्यालय में प्रवेश कराकर बच्चों की शिक्षा प्रारंभ कराई।

# जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 65 शिकायतें



जन एक्सप्रेस | हरदोई

हरदोई। कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 65 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणावत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे आज एक व्यक्ति का वृद्वावस्था पेशन योजना के लिये सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये व पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इस अवसर पर एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माँ सरस्वती के पूजन के साथ मनाया गया बसन्तोत्सव

जन एक्सप्रेस | शाहाबाद



नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बसंत पंचमी का पर्व हर्ष और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर सुबह के वक्त बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने मां गायत्री के मंदिरों में पहुंचकर पूजा नार्कन किया और प्रसाद चढ़ाया इस मौके पर कई स्थानों पर कन्याओं को भोज भी कराया गया। नगर के परागदत्त सरस्वती शिक्षण संस्थान में मां सरस्वती का पूजन तथा हवन करके बसंत पंचमी कार्यक्रम कर सरस्वती जी का जन्मोत्सव मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक आदित्य कुमार शुक्ला ने कहा हर वर्ष की भांति स्कूल के बच्चों ने उत्साह पूर्वक माँ सरस्वती का पूजन कर बसंत पंचमी उत्सव मनाया। उनके स्कूल का उद्देश्य है कि बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ ईश्वर के प्रति समर्पण और राष्ट्रीयता के प्रति प्रेम और समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण जाग्रत हो। सरस्वती देवी शिक्षा और कला की देवी हैं उनके पूजन से बच्चों में बुद्धि का विकास होता है। हवन पूजन कार्यक्रम के बाद बच्चों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव नयन दीक्षित,उमेश मिश्रा,दिनेश कुमार, राकेश पाण्डेय,पिंटू शुक्ला,निशा शर्मा, शालिनी गुप्ता,आकांक्षा व फूलबी आदि ने बसंत पंचमी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# डीएम ने की सीएम डैश बोर्ड विकास कार्यो की समीक्षा बैठक




जन एक्सप्रेस | हरदोई

हरदोई। जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में विकास कार्यों से सम्बंधित विभागों की सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय योजनाओं की प्रगति बढायी जाये। उन्होंने जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कहा कि सीएम डैश बोर्ड पर खराब प्रगति जनपद की रैंक को प्रभावित कर सकती है, इसलिये सभी विभाग अपने-अपने विभाग की रैकिंग पर विशेष ध्यान दे। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूली वाहनों की सुरक्षा पर डीएम सख्त, बिना फिटनेस वाहन चलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद में विद्यालयों के बच्चों की सुरक्षा को लेकर डीएम शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विद्यालय वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना है। बैठक के दौरान एआरटीओ दिलीप गुप्ता द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों एवं उनके अनुपालन की विस्तृत जानकारी डीएम के समक्ष प्रस्तुत की गई। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी विद्यालयों में यातायात सुरक्षा समिति का गठन अनिवार्य रूप से किया जाए तथा विद्यालयों द्वारा संचालित सभी वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र तत्काल प्राप्त किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी विद्यालय द्वारा 15 दिनों के भीतर फिटनेस प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो संबंधित विभाग की टीम भेजकर वाहनों की भौतिक जांच कराई जाये और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस के किसी भी विद्यालय में वाहन संचालित न हो, इसका शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर विद्यालय वाहनों के परमिट, वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, चरित्र सत्यापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण की जांच की जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा से हो सके। बैठक में डीएम ने कहा कि चिलबिला क्षेत्र में नो-एंट्री के बावजूद भारी वाहनों द्वारा सड़क किनारे लोडिंग-अनलोडिंग किए जाने से जाम की समस्या बनी रहती है, अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारी वाहनों का लोडिंग-अनलोडिंग कार्य केवल निर्धारित समय में ही कराया जाए, सख्त निगरानी रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिए गए आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद में यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जा सके। बैठक में ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, सांसद प्रतिनिधि बीएल वर्मा, एआरटीओ दिलीप गुप्ता, ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार, ट्रान्सपोर्ट यूनियन अध्यक्ष विजय सिंह, आशुतोष पाण्डेय सहित अन्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

हाईवे सड़क पर दो बाइक की आमने सामने सीधी भिड़ंत में घायल युवक की बृहस्पतिवार को गोरखपुर एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कसया के एकडेरवा निवासी 30 वर्षीय नीतेश 12 जनवरी को बाइक से फाजिलनगर से वापस अपने घर जाते समय चौरा खास के धुनवलिया हाईवे क्रासिंग के समीप कसया की तरफ से बाइक से वापस घर आ रहे थे। अभी चौरा खास थाना क्षेत्र के गांव अमवा चौधरी निवासी 36 वर्षीय धर्मेंद्र पटेल की बाइक से टकरा गई।इसमे दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने दोनों को गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान अमवा चौधरी निवासी धर्मेंद्र चौधरी की मौत हो गई।

# हत्या के प्रयास व मारपीट के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के जेठवारा थाने की पुलिस ने वैवाहिक समारोह में मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। बता दें कि बीते वर्ष मई महीने में पन्द्रह तारीख को थाना इलाके के होला का पुरवा गांव में किसी बात को लेकर बाराती व घराती के लोगों के बीच आपसी विवाद होने लगा। इतने में गांव के रहने वाले लगभग आधा दर्जन लोग लाठी-डन्डा व धारदार हथियार लेकर एक व्यक्ति को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की नियत से मारे पीटे जिससे उसे को गम्भीर चोटें आयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी जेठवारा विजय कान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में एसआई अमित कुमार वर्मा व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों शुभम पटेल उर्फ जलकेश व तनुज पटेल को पुलिस आफिस गेट के पास से गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्त थाना इलाके के होला का पुरवा के रहने वाले हैं। पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# महिला के साथ मारपीट व छेड़खानी के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के महेशगंज थाने की मिशन शक्ति टीम ने शुक्रवार को महिला से छेड़खानी व मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीते 13 जनवरी को महेशगंज थाना इलाके के एक गांव में एक महिला के साथ छेड़खानी, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने की घटना हुई थी। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। एसपी दीपक भूकर द्वारा महिला अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी महेशगंज राधेश्याम के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना महेशगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महमदपुर चारपुरा के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सुनील वर्मा व संतराम पटेल थाना इलाके के महमदपुर चारपुरा गांव के रहने वाले हैं। जिले की पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ की गई कार्यवाही से स्पष्ट है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है।

## 24 जनवरी को कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का होगा चयन : उप कृषि निदेशक

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में शुक्रवार को उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित मैकेनाइजेशन एंव इन-सीटू योजनान्तर्गत समस्त अवशेष कृषि यन्त्रों जिसकी बुकिंग 8 जनवरी से 21 जनवरी के मध्य जिले के जिन कृषकों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग की गयी है, उनमें लाभार्थियों का चयन 24 जनवरी को दोपहर 12.00 बजे से कृषि भवन के सभागार कक्ष में डीएम की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है। उन्होने जनपद के समस्त संबधित कृषक बन्धुओ जिनके द्वारा कृषि यन्त्रो हेतु आनलाइन बुकिंग की गयी है, उनसे अनुरोध किया है कि ई-लाटरी हेतु निर्धारित तिथि, स्थान व समय पर उपस्थित रहकर ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थियो के चयन में सहभागिता करें।

# 30 तक फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करायें किसान : सीडीओ

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जनपद के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करने एवं इसके लाभ व अनिवार्यता से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार वाहन को मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भवन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर शुक्रवार को रवाना किया गया। पांचों तहसीलों के लिए कुल पांच प्रचार वाहन भेजे गए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा संतोष कुमार सिंह एवं उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्रचार वाहन हेतु नामित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे जिले के समस्त गांवों में जाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करें तथा अवशेष किसानों की रजिस्ट्री तैयार कराना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ऐसे लाभार्थियों, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री अभी तक नहीं बनी है, से अपील की कि वे 30 जनवरी 2026 तक अपने नजदीकी कैम्प अथवा सहज जनसेवा केन्द्र पर आधार कार्ड, खतौनी एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें ताकि पीएम किसान योजना की आगामी किस्त का लाभ प्राप्त हो सके।

उप कृषि निदेशक ने बताया है कि प्रचार वाहन तहसील सदर, रानीगंज, पट्टी, लालगंज एवं कुण्डा के तहसील मुख्यालयों पर संबंधित उप जिलाधिकारी से हरी झण्डी दिखवाकर अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। अभियान के दौरान लाउडस्पीकर, नुक्कड़ गोष्ठी, ग्राम पंचायतों में कैम्प, लोकगीत एवं संबोधन के माध्यम से किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभों की जानकारी दी जाएगी। इस कार्य हेतु तहसीलवार कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। कार्यक्रम में वीर विक्रम सिंह अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भोलानाथ सिंह, अजय सिंह, विजय सिंह, राजेन्द्र उपाध्याय, सुरेश कुमार सिंह तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपहा सीएचसी में इमरजेंसी की सुविधा नहीं, संकट में मरीज

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

सीएचसी सपहा में रात के समय आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं न होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन संत गाडगेनगर (नौकाटोला) के पास सीएचसी आसपास के 20 से अधिक गांवों और नगरवासियों के लिए सबसे अहम स्वास्थ्य केंद्र है, लेकिन जरूरी सुविधाओं के अभाव में लोगों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है।

# एआरटीओ और डीडीओ ने छुए प्रभारी मंत्री के पैर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह मंगलवार की दोपहर लार क्षेत्र के रोपन छपरा में ठाकुर भद्रसेन सिंह के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होने बलिया से आए। जिले की सीमा में प्रवेश करते ही भागलपुर पुलिस चौकी के पास जिले के अधिकारियों ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। डीडीओ सुशील कुमार सिंह ने प्रभारी मंत्री को गुलदस्ता भेंट किया और पैर छुए।

एआरटीओ और डीडीओ ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में जिले में पहुंचे प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह के पैर छुए। बुधवार को इसका वीडियो वायरल हो गया। इसको लेकर खूब चर्चा हुई। संवाद न्यूज एजेंसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करती है।

जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह मंगलवार की दोपहर लार क्षेत्र के रोपन छपरा में ठाकुर भद्रसेन सिंह के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होने बलिया से आए। जिले की सीमा में प्रवेश करते ही भागलपुर पुलिस चौकी के पास जिले के अधिकारियों ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया।

डीडीओ सुशील कुमार सिंह ने प्रभारी मंत्री को गुलदस्ता भेंट किया और पैर छुए। यही क्रम एआरटीओ आशुतोष शुक्ला ने भी दोहराया। इसका वीडियो बुधवार को वायरल हो गया। इस मामले में एआरटीओ आशुतोष शुक्ल ने कहा कि वह वीडियो में खड़े हैं।

पैर छूने वाले का चेहरा स्पष्ट नहीं है, लेकिन मेरे द्वारा पैर छूने की बात कहकर प्रचारित किया जा रहा है, जो गलत है। वहीं, डीडीओ सुशील कुमार सिंह ने वायरल वीडियो पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

हाईवे सड़क पर दो बाइक की आमने सामने सीधी भिड़ंत में घायल युवक की बृहस्पतिवार को गोरखपुर एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कसया के एकडेरवा निवासी 30 वर्षीय नीतेश 12 जनवरी को बाइक से फाजिलनगर से वापस अपने घर जाते समय चौरा खास के धुनवलिया हाईवे क्रासिंग के समीप कसया की तरफ से बाइक से वापस घर आ रहे थे। अभी चौरा खास थाना क्षेत्र के गांव अमवा चौधरी निवासी 36 वर्षीय धर्मेंद्र पटेल की बाइक से टकरा गई।इसमे दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने दोनों को गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग ने कसी कमर

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा बोर्ड परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा द्वारा वैष्णो देवी इ0का0 गोदाही चेरगढ़ एवं मीरा देवी इ0का0 लोदीपुर, बिहार का विद्यालय स्तर पर तैयारियों का निरीक्षण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया है कि वर्ष 2026 की परीक्षा दिनांक 18 फरवरी से प्रारम्भ हो रही है, जिसमें कुल 166 केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्रों की निगरानी के लिए पांच जोनल मजिस्ट्रेट एवं सत्रह सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है तथा दो फरवरी से होने वाली प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए सभी केन्द्रों के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये हैं। ऑनलाइन मॉनीटरिंग किये जाने हेतु जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा केन्द्रों के स्थलीय निरीक्षण हेतु सात सचल दल का गठन किया गया है। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवरथापक को नियुक्त किया जा चुका है। प्रश्नपत्र वितरण हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिससे परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र सुरक्षित पहुँचाया जा सके।

## राशनकार्ड लाभार्थी जल्द करायें ई-केवाईसी : जिला पूर्ति अधिकारी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने जिले के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों को सूचित किया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत आने वाले सभी राशनकार्डधारकों की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत पूर्ण कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यदि किसी लाभार्थी की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होती है, तो भविष्य में उसके खाद्यान्न वितरण में बाधा उत्पन्न हो सकती है। वर्तमान में जनपद प्रतापगढ़ में कुल प्रचलित यूनिटों के सापेक्ष केवल 92.58 प्रतिशत ई-केवाईसी ही पूर्ण हो सकी है, जिसके कारण प्रदेश स्तर पर जनपद का स्थान 27वां है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के सभी राशन कार्डधारकों से अपील की है कि वे अपने राशनकार्ड के मुखिया सहित समस्त यूनिटों की ई-केवाईसी अपने नजदीकी उचित दर दुकान (कोटेदार) पर अवश्य कराएं। जिन यूनिटों की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं है, वे वर्तमान में ई-पॉस मशीन में निलंबित प्रदर्शित हो रही हैं, जिसके कारण उन्हें खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो पा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी पूर्ण होने के पश्चात अगले माह से संबंधित यूनिटों को पुनः खाद्यान्न का लाभ मिलने लगेगा। साथ ही जनपद के सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र के समस्त राशनकार्डधारकों को जागरूक करते हुए शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी पात्र लाभार्थी को खाद्यान्न से वंचित न रहना पड़े।

# पुलिस लाइन में ब्लैकआउट व मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर डीएम शिव सहाय अवस्थी व एसपी दीपक भूकर की उपस्थिति में ब्लैकआउट एवं मॉक ड्रिल आयोजन किया गया। असामाजिक तत्वों द्वारा पुलिस लाइन परिसर में बम के माध्यम से हवाई हमला किया गया जैसे ही जिला प्रशासन को जानकारी मिली तत्काल प्रशासन द्वारा विद्युत आपूर्ति बाधित की गयी और सायरन बजाकर आम नागरिकों सहित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को अलर्ट किया गया तथा तत्काल पुलिस बल, अग्निशमन, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट व चिकित्सा की टीमें पहुँची और बम के माध्यम से लगी हुई आग को अग्निशमन दमकल द्वारा पानी के माध्यम से बुझाया गया और रेसक्यू टीमों द्वारा हमले से घायल हुये लोगों को निकाला गया और उन्हें 108 एम्बुलेन्स के माध्यम से मेडिकल कालेज में चिकित्सीय उपचार हेतु भेजा गया तथा अन्य लोगों को रेस्क्यू टीमों द्वारा सकुशल बचाया गया। माकड्रिल के दौरान मेडिकल कालेज पहुॅचने घायलों के उपचार हेतु रेड जोन, यलो जोन, ग्रीन जोन व ब्लैक जोन बनाये गये, हवाई हमले में घायल व्यक्तियों को तत्काल इमरजेन्सी वार्ड लें जाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा परीक्षण कर घायल व्यक्तियों की स्थिति को देखकर अलग अलग जोन में भेजा गया, जहां पर मौजूद डाक्टरों घायलों का चिकित्सकीय उपचार किया गया। हवाई हमले में मृतक व्यक्तियों को ब्लैक जोन में रखा गया। पुलिस लाइन परिसर में मॉक ड्रिल के दौरान एलपीजी गैस सिलेण्डर में आग



लगने पर उसको बुझाने के विभिन्न तरीकों के बारे में माक ड्रिल कर लोगो को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस महान शूरवीर और क्रांतिकारी थे, जिनसे देशवासियों को सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में सजग, सतर्क और पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर जिन जनपदों में सिविल डिफेन्स की इकाई नहीं थी, वहां इसकी स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में प्रतापगढ़ जनपद में भी सिविल डिफेन्स का गठन कर दिया गया है, जो वर्तमान में सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में संचालित हो रहा है। यह जनपद के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉकड्रिल जैसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए, क्योंकि इससे नागरिकों, समाज और राष्ट्र की आपदा प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपातकालीन परिस्थितियों में शासन और प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का सभी नागरिकों को पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने लोगों को जागरूक करते हुये कहा कि हवाई हमले के समय विद्युत आपूर्ति इसलिये बाधित कर दी जाती है कि हमले के दौरान के लोगों को पता न चल सके कि लोग यहां निवास करते है जिससे बिल्डिंग में आग लगने आदि से बच सकते है। आपातकालीन स्थिति में लोग अपने आपको कैसे सुरक्षित रख सकते इसकी जानकारी भी दी गयी। कार्यक्रम के माध्यम से आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया और नागरिकों को सुरक्षित व जिम्मेदार भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस संपूर्ण मॉकड्रिल कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, नगर पालिका, होमगार्ड, स्वयंसेवक, एनसीसी सहित सभी विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पट्टी/प्रभारी उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अनुराग सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एएन प्रसाद, जिला आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी सहित समाजसेवीगण, सम्भ्रान्त नागरिक, व्यापारी सहित समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. मो. अनीस द्वारा किया गया।

# कप्तान साहब! खाकी को ढाल बना रहे स्पा माफिया

# क्या आप तोड़ेंगे यह अपवित्र गठबंधन?

- विक्की चौहान का बेखौफ दावा– कोई नहीं बिगाड़ पाएगा बाल भी बांका, पुलिस से है हमारी पक्की सेटिंग
- कप्तान साहब! अब आपकी बारी, वर्ना सेटिंग के शोर में दब जाएगी न्याय की आवाज!
- कप्तान साहब! आपके विभाग को अपनी ढाल बता रहा स्पा मैनेजर, क्या सेटिंग के दावे में है दम?

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बस्ती जनपद में मसाज की आड़ में चल रहे देह व्यापार के काले साम्राज्य का जब जन एक्सप्रेस ने पर्दाफाश किया, तो उम्मीद थी कि शहर की फिजा बदलेगी और अपराधियों के मन में कानून का खौफ पैदा होगा। लेकिन, बस्ती पुलिस की वर्तमान कार्यप्रणाली और संदिग्ध खामोशी ने पूरे महकमे की साख को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। द हैवन ग्लो स्पा जैसे केंद्रों पर चल रहे जिस्मफरोशी के इस घिनौने खेल की परतें जैसे-जैसे खुल रही हैं, वैसे-वैसे खाकी और अपराधियों के बीच की कथित सांठगांठ की बू भी तेज होने लगी है। जन एक्सप्रेस की टीम ने जब स्टिंग ऑपरेशन के माध्यम से इस रैकेट के मास्टरमाइंडों को बेनकाब किया, तो यह स्पष्ट हो गया कि यहाँ कानून का डर नहीं, बल्कि रसूख और रुपयों का बोलबाला है। हैरानी की बात यह है कि स्पा मैनेजर सरेआम पुलिस विभाग को अपनी ढाल बता रहा है। वह खुलेआम दावा कर रहा है कि खाकी की सरपरस्ती में यह धंधा फल-फूल रहा है। मामला इतना गंभीर है कि डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने खुद हस्तक्षेप करते हुए कप्तान को कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन जमीन पर पुलिस का एक्शन अब भी शून्य है। क्या कप्तान साहब के आदेशों को उनके मातहत ही ठेंगा दिखा रहे हैं या फिर मैनेजर विक्की चौहान के उन दावों में दम है कि पुलिस उसकी मुट्ठी में है इस पूरे प्रकरण ने बस्ती पुलिस की कार्यशैली पर एक ऐसा सवालिया निशान लगा दिया है, जिसका जवाब अब जनता सड़कों पर मांग रही है। जब सबूतों का अंबार लगा हो, वीडियो में अपराधी खुद अपना गुनाह कुबूल कर रहे हों, तब भी छापेमारी न होना सीधे तौर पर अपराधियों को साक्ष्य मिटाने और फरार होने का गोल्डन चांस देने जैसा है। अब सवाल यह है कि क्या कप्तान साहब अपने विभाग पर लगे इस सेटिंग के दाग को धोएंगे या फिर सिस्टम ऐसे ही गुनहगारों का मददगार बना रहेगा?


लखनऊ, गुरुवार, 22 जनवरी, 2026

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

दा हैवन ग्लो स्पा मे खुले आम जिस्मफरोशी का धंधा!

शहर कोतवाल की संदिग्ध चुप्पी पर सवाल?

जन एक्सप्रेस की सख्त चेतावनी

यदि आपके पास ऐसी किसी भी गतिविधि से जुड़ी ठोस जानकारी, ऑडियो, वीडियो या फोटो हैं, तो जन एक्सप्रेस के मोबाइल नम्बर 9335726715 पर साझा करें। आपका नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।






### विक्की चौहान का कबूलनामा

सिस्टम को जेब में रखता है स्पा मैनेजर विक्की चौहान की ऑडियो रिकॉर्डिंग ने न केवल स्पा के भीतर के नर्क को उजागर किया है, बल्कि पुलिस के दावों की भी पोल खोल दी है। विक्की ने बड़ी बेबाकी से स्वीकार किया कि यहाँ नेपाल से लड़कियां बुलाई जाती हैं। उसका सबसे चौंकाने वाला दावा यह था कि पुलिस से उसे कोई डर नहीं है, क्योंकि सब सेट है। विक्की का यह दुस्साहस बताता है कि उसे ऊपर से नीचे तक किसी बड़े वरदहस्त का संरक्षण प्राप्त है। वह ग्राहकों को भरोसा दिलाता है कि उसके अड्डे पर पुलिस की परछाई भी नहीं पड़ेगी। विक्की का यह कबूलनामा पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। अब देखना यह है कि क्या पुलिस इस सेटिंग के दावे को झूठा साबित कर उसे सलाखों के पीछे भेजती है या उसकी यह दबंगई जारी रहेगी।

### डीआईजी के आदेश की अवहेलना! ट्वीट के बाद भी कार्यवाई शून्य?

डीआईजी संजीव त्यागी ने ट्वीट कर मामले में तत्काल जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। एक बड़े अधिकारी का खुद संज्ञान लेना यह बताता है कि खबर कितनी पुख्ता थी। लेकिन विडंबना देखिए, डीआईजी के उस डिजिटल आदेश की धज्जियां स्थानीय स्तर पर उड़ाई जा रही हैं। 24 घंटे से अधिक का समय बीत गया, लेकिन न तो स्पा सेंटरों पर ताला लटका और न ही विक्की चौहान जैसे चेहरे गिरफ्तार हुए। यह सीधे तौर पर डीआईजी के विशेषाधिकार और आदेश की अवहेलना है। क्या अब पुलिस के निचले अधिकारी अपने ऊपर के साहबों की बातों को भी अनसुना करने लगे हैं?

### पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खाकी की खामोशी के मायने क्या

जनता हैरान है कि जिस मामले में रेंज का सबसे बड़ा अधिकारी यानी डीआईजी खुद निर्देश दे चुका हो, उसमें स्थानीय कोतवाली पुलिस इतनी सुस्त क्यों है? आमतौर पर छोटे-छोटे मामलों में तत्परता दिखाने वाली बस्ती पुलिस ने इतने बड़े सेक्स रैकेट के खुलासे के बाद भी अब तक एक भी छापेमारी क्यों नहीं की? क्या पुलिस को विक्की चौहान और उसके आकाओं के भागने का इंतज़ार है? सूत्रों की मानें तो छापेमारी में देरी जानबूझकर की जा रही है ताकि स्पा सेंटर के भीतर मौजूद सीसीटीवी फुटेज और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य नष्ट किए जा सकें। पुलिस की यह निष्क्रियता न केवल उसकी व्यावसायिकता पर सवाल उठाती है, बल्कि उन गंभीर आरोपों को भी बल देती है जिनमें पुलिस और स्पा संचालकों के बीच महीने की मलाई की बात कही जा रही है।

### कोतवाली आकर बात करो—जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते कोतवाल

जब जन एक्सप्रेस की टीम ने इस गंभीर विषय पर शहर कोतवाल दिनेश चौधरी का पक्ष जानने और कार्रवाई की प्रगति पूछने के लिए उनसे बात करने का प्रयास किया, तो उनका जवाब बेहद चौंकाने वाला और गैर-जिम्मेदाराना रहा। उन्होंने फोन पर जानकारी देने के बजाय सीधे तौर पर कहा, आप कोतवाली जाकर अपनी बात बताइए, मैं फोन पर आपसे क्या बात करूँ? एक संवेदनशील मामले में, जहाँ अपराधियों के भागने की संभावना हो, वहां एक जिम्मेदार अधिकारी का ऐसा टालमटोल वाला रवैया उनकी कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। आखिर कोतवाल साहब फोन पर जवाब देने से क्यों कतरा रहे हैं? क्या उनके पास जन एक्सप्रेस के तीखे सवालों का कोई जवाब नहीं है या वे इस मामले को जानबूझकर तूल नहीं देना चाहते?

### रुकेगी नहीं हमारी कलम, बेनकाब होंगे शहर के स्पा माफिया

बस्ती शहर की मर्यादा को छिन्न-भिन्न करने वाले स्पा सेंटरों की आड़ में छिपे गंदगी के सौदागरों को जन एक्सप्रेस की टीम एक खुली चेतावनी देती है। पुलिस की सुस्ती या अधिकारियों की टालमटोल हमारी आवाज को दबा नहीं सकती। हमारी टीम के पास शहर के विभिन्न कोनों में चल रहे ऐसे अन्य अनैतिक अड्डों और उनके पीछे छिपे स्पा माफियाओं व शहर में गंदगी फैलाने वाले चेहरों की पूरी कुंडली तैयार है। आने वाले दिनों में हम एक-एक कर उन सभी को बेनकाब करेंगे जो मसाज की आड़ में जिस्म का बाजार सजा रहे हैं। हमारी मुहिम तब तक जारी रहेगी जब तक बस्ती की गलियों से इस गंदगी का पूरी तरह सफाया नहीं हो जाता। साक्ष्य हमारे पास हैं और सच हम जनता के सामने लाते रहेंगे।

## मैदान में उतरिए कप्तान साहब! वर्ना जांच की फाइलों में दफन हो जाएगा स्पा का काला सच!

बस्ती जनपद की कमान संभालने के बाद से ही जनता ने आप में एक न्यायप्रिय और सख्त अधिकारी की छवि देखी है। आज उसी जनता का विश्वास एक बार फिर आपकी ओर मुड़ा है। जन एक्सप्रेस के खुलासे और डीआईजी साहब के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, जिस तरह से स्थानीय पुलिस ने सुस्ती ओढ़ रखी है, उससे यह साफ हो गया है कि निचले स्तर के अधिकारी या तो किसी रसूख के दबाव में हैं या फिर उनकी मंशा ही संदिग्ध है।

कप्तान साहब! इस समय आपके नेतृत्व के बिना इन अपराधियों पर नकेल कसना संभव नहीं दिख रहा है।

जब मातहत अधिकारी ही जांच को ढाल बनाकर अपराधियों को मौका देने लगें, तब जिले के मुखिया का दखल अनिवार्य हो जाता है। मैनेजर विक्की चौहान का यह दावा कि सब सेट है, सीधे तौर पर आपके इकबाल को चुनौती है। शहर की मर्यादा बचाने और जिस्मफरोशी के इस नर्क को खत्म करने के लिए बस्ती की जनता अब आपकी ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

हमें पूरा विश्वास है कि आप इस पुलिस-माफिया गठजोड़ को तोड़ेंगे और यह साबित करेंगे कि बस्ती में कानून का राज किसी भी सेटिंग से कहीं ऊपर है। अब वक्त आ गया है कि आप खुद कमान संभालें और इन स्पा माफियाओं के तिलिस्म को ध्वस्त करें। आपके एक इशारे का इंतज़ार पूरी बस्ती कर रही है।

## सायरन बजते ही पुलिस लाइन में मची भगदड़!






**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जिले में युद्ध एवं एयर स्ट्राइक जैसी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए व्यापक स्तर पर ब्लैकआउट और मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

पुलिस लाइन मैदान में जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग की संयुक्त टीम ने अभ्यास के माध्यम से आपात स्थिति में बचाव और राहत कार्यों का प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल की शुरुआत एयर स्ट्राइक अलर्ट सायरन के साथ हुई। इसके बाद प्रतीकात्मक रूप से मिसाइलनुमा बम विस्फोट दिखाया गया।

सायरन बजते ही नागरिकों में सांकेतिक भगदड़ का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जहां एनसीसी कैडेट्स ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

ड्रिल के दौरान गंभीर रूप से 'घायल' लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस एस्कॉर्ट और ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तत्काल अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया।

वहीं सुरक्षित नागरिकों को पहले से चिन्हित बंकरनुमा सुरक्षित स्थलों पर भेजा गया। कुछ समय बाद युद्ध समाप्ति का सांकेतिक सायरन बजाकर लोगों को वापस उनके घरों और कार्यस्थलों पर लौटाया गया।

इस अभ्यास के तहत शाम 6ः00 बजे से 6ः30 बजे तक पूरे जिले में ब्लैकआउट किया गया, जिसमें आम जनता ने भी प्रशासन का पूरा सहयोग किया। मॉक ड्रिल की निगरानी जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र,सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता, सीओ सदर देवेश सिंह एवं सीडीओ द्वारा की गई।

ड्रिल के दौरान एक रोचक क्षण तब देखने को मिला जब जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र स्वयं मैदान में उतरे और एक जवान को प्रतीकात्मक रूप से पटखनी देते नजर आए, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह देखने को मिला।

यह मॉक ड्रिल युद्ध, एयर स्ट्राइक और अन्य आपात स्थितियों में जिले की तत्परता, आपसी समन्वय और जन-जागरूकता को परखने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

## बसंत पंचमी पर विद्यालय में भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

**हर्रैया।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हर्रैया कस्बे सनातन ग्लोबल स्कूल में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन-पूजन से हुआ। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं मातृशक्ति ने सहभागिता कर विद्या की देवी मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं भक्ति भाव से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ सम्मेलन मातृ सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में माता-पिता की भूमिका पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यालय और अभिभावकों के आपसी सहयोग को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

महिला अपराध से जुड़े एक गंभीर मामले में खेतासराय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोप में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के निकट पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष खेतासराय के कुशल नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार थाना खेतासराय पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 13/ 2026, धारा 69/ 115(2)/ 324(4) बीएनएस के अंतर्गत नामित अभियुक्त अभिनाश राजभर पुत्र परवीद राजभर, निवासी पोरईखुर्द, थाना खेतासराय, जनपद जौनपुर को शुक्रवार दिनांक 23 जनवरी 2026 को सुबह लगभग 08ः30 बजे अमरेथुआ मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी पर महिला को विवाह का आश्वासन देकर विश्वास में लेने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस द्वारा आवश्यक पूछताछ एवं विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर अभियुक्त को संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय, कांस्टेबल विनोद कुमार प्रजापति तथा कांस्टेबल सोनू गौड़ शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से भी अपील की गई है कि किसी भी अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आरडीएस ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस में माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना आयोजन





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जलालपुर क्षेत्र में इसी अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम आदरणीय कॉलेज अध्यक्ष संदीप सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बसंत पंचमी के पावन अवसर पर माँ सरस्वती–विद्या की अधिष्ठात्री देवी–की आराधना कर ज्ञान, विवेक एवं संस्कारों का जागरण करना था।

इस आयोजन में संस्था के विभिन्न विभागों से गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रमुख रूप से आरडीएस नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज से अभिषेक मिश्रा, फार्मेसी कॉलेज से योगेश्वर शर्मा (उर्फ जोगी) उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त अरविंद सिंह, राजेश सिंह, उपासना, सुहासिनी प्रकाश मौर्य, कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती से विद्या, बुद्धि एवं सद्मार्ग पर चलने की प्रार्थना की।

## जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में बैठक संपन्न

**बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा, भी रहे उपस्थित**

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विस्तार से अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गयी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण से फीडबैक लेते हुए इस कार्य में आ रही कठिनाईयों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी।

उन्होंने अवगत कराया कि माननीय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 06 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किया गया है तथा 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियाँ प्राप्त की जा रही है।

दावा एवं आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया नोटिस चरण, सुनवाई, सत्यापन 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाएगी तथा 06 मार्च 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 31 जनवरी 2026 (शनिवार) एवं 01 फरवरी 2026 (रविवार) को विशेष अभियान तिथियाँ निर्धारित की गई हैं।

आयोग द्वारा निर्धारित चार अर्हता तिथियों (01 जनवरी 2026 के अतिरिक्त, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर) के अनुसार पात्र होने वाले सभी अर्ह मतदाताओं से निर्धारित प्रपत्रों पर आवेदन प्राप्त कर नियमानुसार उनके नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे युवा मतदाता जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं तथा जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे घोषणा पत्र सहित फार्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं।

आलेख्य प्रकाशित नामावली में सम्मिलित नाम को हटाने हेतु फार्म 7, व विद्यमान मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि में संशोधन करने या मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रति स्थापन,

दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने एवं निवास स्थान परिवर्तन हो जाने के संबन्ध में फार्म-8 घोषणा पत्र के साथ बीएलओ के पास जमा कर सकते है।

उन्होंने समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपेक्षा की कि अधिक से अधिक संख्या में फार्म-6,7 एवं फार्म-8 भरवाने हेतु नियुक्त बीएलए को निर्देशित करने का कष्ट करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में अधिक से अधिक युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने हेतु श्चष्टढ्ढह्लश्चञ्जद्वश्लद्बद्यद्ग ड्डश्चश्च अ ौ र ढ्ढह्लह्लश्च//1श्चह्लद्दह्यद्य.द्गष्ठ.द्द्श1.द्ब ठ्ठ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने के लिए नागरिकों को व्यापक रूप से जागरूक किया जाए।

बैठक में जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत प्रजापति, कांग्रेस से राकेश सिंह डब्बू, सीपीआईएम के एस रघुवंशी, बीएसपी से चन्द्रेज भारती, आम आदमी पार्टी से सुबास, बीजेपी से स्कन्द पटेल, सुदर्शन सिंह, विजय कुमार पटेल, यादवेन्द्र प्रताप सिंह, सपा से हीरालाल विश्वकर्मा, अपना दल से जयप्रकाश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

हर्रैया। कस्बे के मुरादीपुर चौराहे पर शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिला महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दीपान्शु सूर्यवंशी ने कहा कि पर वीरता और साहस के प्रतीक, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का स्मरण करते हैं। उनकी अद्भुत नेतृत्व क्षमता और देश की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। नेता जी की जयंती हमें अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प, राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण, एकता और आत्मनिर्भरता का संदेश देती है, जो हमें तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा जैसे नारों और उनके क्रांतिकारी विचारों से प्रेरित करती है कि देश सेवा के लिए बलिदान और संघर्ष आवश्यक है, और हर भारतीय को देश की स्वतंत्रता व प्रगति के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए, ताकि भारत एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र बन सके, जिससे युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सके। कार्यक्रम के अन्य लोगों ने भी संबोधित किया और नेताजी जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान ओंकार सिंह, अजय कनौजिया, आनंद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




### एसपी जौनपुर ने सुनी जनता की फरियाद, त्वरित निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जनपद में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा गुरुवार को पुलिस कार्यालय परिसर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने एक-एक फरियादी की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दहेज के लिए विवाहिता पर कहर- ससुराल वालों ने घर से निकाला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जनपद के कोतवाली क्षेत्र से दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां शादी के कुछ ही महीनों बाद एक विवाहिता को ससुराल वालों ने मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि कम दहेज मिलने से नाराज़ ससुराल पक्ष ने न केवल मारपीट की, बल्कि उसके आभूषण भी जबरन रख लिए और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता आन्तमा गुप्ता का विवाह 25 नवंबर 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से सिद्धार्थ गुप्ता पुत्र शिव कुमार गुप्ता, निवासी ख्वाजादोस्त (सिपाह चौराहा), कोतवाली जौनपुर के साथ हुआ था। विवाह में पीड़िता के परिजनों द्वारा अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण, पायल, अंगूठियां, चांदी का नारियल, पान-सुपारी, मछली तथा कुल तीन लाख रुपये नकद व ऑनलाइन उपहार स्वरूप दिए गए थे। आरोप है कि विवाह के तुरंत बाद ही सास किरण गुप्ता, ससुर शिव कुमार गुप्ता, देवर हर्ष गुप्ता व पति सिद्धार्थ गुप्ता ने मिलकर दहेज को लेकर उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़िता को घर में बंद कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इस दौरान एक बच्ची का जन्म भी हुआ, लेकिन पीड़िता को अपनी ही संतान से मिलने तक नहीं दिया गया। पीड़िता का कहना है कि 12 सितंबर 2025 को दबाव बनाकर कुछ असामाजिक तत्वों की मौजूदगी में उससे जबरन एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करा लिए गए। इसके बाद ससुराल वालों ने मोटरसाइकिल और तीन लाख रुपये की मांग करते हुए चेतावनी दी कि बिना दहेज लाए घर में कदम न रखे। आरोप है कि इसके बाद पीड़िता को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई और घर से भगा दिया गया। पीड़िता किसी तरह अपने रिश्तेदारों को सूचना देकर मायके पहुंची। इस दौरान उसके सोने-चांदी के निजी आभूषण पायल, लॉकेट, झुमके और मारवाड़ी नथूनी ससुराल वालों ने जबरन रख लिए। पीड़िता के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और वह पूरी तरह असहाय स्थिति में है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 08/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:-

क्रम सं.-1, कार्य का विवरण: इज्जतनगर मंडल में वमंइं/मुख्या. के अधिकार क्षेत्र में एन.एस.जी.-3 से एन.एस.जी.-6 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिये सुविधाओं का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 2,09,08,525.53, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,54,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 16-02-2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-428

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# बंद मकान में घुसा चोर : पुलिस से बोला आना नहीं, गोली मार दूँगा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कल्याणपुर में एक बंद मकान में चोर घुस गया। स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी हुई तो 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही तत्काल कल्याणपुर थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस को देख शातिर बोला अंदर मत आना गोली मार दूँगा। जिसे सुन पुलिस के होश उड़ गये। साहस दिखाते हुए दरोगा अंदर दाखिल हुआ और शातिर को धर दबोचा।



सिपाही रामनरेश सिंह फौजी



भगत दरोगा

### बंद मकान में घुसा पुलिस को दी गोली मारने की धमकी

कल्याणपुर के इंद्रा नगर निवासीअंकुर दीक्षित पेशे से अधिवक्ता है। परिवार में पत्नी श्रद्धा दीक्षित व एक बेटा है। अंकुर ने बताया की उन्होंने एक साल पहले बाल कृष्ण दीक्षित से मकान खरीदा था। खरीदने के बाद वह मकान में डबल ताले डालकर अपने पैतृक घर में ही रहते है। शुक्रवार को उनके बंद मकान में एक शातिर चोर घुस गया। स्थानीय लोगों ने उसे घुसते देखा तो उन्होंने मकान मालिक सहित 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कल्याणपुर थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा और शातिर को ज़ब बाहर आने को कहा तो उसने पुलिस से कहा अंदर मत आना गोली मार दूँगा और खुद को भी मार लूँगा। जिसके बाद पुलिस के हाथ पाँव फूल गये। लेकिन साहस दिखाते हुए कल्याणपुर के पनकी रोड चौकीपर तैनात दरोगा भगत सिंहव सिपाही राम नरेश फौजी बगल के घर से अंदर दाखिल हुए शातिर कुछ कर पाता इससे पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी पुलिस पूछताछ में अपना नाम संदीप निवासी आवास विकास बताया। पुलिस शातिर को थाने ले गई।

### क्या बोले थाना प्रभारी

कल्याणपुर थाना प्रभारी राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि 112 के माध्यम से चोरों के घर के अंदर घुसने की सूचना प्राप्त हुई थी।
पुलिस मौके पर पहुंची और घर के अंदर से दाखिल हुई तो एक चोर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मौके से एक लोहे का एंगल बरामद हुआ है जिसको शातिर ले जाने की फिराक में था। मकान मालिक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## अंबिकापुर नौदुर्गा मन्दिर मे शतचंडी यज्ञ एंव सुबह से कढ़ी चावल पूड़ी सब्जी वितरित किया गया

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नगर शुक्लागंज गंगाघाट के मंदिरो और विद्यालयों मे धूमधाम से मनाया गया बसंतोत्सव ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर सरोज सरस्वती शिशु मंदिर गोपीनाथ पुरम और गंगा प्रसाद महते सरस्वती शिशु मन्दिर गंगानगर मे हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनाया गया प्रवेश उत्सव विद्यारम्भ संस्कार वही दुर्गा मन्दिर राजधानी मार्ग पर माता जी के खजाने का वितरण हुआ खजाने का सिक्का पाने के लिए श्रद्धांलुओं की लम्बी कतार देखी गई वही अंबिकापुर पुरम नौदुर्गा मन्दिर मे शतचंडी यज्ञ एंव सुबह से कढ़ी चावल पूड़ी सब्जी रायता और हलवा चने के प्रसाद का वितरण चलता रहा जहाँ हजारों श्रद्धांलुओं की भीड़ दर्शन और प्रसाद के उमड़ती देखी गई नौदुर्गा मन्दिर मे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गोल्डी गुप्ता, सुनील गुप्ता, दुर्गा मिश्रा,आशुतोष वर्मा,संतोष यादव, मोहित शुक्ला, आदि सेवार्थ मौजूद रहे।

# बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल में शुक्रवार को कमलनयन बजाज की 111वीं जयंती धूम धाम से मनाया गया

**जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी**

बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल में शुक्रवार को कमलनयन बजाज की 111वीं जयंती धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर पलिया चीनी मिल में युनिट हेड ओपी चौहान ने माल्यार्पण किया। गोला में राकेश यादव ने माल्यार्पण किया तथा खंभारखेडा में यूनिट हेड अवधेश गुप्ता ने माल्यार्पण किया। इसके साथ ही उनके पुत्र शिशिर बजाज ने एआई जेनरेटेड वीडियो जारी कर अपने पिता के औद्योगिक व स्वतंत्रता आंदोलन में किये गए उनके योगदान की जानकारी दी।
एआई-निर्मित श्रद्धांजलि वीडियो कमल नयन बजाज के महान व्यक्तित्व के असाधारण जीवन और युग को जीवंत करता है, जिन्होंने बजाज समूह की सच्ची उद्यमशील नींव रखी और भारत की आत्म निर्भरता की यात्रा को आकार दिया।
वीडियो में कमलनयन बजाज की उस यात्रा को दर्शाया गया है जिसमें वे महात्मा गांधी से प्रेरित एक युवा स्वतंत्रता सेनानी से एक दूरदर्शी उद्योगपति और राष्ट्रनिर्माता बने। वे मानते थे कि व्यवसाय केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की सेवा करने का एक देशभक्ति का कर्तव्य है। 23 जनवरी 1915 को जमनालाल बजाज और जानकीदेवी बजाज के घर जन्मे कमलनयन बजाज तीन महान व्यक्तित्वों के नैतिक प्रभाव में पले-बढ़े। मात्र 15 वर्ष की आयु में उन्होंने दांडी मार्च में भाग लिया और स्वदेशी व खादी आंदोलनों के प्रारंभिक समर्थक बने। एआई वीडियो में यह दर्शाया गया है कि कैसे कमलनयन बजाज ने सचेत रूप से ऐसे उद्योगों की स्थापना की, जिन्होंने भारत की आयात पर निर्भरता को कम किया और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया। उत्तर प्रदेश की गोला चीनी मिल की स्थापना इसी का परिणाम था।ऐसा ही सहयोग बजाज इलेक्ट्रिकल्स के लिए वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी फिलिप्स के साथ था।इन अग्रणी साझेदारियों ने कमलनयन बजाज को बजाज समूह का वास्तविक उद्यमी सिद्ध किया, जिन्होंने मूल्य-आधारित विरासत को एक वैश्विक स्तर पर सम्मानित औद्योगिक समूह में रूपांतरित किया। कमलनयन बजाज 15 वर्षों तक महाराष्ट्र के वर्धा से संसद सदस्य रहे और ग्रामीण समुदायों के सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए स्वयं को समर्पित किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक संस्थानों को सुदृढ़ करने में निरंतर योगदान दिया। उन्होंने भारत के राजनीतिक एकीकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन शिशिर बजाज ने कहा की मेरे पिता का मानना था कि जो हम बनाते हैं वह टिकाऊ होना चाहिए, और जो टिकाऊ हो, उसे समाज की सेवा करनी चाहिए। उनके लिए उद्योग, सार्वजनिक सेवा और सामाजिक संस्थान तीनों राष्ट्र निर्माण के अविभाज्य स्तंभ थे। यह श्रद्धांजलि हमारी ओर से आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाने का एक विनम्र प्रयास है कि मूल्य-आधारित उद्यमिता व्यवसाय और समाज दोनों को रूपांतरित कर सकती है। उनकी विरासत शिशिर बजाज और उनके पुत्रों के माध्यम से आगे बढ़ रही है। उनके बड़े पुत्र कुशाग्र बजाज, जो वर्तमान में उनके व्यवसाय पक्ष के चेयरमैन हैं, और छोटे पुत्र अपूर्व बजाज। वे कमलनयन बजाज के उस मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं जिसमें उद्यम को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा गया है। बजाज समूह के औद्योगिक विस्तार से लेकर वर्धा, सीकर और ललितपुर में ग्रामीण विकास पहलों को गहराई देने तक, परिवार सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध बना हुआ है। जब राष्ट्र कमलनयन बजाज को उनकी जयंती पर स्मरण कर रहा है,तब बजाज परिवार की यह संदेश दोहराती है कि सच्ची उद्यमिता केवल विस्तार से नहीं, बल्कि राष्ट्र की सेवा और मूल्यों की संरक्षा से परिभाषित होती है।

# सरस्वती शिशु मंदिर गंगा नगर में बसन्तोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



नगर शुक्लागंज गंगाघाट क्षेत्र के विद्यालय गंगा प्रसाद महते सरस्वती शिशु मन्दिर गंगानगर मे बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां शारदे, ऊं, शस्य श्यामला भारत माता के चित्र समक्ष मुख्य अतिथि प्रबंधक आदरणीय राकेश जी ने दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन कर उत्सव का शुभारंभ किया इसके पश्चात विद्यालय के प्रबंधक राकेश जी के गरिमामयी उपस्थिति मार्गदर्शन में प्रधानाचार्य डॉ.अनुपम सिंह सुरेश सिंह के नेतृत्व में नवीन सत्र-2026-27 का आगाज कर खुशबू साहू, अनुराधा गुप्ता,पारुल पांडे,लक्ष्मी मिश्रा, निशा तिवारी,काजल मिश्रा,श्रद्धा देवी आदि अनेक माताओं द्वारा भव्य राहों को गुंजायमान कर कलश यात्रा निकाली गयी जो नगर में आकर्षण का केंद्र रही। प्रतीक्षारत आतुर आह्लादित नवीन शिशुओं ने अपनी सनातन संस्कृति के पूरे विधि-विधान से हवन-पूजन, आरती के साथ पंडित प्रेमशंकर शुक्ला जी के मुखारविंद के शुद्ध मंत्रोच्चारण में विद्यारम्भ संस्कार के साथ जगमग उज्ज्वल भविष्य निर्माण हो ऐसी कामना के साथ अलका और गुंजन, नेहा की गोद से लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए 201 शिशुओं का विद्यारंभ संस्कार संकल्प कराया गया शुभ दिवस पर मानवी शर्मा, आर्या गुप्ता, वर्तिका बाजपेई, सृष्टि, यश वर्मा, अक्षत राय, शौर्य पांडेय, अग्रिमा गौतम, आशुतोष आदि अनेक भैया बहनों ने अपना प्रवेश करा ब्रह्मचर्य का पालन व्रत रख अग्रिम पंक्ति में रहते हुए सर्वोपरि रहने का मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त कर संकल्पबद्ध हुए तदोपरांत राधा, नेहा और अनिल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वागत गीत,नृत्य,बसंती गीत आदि प्रस्तुत किए गए प्रस्तुतियां सभागार में बैठे गणमान्यों को भाव-विभोर कर दिया। प्रधानाचार्य डॉ साहब ने धर्मवीर हकीकत राय की शहादत को हिंदू धर्म के प्रति गहरी निष्ठा के सारगर्भित कथानक प्रस्तुत कर राय के जीवन को स्मरण कराया।
आचार्य अनुराग चौधरी ने बताया सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे साहसी क्रांतिकारी नेताओं में से एक थे उन्होंने आज़ाद हिंद फ़ौज का गठन कर अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध किया तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा और दिल्ली चलो के नारों से उन्होंने भारतीयों में राष्ट्रवाद की लहर दौड़ाई प्रबंधक राकेश जी बताया कि विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण उत्थान की तरक्की के लिए नए रास्ते खोल सकें इसके लिए चिन्तन एवं प्रयास जारी है कार्यक्रम का संचालन सुरेश सिंह का प्रभावी रहा, रजिस्ट्रेशन वीरेन्द्र सिंह सुरेन्द्र बहादुर ने जानकारी साझा की अंत में अभिभावक श्रीमान मनीष अवस्थी जी ने प्रांगण में उपस्थित सभी का आभार ज्ञापन कर धन्यवाद दिया। इस अवसर श्रीमती मालती, प्रवीण, सुभाषिनीजी, रत्ना जी, आदित्य मिश्र, अर्पिताजी, प्रह्लाद, संजयजी, रवि, दाताराम, जगदीश आदि समस्त विद्यालय कुटुबं उपस्थित रहा।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को श्रद्धा के साथ मनाया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (5680) द्वारा शुक्रवार को भारत माता के वीर सपूत, अद्वितीय साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती अत्यंत गरिमा, श्रद्धा एवं देशभक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धां सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री रिपु निगम जी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने केवल कलम की ताकत ही नहीं सिखाई, बल्कि अपने-अपने अधिकारों के लिए निर्भीक होकर खड़े होने की प्रेरणा भी दी। उनका जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। उप मीडिया प्रभारी दीपिका श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में भावुक एवं प्रेरणादायक शब्दों में कहा– मुझे गर्व है कि मेरा जन्म कायस्थ कुल में हुआ। आज एक महिला होने के नाते कायस्थ महासभा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना मेरे लिए सम्मान और गर्व की बात है। नेताजी जैसे महापुरुषों के आदर्श हमें निडर, आत्मसम्मानी और जागरूक बनाते हैं। उनके इस वक्तव्य को उपस्थित जनसमूह ने विशेष सराहना के साथ सुना। इस अवसर पर अमित श्रीवास्तव ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' कहे जाने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि ÷जिस प्रकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हैं, उसी प्रकार नेताजी राष्ट्र की आत्मा और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। अन्य वक्ताओं ने भी नेताजी के त्याग, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान यह भी सर्वसम्मति से कहा गया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा एवं अन्य राष्ट्रीय महापुरुषों की प्रतिमाओं के संरक्षण, रख-रखाव एवं स्वच्छता की जिम्मेदारी प्रशासन द्वारा गंभीरता से निभाई जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इनसे प्रेरणा ले सकें। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रिपु निगम, उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, उप मीडिया प्रभारी दीपिका श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव, श्रीमती अलका श्रीवास्तव, अजय सक्सेना, पंकज सक्सेना सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी बैनामा कर जमीन बेचने का आरोप

## महिला वकील समेत चार पर केस दर्ज

- जन शिकायत प्रकोष्ठ के आदेश पर शिवराजपुर पुलिस ने शुरू की जांच

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शिवराजपुर थाना क्षेत्र के देवीपुर सराय गांव में एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक मृत व्यक्ति के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की बिक्री किए जाने का आरोप लगा है। जन शिकायत प्रकोष्ठ, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी, कूटरचना और आपराधिक षड्यंत्र के तहत कई नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवीपुर सराय निवासी और वर्तमान में कानपुर नगर में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत सूर्य कुमार मिश्रा पुत्र स्व. कृष्ण स्वरूप उर्फ राम भजन ने पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पिता का वर्ष 2014 में निधन हो चुका है। इसके बावजूद, उनकी पैतृक भूमि गाटा संख्या 161, रकबा 0.1970 हेक्टेयर को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके मृत पिता बनकर 10 मार्च 2025 को उपनिबंधक कार्यालय बिल्हौर में अरविंद कुमार पुत्र सुखवासी निवासी अलौलापुर खंड औरंगपुर के नाम विक्रय कर दिया गया।शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस कथित फर्जी बैनामे में सरदार सिंह और सत्यम गौतम को गवाह बनाया गया, जबकि एक महिला अधिवक्ता रजनी कटियार की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। पीड़ित का कहना है कि पूरे प्रकरण में सुनियोजित ढंग से षड्यंत्र रचकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए गए, जो पूरी तरह अवैधानिक हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त के निर्देश पर एसीपी बिल्हौर द्वारा प्रारंभिक जांच कराई गई। जांच के बाद थाना शिवराजपुर में संबंधित धाराओं के तहत अरविंद कुमार, सरदार सिंह, सत्यम गौतम, अधिवक्ता रजनी कटियार और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।
पुलिस का कहना है कि दस्तावेजों की वैधानिकता, गवाहों की भूमिका और पूरे लेन-देन की गहनता से जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में 25 जनवरी को तिरंगा यात्रा



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (बैसवारा) के तत्वावधान में आगामी 25 जनवरी को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी संगठन की ओर से प्रशासन को पत्र के माध्यम से दी गई है तिरंगा यात्रा प्रातः 9 बजे डॉ. रामविलास शर्मा की प्रतिमा, ऊँचागांव सानी (थाना बीघापुर) से प्रारंभ होगी। यात्रा ग्राम बाजी खेड़ा, शिवपुर, बड़ौरा, जमुका, पड़री होते हुए थाना अचलगंज क्षेत्र से गुजरकर तारागढ़ी पासा खेड़ा, गोकुलपुर, पल्हरी कटवा मार्ग से थाना पुरवा क्षेत्र में प्रवेश करेगी। यात्रा का समापन पुनः ऊँचागांव सानी में किया जाएगा भारतीय किसान यूनियन (बैसवारा) के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला ने तिरंगा यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने हेतु संबंधित थानों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी के कार्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण संगठन की ओर से यह पत्र तहसीलदार मनीषा द्विवेदी को सौंपा गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### आगामी होने वाली 17 18 19 मार्च को गायत्री महायज्ञ को लेकर गोष्ठी संपन्न

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** आगामी होने वाली नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को लेकर आज तकिया पुरवा में गोष्ठी संपन्न हुई। शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से संचालित अखिल विश्व गायत्री परिवार ने तकिया पुरवा मे आज शुक्रवार को गोष्ठी हुई। इसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों ने भागीदारी की। कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी नारायण वर्मा ने कहा कि गायत्री परिवार की स्थापना युग परिवर्तन के लिए हुई है। समाज में अच्छे आचरण को बढ़ावा और गलत विचारों का उन्मूलन, समाज में फैले अनाचार, अत्याचार, पापाचार को समाप्त करना ही इसका उद्देश्य है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए गायत्री परिवार संकल्पित है। इस दौरान कई लोगों ने गायत्री परिवार से जुड़कर नवयुग के निर्माण में कार्य करने का संकल्प किया 7 इस अवसर पर अवधेश कुमार वर्मा ने बताया है की 17 मार्च को कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी और 18 मार्च को गायत्री महायज्ञ व शाम को दीपयज्ञ का कार्यक्रम व 19 मार्च को गायत्री महायज्ञ व टोली विदाई होगी 7 तिकुनिया से आए परशराम महावर रमेश कुमार अग्रवाल ने इस गोष्ठी का समापन नौ पीले कलश गायत्री परिवार की बहनो को देकर किया 7इस गोष्ठी में नत्था लाल वर्मा रामपाल बाबू जी सुरेश कुमार दिनकर राकेश सोनी भगौती प्रसाद वर्मा कमलेश वर्मा खुशीराम भार्गव, अनुज शर्मा राम निवास वर्मा भैरमपुर से आये कमलेश वर्मा खजान पाल प्रयागदत्त वर्मा राधेश्याम वर्मा रजनी वर्मा रेशा वर्मा संगम वर्मा राम बेटी नीलम वर्मा सुरता वर्मा ममता वर्मा क्रांति वर्मा समेत सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्यालय टी.पी.आर.एस. एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट में बसन्त पर्व का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** स्थानीय विद्यालय टी0पी0आर0एस0 एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट में बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर बसन्त पर्व का आयोजन, माँ सरस्वती के चित्र का अनावरण विद्यालय प्रबन्धक आनन्द कुमार गुप्ता एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर माँ सरस्वती के पूजनोपरान्त हवन किया गया। जिसमें नगर के सम्भ्रान्त नागरिक पं0 सदानन्द, प्रदीप श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिवेदी, राजकुमार गुप्ता, डा0 सचिन गुप्ता, सतीश गुप्ता एडवोकेट, दिनेश गुप्ता एवं डा0 रामशंकर शर्मा आदि अतिथियों ने भाग लिया।बसन्तोसव के कार्यक्रम में बच्चों ने अलग–अलग विषयों जैसे पेंटिंग, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, भाषण एवं निबन्ध लेखन आदि कलाओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की और विद्यालय प्रबन्ध तंत्र की ओर से सभी छात्र/छात्राओं को तहरी भोज का आयोजन किया गया एवं मिष्ठान्न वितरण किया गया। विद्यालय प्रबन्धक आनन्द कुमार गुप्ता एडवोकेट ने सभी बच्चों को उन्नति के पथ पर निरन्तर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या ज्योति श्रीवास्तव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए प्रगतिशील रहने के लिए अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक / शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

### हत्या और लूट का वांछित एक लाख का इनामिया बदमाश पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज।** जिला पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की टीम ने एक लाख रुपये के इनामी बदमाश जसवंत उर्फ पंकज चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। यह बदमाश चार महीने से फरार था और एक महिला की हत्या तथा लूटपाट के मामले में वांछित था। यह घटना 22 सितंबर 2025 को सदर कोतवाली क्षेत्र के कुतुलूपुर मोहल्ले में हुई थी।

# देवकली में मां सरस्वती की आराधना कर श्रद्धा से मनाई वसंत पंचमी

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**



**लखीमपुर खीरी।** देवकली तीर्थ स्थल की पावन धरा पर श्रीमती चंद्रकला आश्रम संस्कृत विद्यापीठ के लिए अत्यंत गौरवशाली दिन रहा। माँ शारदे का पूजन अर्चन कर विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव तत्पश्चात पूज्य महंत प्रमोद महाराज का तृतीय पट्टाभिषेक अत्यंत भव्यता के साथ संपन्न हुआ।वहीं दूसरी ओर गुरुकुल के बटुक ब्रह्मचारियों द्वारा अपने माता-पिता का पूजन करना भारतीय संस्कृति की सर्वोच्च मर्यादा को जीवंत कर दिया।वेदमंत्रों की मंगल ध्वनि और संतों के सान्निध्य में संपन्न हुआ यह दृश्य साक्षात् देवलोक की अनुभूति करा रहा था।हम उन समस्त धर्मानुरागी महानुभावों, संत-महात्माओं और अतिथियों का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से महाराज श्री को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और बटुक ब्रह्मचारियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।एवं गुरुकुल के आचार्य सुधीर मिश्र आचार्य सत्यम मिश्र आचार्य प्रमोद अवस्थी आचार्य अनिल शुक्ल जी के द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे, अतुल गुप्ता, श्रीमती रत्ना गुप्ता ज्ञानस्वरूप शुक्ला ज्ञानू महाराज प्रवीणदासजी महाराज कबीरधाम राजकिशोर दीक्षित, रामगोपाल जी पूर्व प्राचार्य, त्रिभुवन लाल दीक्षित, ब्रजेशमिश्र, मुरारीलाल दीक्षित, डॉ विमलवर्मा शिवसागर लाल, खुशीराम गुप्ता, रामजीवन वर्मा,लवकुश वर्मा, रामप्रकाश गुप्ता, कथा व्यास पंडित अखिलेश शास्त्री, डाक्टर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, पंकज वर्मा, डाक्टर सौरभ सिंह, डाक्टर सौरभ वर्मा, सत्यप्रकाश तिवारी, अवनीश शुक्ला, सुशील कुमार शुक्ला, मलखान सिंह, तोताराम थाना प्रभारी फरधान, आदि श्रद्धावान भक्तगणों की उपस्थिति ने इस आध्यात्मिक संगम को सफल और सार्थक बनाया है। आशा है कि महंत प्रमोद जी महाराज श्री के कुशल नेतृत्व में यह विद्यापीठ सनातन धर्म और ऋषि-परंपरा का प्रकाश इसी प्रकार फैलाता रहेगा पुनःसभी श्रद्धावान भक्तगणों का कोटि-कोटि आभार व्यक्त करता हूं।

### पैटून पुल बनने से गांव तथा क्षेत्र का होगा चौमुखी विकास, डीएम

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** तिकुनिया भारत नेपाल सीमा पर स्थित चौगुर्जी गांव में अब चौमुखी विकास होगा मुहाना नदी पर स्थित कौडियला घाट से चौगुरजी गांव 4 किलोमीटर की दूरी जो नावद्वारा तय करने में समय लगता था अब गांव के लोगों को कम समय में ही गांव पहुंच जाना होगा तिकुनिया बाजार ब्लॉक तहसील जिला आने जाने के लिए अब काफी सहूलियत गांव के लोगों को मिलेगी इस प्रकार से गांव का चौमुखी विकास होगा चौगुरजी गांव में बीते 6 महीने के अंदर विकास कार्य करके खुशहाली लाने की कोशिश की गई है इस दौरान क्षेत्रीय विधायक शशांक शेखर वर्मा सहित तमाम अधिकारी भी मौजूद रहे। गुरुवार को कौड़ियाला घाट पर पैटून पुल के उद्घाटन को नजदीक से देखने के लिए आसपास गांव के लोग सुबह से ही इकट्ठा होने लगे थे पुल को गुब्बारों से खूब सजाया गया था लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल से गांव तक जाने वाले रास्ते पर पानी और चूना डालकर सरल बनाया गया था डीएम करीब ढाई बजे कौड़ियाला घाट पुल पर पहुंची पंडित हेमंत शर्मा ने वैदिक मत्रों के साथ पूजा अर्चना कराई इसके बाद डीएम ने नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया इसके बाद यहां से सीधे गांव चौगुरुजी कंपोजिट विद्यालय पहुंची जहां कक्षा 7 के बच्चों के कक्ष में दाखिल होकर स्मार्ट क्लास की पढ़ाई देखी इसके बाद विद्यालय में लगे सोलर पैनल का उद्घाटन किया बच्चों से पूछा बिजली मिल रही है बच्चों ने कहा हां, मुहाना नदी पर पुल बन गया जानते हो,बच्चों ने कहा हां,इसके बाद बच्चों को चॉकलेट,पेंसिल किट,और बिस्किट, वितरित किए इस दौरान क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा मौजूद रहे इसके बाद विद्यालय के प्रांगण में लगे स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर तथा जल संसाधन की लगी प्रदर्शनी को देखा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा 6 महीने में गांव के लोगों को पैंटून पुल की सुविधा प्राप्त हो गयी।

# गायत्री शक्ति पीठ शुक्लागंज मे मनाया गया बसंतोत्सव

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



नगर शुक्लागंज गंगाघाट क्षेत्र के अंतर्गत बालूघाट सीताराम कॉलोनी मोहल्ले मे बसंत पंचमी के पावन पर्व पर परम पूज्य गुरुदेव पं श्री राम शर्मा आचार्य एवं वन्दनीय माता भगवती देवी शर्मा की सूक्ष्म उपस्थित में आज गायत्री शक्तिपीठ बालू घाट शुक्ला गंज में बसंत पंचमी पर्व पूजन 23 जनवरी 2026 शुक्रवार को आयोजित किया गया इस अवसर पर अखंड ज्योति जो 18 ज?नवरी 1926 को बसंत पंचमी पर्व पर पूज्य गुरुदेव ने प्रज्वलित किया गया था एवं वन्दनीय माता जी की भी जन्म 18 जनवरी 1926 बसन्त पंचमी में हुआ था तथा आज ही के दिन बसंत पंचमी पर्व पर गुरु देव का आध्यात्मिक जन्म पर गायत्री परिवार सभी की जन्म शताब्दी बड़े ही उत्साह से मना रहा है इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ बालू घाट में नौ कुन्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न किया गया यज्ञ के उपरांत भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया तथा इस अवसर पर 95 यज्ञोपवीत संस्कार, 50 विद्यारम्भ संस्कार, 28 नामकरण संस्कार, 48 दीक्षा संस्कार, 8 मुंडन संस्कार, 10 पुंसवन संस्कार के साथ साथ अन्य संस्कार भी सम्पन्न कराये गये प्रातः काल से ही पीले वस्त्रों में भक्तों का आना शुरू हो गया शक्तिपीठ का पूरा प्रांगण भरा भरा हुआ था
ऐसा लगता था कि पूरा नगर शताब्दी वर्ष मनाने के लिए मन्दिर प्रांगण मे आ गया हो भीड़ उमड़ पड़ी इस अवसर पर लगभग 2000 भक्तो ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया
कार्यक्रम में मुख्य रूप से दया साहू, रीना गुप्ता, शशी गुप्ता, शीला सिंह, ऊषा सिंह, मनीषा, मीरा, शालिनी, स्वाति कुंड, सुनील राठौड़, मन मोहन श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह, विद्यावती गुप्ता व समस्त महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल, युवा मंडल के अतिरिक्त वरिष्ठ गायत्री परिजन उपस्थित रहे एवं सभी का विशेष सहयोग रहा आर सी गुप्ता (व्यवस्थापक) गायत्री शक्तिपीठ बालूघाट शुक्लागंज की सुन्दर व्यवस्था मे समस्त कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

# अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सैनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन के पदाधिकारी ने सुभाष चंद्र बोस की धूल धूषित प्रतिमा को किया साफ

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस जिसको कि पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इस पावन अवसर पर बीते दिन मरियमपुर अस्पताल के सामने लगी उनकी प्रतिमा पर अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सैनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा श्री सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा जो धूलधूसरित थी
की स्वयं साफ सफाई करके माल्यापर्ण किया गया एवं उनको याद किया गया।
नगर निगम को तीन दिन पूर्व पार्षद जी द्वारा सूचित किया गया था परन्तु नगर निगम द्वारा मूर्ति एवं आसपास का कोई साफ सफाई कार्य नहीं कराया गया था तब स्वयं पदाधिकारियों द्वारा मूर्ति एवं आसपास की सफाई की गयी। जब पुनः पार्षद महोदय ने नगर निगम के लोगों से कहा गया तब कार्यकम हो जाने के बाद सफाईकर्मी आये। इस अवसर पर हरीराम गुप्ता राष्ट्रीय समन्वयक सत्येन्द्र सिन्हा नगर अध्यक्ष, मृगांक शेखर आनन्द महामंत्री, हरेन्द्र सिंह भदौरिया, सी0बी0 सिंह गौर एडवोकेट/ प्रवक्ता, विष्णु गुप्ता, आनन्द गुप्ता, अरविन्द शुक्ला, राम कुमार स्वतंत्र, जोगेन्दर सिंह बाजवा, राम दुलारे गुप्ता, सुशील गुप्ता, दिलीप सिंह बागी अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पहाड़ों ने ओढ़ी सफेद चादर

## जम्मू-कश्मीर, हिमाचल से उत्तराखंड तक बर्फ, झूमे पर्यटक

### शिमला सहित कई स्थलों पर हुई सीजन की पहली बर्फबारी



करीब तीन महीने से सूखे जैसे हालात झेल रहे हिमाचल प्रदेश में आखिरकार आसमान से राहत बरसी है। राज्य में रात से बारिश-बर्फबारी हो रही है। प्रदेश की राजधानी शिमला सहित, मनाली, नारकंडा, कुफरी, चायल, डलहौजी, कल्पा के साथ रिहायशी इलाकों में यह इस सीजन की पहली बर्फबारी है। शिमला, चंबा, कुल्लू व लाहौल-स्पीति व किन्नौर के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। इसके साथ ही रात से ही तेज हवाएं चल रही हैं। शिमला में बर्फीले तूफान ने लोगों की मुश्किलें बढ़ाई हैं। ताजा बारिश-बर्फबारी से प्रदेश के किसान-बागवानों सहित पर्यटन कारोबारियों व सैलानियों के चेहरे खिल गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से आज कई इलाकों में भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कई इलाकों के लिए येलो अलर्ट है। बर्फबारी से कई इलाकों में सड़कें, बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं।

### शिमला में सीजन की पहली बर्फबारी, शहर में यातायात ठप

पहाड़ी की रानी शिमला सहित जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई है, जबकि अन्य क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई है। शिमला समेत कई स्थानों पर बर्फीला तूफान भी चल रहा है। महीनों के सूखे के बाद हुई इस बर्फबारी से किसानों और बागवानों को बड़ी राहत मिली है। इस दौरान रिज व मालरोड पर सैलानियों ने जमकर मस्ती की।

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू/शिमला/देहरादून**

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। उत्तराखंड मसूरी, धनोल्टी, चकराता, औली, गंगोत्री टिहरी और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी हुई। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सहित, मनाली, नारकंडा, कुफरी, चायल, डलहौजी, कल्पा के साथ रिहायशी इलाकों में बर्फ गिरी, यह यहां इस सीजन की पहली बर्फबारी है। उधर, जम्मू-कश्मीर के रामबन, डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, राजोरी, रियासी, उधमपुर और कदुआ जिलों के ऊपरी इलाकों में अब भी बर्फ गिर रही है।





### जम्मू के ऊंचे इलाकों में हुई भारी बर्फबारी

जम्मू क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में शुक्रवार को भारी बर्फबारी हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई प्रमुख सड़कें बंद कर दी गईं, वहीं पहाड़ी जिलों में एहतियातन स्कूलों को भी बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में भी इस मौसम की पहली बर्फबारी दर्ज की गई, जिसके चलते यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया। वहीं जम्मू शहर समेत मैदानी इलाकों में हुई मध्यम बारिश ने पिछले दो महीनों से जारी लंबे सूखे से लोगों को राहत दी है।

### रामबन-डोडा से लेकर पुंछ तक बर्फबारी

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार गुरुवार देर शाम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हुई, जबकि रातभर मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रही। अधिकारियों के मुताबिक रामबन, डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, राजोरी, रियासी, उधमपुर और कदुआ जिलों के ऊपरी इलाकों में अब भी बर्फ गिर रही है, जहा पांच इंच से लेकर एक फुट से अधिक तक बर्फ जम चुकी है।

### उत्तराखंड: ट्रेंडिंग में आज पहाड़ों की रानी मसूरी, बर्फ की पहली चादर के साथ लौटा जादू

उत्तराखंड के पहाड़ों में मौसम ने शुक्रवार सुबह अचानक करवट ले ली। सुबह के शुरुआती घंटों में मसूरी समेत कई ऊंचाई वाले इलाकों में सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिली। हल्की बारिश के बाद जैसे ही तापमान गिरा, मसूरी की पहाड़ियां, सड़कें और देवदार के पेड़ बर्फ की सफेद चादर में लिपट गए। इसी के साथ आज मसूरी सोशल मीडिया पर ट्रेंड करता दिखा। वहीं देहरादून और अन्य निचले इलाकों में दिन भर झमाझम बारिश पड़ती रही।

### माता के दरबार में बर्फबारी

जम्मू कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी का सिलसिला जारी है। जम्मू क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। कटरा में माता वैष्णो देवी के दरबार में बर्फबारी हो रही है।

### मसूरी से लेकर ऊंचे इलाकों तक बर्फ की सौगात

मसूरी, धनोल्टी, चकराता, औली, गंगोत्री टिहरी और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी होती रही। मसूरी के कंपनी गार्डन, कैम्पटी फॉल रोड और मॉल रोड के आसपास बर्फ की परत जमने से नजारा पूरी तरह बदल गया। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी इस मौसम का भरपूर आनंद लेते नजर आए।

# मध्य प्रदेश के उज्जैन में हिंसा के बाद तनाव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। उज्जैन**



उज्जैन के तराना में हुआ सांप्रदायिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात तनावपूर्ण हालात के बाद शुक्रवार दोपहर एक बार फिर स्थिति बिगड़ गई। बस स्टैंड इलाके में पथराव हो गया और एक बस आग के हवाले कर दी गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने उपद्रवियों पर बीएनएस की धारा 163 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### बस स्टैंड क्षेत्र मे मचा बवाल बस में आग लगाई

शुक्रवार दोपहर को जब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यह समझ रहे थे कि पूरा मामला शांत हो गया है तभी तकिया मोहल्ला क्षेत्र बस स्टैंड में 50 से 60 लोगों की भीड़ पहुंची और पथराव शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भीड़ में शामिल लोग धर्म विशेष के थे। पथराव के बाद दूसरे पक्ष के लोग भी सड़क पर उतर आए। दोनों समुदाय के लोगों के आमने-सामने आने के बाद पुलिस ने उन्हें रोका लेकिन इसी बीच किसी व्यक्ति ने यहां खड़ी एक बस में आग लगा दी। इसके बाद इलाके के हालात बिगड़ गए।

### अब आगे क्या मांग?

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव भी किया। विरोध प्रदर्शन करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि एक फरार आरोपी को पुलिस जल्द से जल्द पकड़े। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। फिलहाल पूरे इलाके में पुलिस ने बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी है। पुलिस ने सप्पन मिर्जा (मदारबड़ा), ईशान मिर्जा, शादाब उर्फ इडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और नावेद के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया है। इनमें से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता चाहते हैं कि जो एक आरोपी अभी फरार है उसे जल्द से जल्द पकड़ा जाए। साथ ही जिन पांच आरोपियों को अब तक पकड़ा जा चुका है उनके मकान तोड़े जाएं और उनका सामूहिक जुलूस भी निकाला जाए। प्रशासन और पुलिस अधिकारी हिंदूवादी संगठनों को समझाने में लगे हुए हैं, लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। कार्यकर्ता थाने के सामने धरने पर बैठ गए थे और हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। आरोप है कि नमाज खत्म होने के बाद कुछ लोग यहां पहुंचे तो विवाद गहरा गया।

### अचानक हुआ पथराव

तराना के बस स्टैंड इलाके में रहने वालों का कहना है कि पथराव करने वाली भीड़ अचानक इलाके में आई और पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। भीड़ में 25 से 30 लोग थे।

# दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम: कई इलाकों में झमाझम हुई बारिश, पारा गिरा, धुला प्रदूषण, खराब श्रेणी में पहुंची हवा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। शुक्रवार की सुबह राजधानी और नोएडा समेत आसपास के इलाकों में बारिश हुई। वहीं, गरज के साथ तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने पहले से ही गरज के साथ बौछारें पड़ने की भी चेतावनी जारी की थी। इन मौसमी बदलावों के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। यह मौसमी बदलाव अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है।

### बदला मौसम का मिजाज

जनवरी का महीना आमतौर पर कड़ाके की ठंड के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार दिन का तापमान काफी ऊपर चढ़ रह था। लेकिन शुक्रवार को मौसम ने करवट ली है। आज एक मजबूत और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत पर असर डाल रहा है। ऐसे में दिल्ली में भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई थी, जिसका असर भी सुबह से ही दिखने को मिल राह है। बारिश के साथ गरज-चमक और 40-50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा भी चलने के आसार जताए गए थे। बारिश के बाद दिन का तापमान गिरकर 19-21 डिग्री तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान भी 6-8 डिग्री के आसपास आ जाएगा। इसके बाद ठंड एक बार फिर लौटेगी और सुबह-रात में ठिठुरन बढ़ेगी।

### जनवरी में मई जैसा अहसास, आखिर क्यों?

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दिनों में तापमान सामान्य से करीब 7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया है। हालात ऐसे हैं कि सुबह और रात का तापमान जहां 8-9 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, वहीं दिन का पारा चढ़कर 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

### अचानक कैसे आ गए गर्मी वाले दिन?

इस असामान्य गर्माहट की मुख्य वजह एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ है, जो हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हुआ, लेकिन मैदानी इलाकों में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सका। आमतौर पर ऐसे विक्षोभ बादल, कोहरा और बारिश लाते हैं, लेकिन इस बार बादल कम छाए और आसमान ज्यादातर साफ रहा।

### खराब श्रेणी में पहुंची हवा

राजधानी में हुए बारिश और तेज हवाओं ने जहरीली फिजा से फौरी राहत दिलाई है। ऐसे में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 282 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें गुरुवार की तुलना में 40 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 278 दर्ज किया गया, यह हवा की खराब श्रेणी है। वहीं, नोएडा में 270, ग्रेटर नोएडा में 249 और गुरुग्राम में 227 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# '45 करोड़+ नौकरियां और लाखों व्यवसाय खतरे में, मोदी जवाबदेह'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो क्लिप साझा की है। राहुल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का जिक्र करते हुए भारत पर हो रहे कथित दुष्प्रभावों को रेखांकित किया है। राहुल ने कहा है कि टैरिफ के कारण देश में करोड़ों नौकरियों के अलावा लाखों व्यवसायी भी खतरे में हैं। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि लोगों को राहत दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने प्रभावी फैसले नहीं लिए। अपने एक्स पोस्ट में राहुल ने हैशटैग- #TINA का भी इस्तेमाल किया है। राहुल की इस टिप्पणी को तमिलनाडु में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। राहुल ने कहा, अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी टैरिफ की मार का उल्लेख करते हुए लिखा, अमेरिका ने जो 50% टैरिफ लगाया है इससे अनिश्चितता के माहौल में भारत के कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। कारखाने बंद हो रहे हैं, नौकरियां छिन रही हैं। ऑर्डरों में कमी हमारी 'बेहाल अर्थव्यवस्था' की हकीकत बन चुकी है। उन्होंने ऐसे हालात के लिए पीएम मोदी को जवाबदेह बताया।

### 45 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों व्यवसाय खतरे में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राहत के लिए प्रभावी कदम न उठाने के आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी ने न तो कोई राहत दी और न ही टैरिफ के बारे में आज तक कोई बयान दिया है। उन्होंने लिखा, '45 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों व्यवसाय खतरे में हैं। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं; कृपया इस मामले पर ध्यान दें!'

### मोदी की नीतियों को लेकर लगातार हमलावर रही है कांग्रेस

गौरतलब है कि राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस पार्टी के कई नेता पीएम मोदी की आर्थिक नीतियों को लेकर आलोचनात्मक टिप्पणियां करते रहे हैं। इससे पहले जब राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, उस समय उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन जैसी हस्तियों के साथ भी देश और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की थी। इस चर्चा के दौरान भी सरकार के फैसलों को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया गया था।

# हजारों गिरफ्तार और 5000 से भी ज्यादा मौतें

## ईरान में नहीं रुक रहे प्रदर्शन, ट्रंप बोले, मदद आ रही



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेहरान**

ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर की गई सख्त कार्रवाई में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 5,002 हो गई है। हालात ऐसे हैं कि देश में बीते कई दशकों का सबसे बड़ा दमन देखा जा रहा है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी नौसेना का बड़ा बेड़ा ईरान के नजदीक पहुंच रहा है। इस बयान के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और गहरा गया है। ईरान में 28 दिसंबर से शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद हालात लगातार बिगड़ते गए। इंटरनेट बंद होने और अंतरराष्ट्रीय कॉल रोकने से सही जानकारी सामने लाना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बताया कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए हैं। ट्रंप ने इन हालात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिकी नौसेना का 'आर्माडा' यानी जहाजों का बड़ा समूह क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है।

### हजारों की मौत

मानवाधिकार संगठनों के अनुसार मरने वालों में 4,716 प्रदर्शनकारी शामिल हैं। इसके अलावा 203 सरकारी पक्ष से जुड़े लोग, 43 बच्चे और 40 ऐसे नागरिक भी मारे गए जो प्रदर्शनों में शामिल नहीं थे। वहीं 26,800 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह आंकड़ा ईरान में पिछले कई दशकों के किसी भी आंदोलन से कहीं ज्यादा है और 1979 की इस्लामिक क्रांति के दौर की याद दिलाता है।

### ट्रंप का दावा और बढ़ता सैन्य तनाव

ट्रंप ने दावा किया था कि उनके हस्तक्षेप से 800 लोगों की फांसी रुक गई, लेकिन ईरान के शीर्ष अभियोजक ने इस दावे को पूरी तरह झूठा बताया है। अभियोजक ने साफ कहा कि न ऐसी कोई सूची है और न ही सामूहिक फांसी का कोई आदेश। इसी बीच अमेरिका ने अपने युद्धपोत और विमानवाहक पोत क्षेत्र में भेजे हैं। ट्रंप का कहना है कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है, लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि हालात कभी भी और गंभीर हो सकते हैं।

### सरकार और कार्यकर्ताओं के आंकड़ों में फर्क

- ईरानी सरकार ने पहली बार आधिकारिक रूप से मौतों का आंकड़ा जारी किया है।
- सरकार के अनुसार कुल 3,117 लोगों की मौत हुई है।
- इनमें 2,427 लोग नागरिक और सुरक्षाकर्मी बताए गए हैं।
- बाकी मृतकों को सरकार ने 'आतंकी' करार दिया है।
- मानवाधिकार कार्यकर्ता सरकार के आंकड़ों पर सवाल उठा रहे हैं।
- पहले भी ईरान पर मौतों की संख्या कम दिखाने के आरोप लगते रहे हैं।
- ईरान का राज्य टीवी प्रदर्शनकारियों को बार-बार उपद्रवी बता रहा है।
- राज्य मीडिया अमेरिका और इस्राइल पर प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगा रहा है।

# एसआईआर के डर के कारण रोजाना आत्महत्या कर रहे तीन से चार लोग: ममता बनर्जी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर केंद्र और चुनाव आयोग (ईसीआई) पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बढ़ी चिंता के कारण हर दिन तीन से चार लोग आत्महत्या कर रहे हैं।

### कार्यक्रम में सीएम ममता बनर्जी ने क्या कहा?

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर रेड रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इन मौतों की जिम्मेदारी चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को लेनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अब तक 110 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि एआईआर के डर के कारण हर दिन तीन से चार लोग आत्महत्या कर रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर की प्रक्रिया जारी

राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर बंगाल के खिलाफ साजिश रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर, सुभाष चंद्र बोस और भीमराव आंबेडकर जैसे देश की विभूतियों का अपमान किया जा रहा है।

# 'कार्योत्तर पर्यावरणीय मंजूरी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कार्योत्तर पर्यावरणीय मंजूरी (एक्स पोस्ट फैक्टो) को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि ये कार्योत्तर पर्यावरण मंजूरी कानून की नजर में गलत हैं और ये शासन का मजाक उड़ाने जैसा है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'अरावली को फिर से परिभाषित करने के पहले के फैसले पर 29 दिसंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट की समीक्षा से उत्साहित होकर, मैंने सुप्रीम कोर्ट में कार्योत्तर पर्यावरण मंजूरी को चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की है।' पूर्व पर्यावरण मंत्री ने कहा, 'काम होने के बाद दी गई पर्यावरण मंजूरी कानून की नजर में गलत है, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, और शासन का मजाक उड़ाती है। ये उन लोगों को आसानी से बचने का रास्ता देती हैं जो असल में जानबूझकर पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करते हैं।' उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने के लिए कानून की जानकारी न होना कोई बहाना नहीं हो सकता। पिछले महीने, कांग्रेस महासचिव ने सुप्रीम कोर्ट से तीन जरूरी पर्यावरणीय मामलों पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया था। रमेश ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र किया जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने अरावली को फिर से परिभाषित करने वाले अपने 20 नवंबर के फैसले को वापस ले लिया था और कहा कि यह बहुत जरूरी और स्वागत योग्य था। जयराम रमेश ने कहा कि 18 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने 16 मई के अपने पहले के फैसले की समीक्षा का दरवाजा भी खोल दिया था, जिसमें काम होने के बाद (कार्योत्तर) पर्यावरण मंजूरी पर रोक लगाई गई थी।

### गोवा नाइटक्लब अग्निकांड में ईडी की बड़ी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गोवा।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को गोवा, दिल्ली और हरियाणा में छापेमारी की। यह कार्रवाई गोवा के एक नाइटक्लब के मालिकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करने के बाद की गई है। इस क्लब में पिछले साल दिसंबर में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी। ईडी ने करीब आठ से नौ ठिकानों पर तलाशी ली है। इनमें भाई सौरभ और गौरव लूथरा और सह-मालिक अजय गुप्ता के दिल्ली के किंग्सवे कैंप स्थित दफ्तरों और रिहाइशी जगहों के साथ-साथ गुरुग्राम (हरियाणा) के तत्वम विला भी शामिल हैं। इसके अलावा गोवा में सरपंच रोशन रेडकर और पंचायत सचिव रघुवीर बागकर के ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। ईडी अधिकारियों के अनुसार, रेडकर और बागकर पर क्लब के लिए अवैध व्यापार लाइसेंस और एनओसी जारी करने में मदद करने का आरोप है।

# विधानसभा से मनरेगा जारी रखने का प्रस्ताव पारित, स्टालिन का आरोप, वीबी-जी राम जी लोगों को कमजोर करेगी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तमिलनाडु विधानसभा ने शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित किया है। इसमें केंद्र से राज्य की ग्रामीण आबादी की आजीविका की रक्षा के लिए मनरेगा को जारी रखने का आग्रह किया। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पेश किया था। केंद्र सरकार ने नया ग्रामीण रोजगार योजना 'विक्षित भारत- रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी' (वीबी-जी राम जी) शुरु किया। इसका जिक्र करते हुए स्टालिन ने कहा, 'प्रस्तावित नई योजना मनरेगा की जगह लेगी। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह पूरे भारत में ग्रामीण लोगों की आजीविका, राज्यों की वित्तीय संरचना, स्थानीय निकायों की आत्मनिर्भरता और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों को कमजोर करती है।'

### केंद्र सरकार की कई परियोजनाओं में तमिलनाडु में पहले स्थान पर है: स्टालिन

स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में चाहे वह बुनियादी ढांचा परियोजना हो या लोगों की आजीविका को बेहतर बनाने की योजना, सभी पहलों को बिना किसी भेदभाव के कुशलतापूर्वक लागू किया गया। 'केंद्र सरकार की कई परियोजनाओं में तमिलनाडु भारत में पहले स्थान पर है। विभिन्न मंत्रालयों से लगातार सराहना प्राप्त कर रहा है।' स्टालिन ने आरोप लगाया कि केंद्र किसी परियोजना की प्रगति के आधार पर धनराशि जारी नहीं कर रहा है। केंद्र सरकार जानबूझकर धनराशि की तत्काल रिलीज से बचती है, जो तमिलनाडु के विकास के प्रति 'सौतेला' रवैया दर्शाती है।

### सरकार ने जनता की आवाज को अनसुना: स्टालिन

डीएमके सांसदों द्वारा वीबी-जी राम जी योजना के शुरुआती चरण में ही इसका कड़ा विरोध करने की बात याद दिलाते हुए स्टालिन ने कहा, 'सभी विपक्षी दलों ने एकजुट होकर आवाज उठाई थी। हालांकि, केंद्र सरकार ने जनता की आवाज को अनसुना करते हुए इसे पारित कर दिया है। यह नई योजना जनता की जरूरतों पर आधारित नहीं है। मैंने इस संबंध में 18 दिसंबर, 2025 को प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था।' मुख्यमंत्री ने कहा कि नई योजना वीबी-जी राम जी के तहत रोजगार 'काम के अधिकार' के रूप में प्रदान नहीं किया जाता है, बल्कि यह केंद्र द्वारा निर्धारित किए जाने वाले अस्थायी आवंटन पर आधारित होता है। स्टालिन ने यह भी कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाकर उसकी जगह वीबी-जी-राम जी का नाम विभिन्न गुप्त उद्देश्यों के साथ रखा गया है। उन्होंने आग्रह किया, 'यह सदन इस बात पर जोर देता है कि महात्मा गांधी के नाम से यह योजना जारी रहनी चाहिए ताकि उनके द्वारा इस राष्ट्र के लिए निर्धारित सिद्धांतों और मार्ग को हमेशा के लिए याद किया जा सके।'

### तमिलनाडु के साथ भेदभाव क्यों- स्टालिन

स्टालिन ने पूछा- मनरेगा के तहत, मजदूरी के लिए 1,026 करोड़ रुपये और सामग्री घटक के लिए 1,087 करोड़ रुपये आज तक जारी नहीं किए गए हैं। 'धन में देरी से कौन प्रभावित हो रहा है? तमिलनाडु के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले आम लोग और किसान प्रभावित हो रहे हैं। हमारे राज्य के साथ यह भेदभाव क्यों?'